डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार ऑन निर्माण

Join Telegram Channel
Search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 01.03.2021 से 07.03.2021

गरीबों को सुस्वाद और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर प्राप्त करें अनमोल दुआएं : मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गरीबों को सुस्वाद और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करवाकर अनमोल दुआएं प्राप्त करें। नगरीय निकाय और जो स्वैच्छिक संस्थाएं यह कार्य कर रही हैं, निश्चित ही बधाई की पात्र हैं। भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाने से नारायण मिल जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मिंटो हाल में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत प्रदेश में सुदृढ़ीकृत और नवीन 100 रसोई केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत 100 रसोई केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ करते हुये।

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत वर्ष 2017 से 51 जिला मुख्यालयों में 56 रसोई केन्द्र प्रारंभ हुए थे। उस समय 5 रुपये में भोजन की थाली उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में नगरीय निकायों और स्वैच्छिक संस्थाओं ने वर्ष के 310 दिन योजना का संचालन करने की व्यवस्था की है। इसमें सोमवार से शनिवार तक दस रुपये में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोटी, सब्जी, दाल और चावल का प्रदाय थाली में किया जाएगा। मौसमी हरी सब्जी भी थाली में परोसी जाएगी। योजना के प्रथम चरण में 1 करोड़ 42 लाख से अधिक थालियों के माध्यम से गरीबों को भोजन करवाया गया है। नए रसोई केन्द्रों की स्थापना और संचालन के लिए राज्य शासन ने 28 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। ये केन्द्र शहरों में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन और जिला अस्पताल के आसपास प्रारंभ किए गए हैं। इन केन्द्रों को गूगल मैप की सहायता से ढूँढ़ने की सुविधा भी प्रारंभ की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई-लिखाई और दवाई बुनियादी जरूरतें हैं। कहा भी गया है भूखे भजन न हों गोपाला। अन्न ही ब्रह्म है। अपने गांव छोड़कर शहरों में आने वाले श्रमिक और अन्य लोग अपना और बच्चों का आसानी से पेट भर सकें, इस दृष्टि से रसोई केंद्र उपयोगी हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से प्रारंभ इस योजना का विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिला मुख्यालयों के अलावा प्रमुख धार्मिक पर्यटन नगर योजना में जोड़े गए हैं। इसके अलावा अन्य कस्बों, नगरों में भी रसोई केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। इनका विस्तार किया जाए। यह मानवता के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा।

हितग्राहियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्यक्रम में मुरैना के हाथठेला लगाने वाले श्री शकील, धार के ऑटोचालक श्री बाबू सिंह, उज्जैन के पुताई श्रमिक श्री संतोष, छतरपुर के फल विक्रेता श्री मोहन और इंदौर के श्रमिक श्री कालू सिंह से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से उन्हें दीनदयाल रसोई केन्द्र से मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता के संबंध में भी पूछा। हितग्राहियों ने योजना में मिल रही सुविधा की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कोरोना काल में भी एक स्थान से दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश से होकर जाने वाले प्रवासी मजदूरों के भोजन की व्यवस्था की गई थी।

सरकार ने संबल और अन्य अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं, जो गरीबों के लिए अनाज, उनके इलाज और दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहयोग जैसे सभी आवश्यक प्रबंध करती है। प्रदेश में गरीबों के उपचार के लिए दो करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इसमें चिन्हित अस्पतालों में व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। सभी गरीबों को आने वाले तीन वर्ष में पक्की छत मिलेगी। प्रदेश के करीब 3 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को अपना कारोबार विकसित करने के लिए 10 हजार रुपये प्रति हितग्राही के मान से ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया है।

लघु फिल्म का प्रदर्शन

शुभारंभ समारोह में योजना के क्रियान्वयन पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। लघु फिल्म में योजना का लाभ लेने वाले हितग्राहियों के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। यह फिल्म पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के विचार और उसके मध्यप्रदेश में क्रियान्वयन पर केन्द्रित है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री गरीबों की सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहते हैं।

मुख्यमंत्री ने किया पोर्टल का लोकार्पण

श्री चौहान ने योजना के लिए बनाए गए पोर्टल का लोकार्पण किया। इस पोर्टल से योजना का नियमित और सतत् पर्यवेक्षण किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने योजना के क्रियान्वयन में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की सराहना की।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

प्रदेश की प्रगति का नया इतिहास बनाएंगे : मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का लक्ष्य एक जुनून और जज्बा है। इसके जरिये हम मध्यप्रदेश की प्रगति का नया इतिहास बनाएंगे। हमें अपने प्रयासों में सफलता अवश्य मिलेगी।

- **मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को विधानसभा के प्रभावी उद्बोधन पर दी बधाई।**
- **मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रिपरिषद् की बैठक के पहले मंत्रियों को किया संबोधित।**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रीगण से पूर्व में निर्धारित किए गए शेड्यूल के अनुसार प्रति सोमवार को अपने विभाग के क्रियाकलापों की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने कहा कि सोमवार और मंगलवार को राजधानी में रहकर यह कार्य किया जाए। इसके साथ ही केरवा बाँध पर हुई बैठक में निर्धारित किए गए मंत्री समूह भी विषयवार बैठकों का आयोजन करें। सभी विभाग पूरी दक्षता से कार्य करें।

श्री चौहान ने मंत्रिपरिषद् के सदस्यों को बताया कि प्रदेश में सौ नये दीनदयाल रसोई केंद्र प्रारंभ किये गये हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की 326 करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक की राशि उनके खातों में जमा की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रदेश के विकास के संकल्प को पूर्ण करें। टीम भावना से किए गए कार्य के बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। समिति विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा का निर्धारण करेगी। सभी मंत्रीगण ने प्रदेश के नागरिकों के कल्याण की दिशा में शुरू की गई 100 दीनदयाल रसोई और छात्रवृत्ति की राशि के अंतरण के दो कार्यक्रम संपन्न होने के लिए भी मुख्यमंत्री को बधाई दी।

खास खबर

'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान चलेगा

अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान ने कहा है कि मार्च माह में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के पात्र हितग्राहियों की पहचान कर कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उनके निःशुल्क कार्ड बनाए जाएंगे। 'आपके द्वार आयुष्मान' माह में इस कार्य को अभियान के तौर पर लिया गया। श्री सुलेमान ने सभी कलेक्टर्स को पत्र लिखकर अभियान की गतिविधियों को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

ई-उपार्जन पोर्टल

इक्कीस लाख से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

भोपाल, रबी विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिये 21 लाख 6 हजार किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराया है जो कि विगत वर्ष की तुलना में एक लाख 59 हजार अधिक है। इस संबंध में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री विसाहूलाल सिंह और सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द भदौरिया ने अधिकारियों के साथ रबी उपज की समीक्षा की।

145 लाख मीट्रिक टन उपज के भंडारण का लक्ष्य

श्री विसाहूलाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष 125 लाख मीट्रिक टन गेहूं, 20 लाख मीट्रिक टन दलहन और तिलहन के भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपार्जन अनुमान के अनुसार अधिकारियों को अनाज के भंडारण, परिवहन, बारदाना और वित्तीय व्यवस्था की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

उन्होंने बताया कि दलहन एवं तिलहन का उपार्जन प्राथमिकता से गोदाम स्तरीय केन्द्रों पर किया जाएगा।

15 मई तक होगा उपार्जन

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया ने कहा कि पंजीकृत किसानों से 15 मई तक उपार्जन पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जित अनाज को यथासंभव शीघ्र भंडारण कराया जाए साथ ही केंद्रों पर अनाज की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था हो, जिससे अनाज का एक भी दाना बर्बाद न हो। अनाज को पक्के चबूतरे पर ही रखा जाए, ताकि अचानक होने वाली बूंदा-बांदी से भी अनाज सुरक्षित रह सके। अचानक होने वाली बारिश के समय अनाज को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त आकार एवं संख्या में तिरपाल की व्यवस्था की जाए। कुछ समय के लिए अचानक तत्काल भंडारण की आवश्यकता हो तो निकट की खाली पड़ी शासकीय संस्थाओं में कुछ समय के लिए अनाज का भंडारण किया जा सकता है। अनाज के उपार्जन, ट्रांसपोर्टेशन तथा भंडारण ही सतत् निगरानी की जाए। गेहूं एवं चना का भंडारण पृथक-पृथक करने के भी निर्देश दिए गए।

कक्षा छह से होगी व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विद्यार्थियों के खातों में छात्रवृत्ति राशि अंतरित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा छठवीं से व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आवश्यक है। प्रदेश में 20 से 25 किलोमीटर की परिधि में सी.एम. राइज़ स्कूल आरंभ किये जायेंगे, जिनमें प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान और पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की व्यवस्था होगी। आस-पास के क्षेत्रों से विद्यार्थियों को लाने-ले-जाने के लिए बसों की व्यवस्था भी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े प्रदेश की सभी शालाओं के विद्यार्थियों को संबोधित किया। श्री चौहान ने कहा कि ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार शिक्षा के उद्देश्य हैं। इससे हम पीढ़ियों से संचित ज्ञान परम्परा से लाभान्वित होते हैं। कौशल हमें आजीविका के प्रबंधन के योग्य बनाता है और नागरिकता के संस्कार से ईमानदारी, परिश्रम, कर्तव्य निष्ठा, चारित्रिक बल तथा देशभक्ति के गुण विकसित होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता के लिए संकल्पित होकर लक्ष्य तय कर परिश्रम आवश्यक है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

20 फरवरी

भारत ने किया एंटी टैंक मिसाइलों का सफल परीक्षण

●भारतीय सेना ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर जैसलमेर स्थित पोखरण फायरिंग रेंज में एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल हेलिना और ध्रुवास्त्र का सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान दोनों मिसाइलों के न्यूनतम और अधिकतम रेंज मूल्यांकन के लिए एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर से पांच परीक्षण किए गए। ये सभी परीक्षण सफल रहे। दोनों ही मिसाइलें विश्व की सर्वाधिक ताकतवर एंटी टैंक मिसाइल में से हैं, जो किसी भी टैंक को पलभर में नष्ट कर सकती हैं। हेलिना अब भारतीय सेना में शामिल होने के लिए तैयार है, वहीं ध्रुवास्त्र को भी जल्द ही वायुसेना में शामिल किया जायेगा। इन दोनों मिसाइलों को डीआरडीओ ने स्वदेशी रूप से विकसित किया है। यह मिसाइल प्रणाली सभी मौसम में हर समय काम करने में सक्षम है।

●सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को छह माह के भीतर बैंकों में लॉकर सुविधा संबंधी दिशा-निर्देश बनाने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति एम.एम. शांतनगौदर और न्यायमूर्ति विनीत सरन की पीठ ने कहा कि बैंक अपनी लॉकर सुविधा की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोग घरों में गहने और नकदी रखने में हिचक रहे हैं। साथ ही हम धीरे-धीरे कैशलेस अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में लॉकर जैसी सुविधाओं की मांग बढ़ जाती है। यह बैंकों की अनिवार्य सेवाओं में से एक बन चुका है।

21 फरवरी

वर्ष 2022 में होगा चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण

●भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण वर्ष 2022 में हो सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन श्री के. सिवन ने कहा कि चंद्रयान-3 को वर्ष 2022 तक प्रक्षेपित करने की संभावना है। पहले इस यान को वर्ष 2020 में प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन के कारण चंद्रयान और गगनयान जैसी कई परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 काफी कुछ चंद्रयान-2 की तरह ही होगा, लेकिन इसमें कोई ऑर्बिटर नहीं होगा।

●अमेरिका ने ईरान के साथ संबंधों को सामान्य करने के संकेत दिए हैं। अमेरिका ने कहा है कि वह ईरान और विश्व की अन्य ताकतों के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता करने को तैयार है। इसे अमेरिका की ओर से ईरान के साथ हुए परमाणु समझौते को नए सिरे से आकार देने की दिशा में पहला बड़ा कदम माना जा रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच वर्ष 2015 में परमाणु समझौता हुआ था, लेकिन वर्ष 2018 में तात्कालिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते से अलग हो गए थे। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री मुहम्मद जवाद जरीफ ने कहा है कि यदि अमेरिका उस पर लगाए गए प्रतिबंधों को वापस ले लेता है तो वह परमाणु कार्यक्रम के संबंध में सभी निर्णय वापस लेने को तैयार है।

●इंडोनेशिया के पूर्वी जावा प्रांत स्थित मदुरा द्वीप के समुद्र तट पर बड़ी संख्या में व्हेल मछलियां फंसी हुई मिलीं। इन मछलियों को बचाने के लिए प्रशासन ने अभियान चलाया, लेकिन सिर्फ तीन मछलियों को ही बचाया जा सका। जबकि 46 मछलियों की मौत हो गई। इन मछलियों में डॉगोंग और स्पिनर डॉल्फिन शामिल थीं। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के समुद्र तटों पर हर वर्ष व्हेल मछलियों के फंसने की घटनाएं होती रही हैं।

22 फरवरी

सऊदी अरब की सेना में भर्ती हो सकेंगी महिलाएं

●सऊदी अरब में महिलाओं के लिए अब सेना में भर्ती का रास्ता खुल गया है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि अब महिलाएं भी सेना में शामिल हो सकती हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार महिलाएं सैनिक, लांस नायक, नायक, सार्जेंट और स्टाफ सार्जेंट के पद के लिए अप्लाई कर सकती हैं। महिलाओं को सेना के तीनों अंग- थलसेना, वायुसेना और नौसेना के अलावा मेडिकल सेवा और रॉयल स्ट्रेटजिक मिसाइल फोर्स में भी शामिल किया जायेगा। सेना में शामिल होने के लिए महिलाओं की उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब ने यह कदम क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के विजन-2030 के तहत उठाया गया है, जिसमें सऊदी अरब महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की योजना है।

●भारत और अमेरिका के बीच राजस्थान के बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्पन्न हो गया है। इस सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिकों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का अभ्यास किया। सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के अधिकारियों और सैनिकों ने आपस में अनुभव साझा किये। इस सैन्य अभ्यास में टैंक, हेलीकॉप्टर और ड्रोन का उपयोग किया गया।

●ब्रिटेन ने कोरोना महामारी के खिलाफ चल रहे टीकाकरण अभियान को तेज कर दिया है। ब्रिटेन की बोरिस जॉनसन सरकार ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि उनका लक्ष्य 31 जुलाई तक सभी वयस्कों को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज देना है। इस अभियान के तहत 50 से अधिक उम्र की आयु के लोगों या किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोगों को 15 अप्रैल से पहले वैक्सीन लगाने का लक्ष्य भी रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री मैट हैन कॉक ने कहा कि ब्रिटेन में फाइजर और एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन लगाई जा रही है। टीकाकरण अभियान की सफलता के बाद इसे तेज किया जा रहा है।

23 फरवरी

ईपीएफ में 2.5 लाख रुपये की सीमा हटा सकती है सरकार

●केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार ज्यादा आय वाले लोगों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के जरिए बचत करने में रोकना नहीं चाहती है। वह करमुक्त ब्याज के लिए ईपीएफ में 2.5 लाख रुपये वार्षिक योगदान की सीमा की समीक्षा करने के लिए तैयार है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम ईपीएफ की व्यवस्था बनाए रखना चाहते हैं। ईपीएफ अपने मौजूदा स्वरूप में रहेगा। इसे नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) में मिलाने की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में ईपीएफ में एक सीमा से ज्यादा योगदान करने की स्थिति में ब्याज पर होने वाली आय पर कर लगाने का प्रावधान किया है।

●केंद्र सरकार ने देश के 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले 42 शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 2217 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इन 42 शहरों के स्थानीय निकायों को वायु की गुणवत्ता सुधारने के लिए 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के तहत 50-50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि दिल्ली सहित देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गिरफ्त में हैं। इन शहरों में प्रदूषण के स्तर की जांच तथा उससे निपटने के लिए मॉनीटरिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

●अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति के टैक्स रिकॉर्ड की जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अमेरिका स्थित मैनहैट्टन शहर के जिला अधिवक्ता सायरस वेंस जूनियर ने सुप्रीम कोर्ट में वर्ष 2019 से पहले ट्रंप के टैक्स रिकॉर्ड की जांच की मांग की थी, जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के विशेषाधिकार के चलते इस तरह की किसी जांच से छूट देने की अपील की थी।

24 फरवरी

सेना में शामिल किए जायेंगे उन्नत अर्जुन एम के-1ए टैंक

●भारतीय सेना में 118 उन्नत अर्जुन एमके-1ए टैंक शामिल किये जायेंगे। रक्षा मंत्रालय ने अर्जुन टैंक के लिए 6000 करोड़ रुपये की रक्षा खरीद सौदे को मंजूरी प्रदान की है। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में अर्जुन टैंक सहित 13700 करोड़ रुपये के युद्धक साजो-सामान की खरीदी को मंजूरी दी गई। इनमें 820 बख्तरबंद गाड़ियां भी शामिल हैं। डीआरडीओ ने बताया कि नए उन्नत अर्जुन टैंक की फायर पावर क्षमता को बढ़ाया गया है। इन टैंकों में नई टेक्नोलॉजी का ट्रांसमिशन सिस्टम है, जिससे यह लक्ष्य को आसानी से ढूंढ़ लेता है। अर्जुन टैंक में कैमिकल अटैक से बचने के लिए स्पेशल सेंसर्स लगाए गए हैं।

●ऑस्ट्रेलिया में समाचार सामग्री शेयर करने के बदले मीडिया संस्थानों को भुगतान करने के मामले में ऑस्ट्रेलियाई सरकार और फेसबुक के बीच समझौता हो गया है। समझौते के बाद फेसबुक ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया में समाचार सामग्री वाले पेजों को री-स्टोर कर देंगे। समझौते के तहत ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को कुछ रियायत दी है। इसके तहत सोशल मीडिया कंपनियां न्यूज लिंक शेयरिंग के बदले भुगतान के लिए मीडिया संस्थानों का चुनाव खुद कर सकेंगी। इसमें सभी संस्थानों को भुगतान की बाध्यता समाप्त कर दी गई है।

●देशभर में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेंस शुरू हो गई है। पहली बार जेईई मेंस परीक्षा का आयोजन नई शिक्षा नीति के तहत किया जा रहा है। जेईई मेंस की परीक्षा में इस बार छात्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तेलुगु, तमिल, पंजाबी, उर्दू, उड़िया, मराठी, मलयालम, कन्नड़, बंगाली, असमी और गुजराती भाषा में परीक्षा दे रहे हैं। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित है, जिसके लिए राष्ट्रीय एजेंसी (एनटीए) ने देशभर में 852 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

25 फरवरी

ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकेंगे : नेतन्याहू

●इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह ईरान के साथ परमाणु समझौते पर किसी तरह का भरोसा नहीं करेगा। नेतन्याहू ने ईरान को चेतावनी देते हुये कहा कि वह ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिये हरसंभव प्रयास करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर हमारी नजर है। हमने पहले भी उत्तर कोरिया के साथ इस तरह के समझौते को बेकार होते देखा है। समझौते के साथ या समझौते के बिना हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ईरान परमाणु हथियार सम्पन्न न हो जाये।

26 फरवरी

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया, डिजिटल न्यूज और ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिये जारी किये दिशा-निर्देश

●केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया, डिजिटल न्यूज और ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराये जा रहे कंटेंट पर नियंत्रण के लिये नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश के तहत सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म को शिकायतों के निपटान के लिये मैकेनिज्म तैयार करना होगा। केन्द्र सरकार ने इस दिशा-निर्देश को डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड नाम दिया है। केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सोशल मीडिया तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को सरकार के बनाये नियमों का पालन करना होगा। नये दिशा-निर्देश के दायरे में फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम, हॉटस्टार जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म आयेंगे।

●भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) ने पूसा फार्म सन फ्रिज नामक एक ऐसा रेफ्रीजरेटर बनाया है, जिसमें दो टन तक फलों और सब्जियों को रखा जा सकता है। यह फ्रिज पूरी तरह सौर ऊर्जा द्वारा संचालित होगा। आईएआरआई के निर्देशक डॉ. ए.के. सिंह ने कहा कि देश में कुल उत्पादन का 30 से 40 प्रतिशत तक फल और सब्जियां बर्बाद हो जाती हैं। अगर सब्जियों और अनाज का सही तरह से भंडारण हो तो किसानों की आमदनी दोगुनी हो सकती है। डॉ. सिंह ने बताया कि पूसा फार्म सन फ्रिज को एक जगह से दूसरी जगह आसानी से ले जाया जा सकता है। एक फ्रिज को बनाने की लागत पांच से सात लाख रुपये है।

समाज में मातृभाषा के व्यवहारिक उपयोग को बढ़ाएं

भोपाल, आमजनों को मातृभाषा के व्यवहारिक उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे स्थानीय संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण और संवर्धन किया जा सके। यह बात संस्कृत, पर्यटन एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर रवीन्द्र भवन में आयोजित मातृभाषा समारोह में अतिथियों से चर्चा के दौरान कही। सुश्री ठाकुर ने भारत माता की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और मातृभाषा मंच एवं मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मातृभाषा समारोह में सांस्कृतिक पुनरुत्थान में मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यंजन मेला और प्रदर्शनी आयोजित की गई थी।

सुश्री उषा ठाकुर ने स्वयं व्यंजन मेले में जाकर मसाला भात, मैसूर पाक, चुकौनी, उड़द के बड़े, दही बड़ा का स्वाद लिया। संस्कृति व्यंजन मेले में जिसमें मराठी, उत्तराखंड, नेपाल, कश्मीर, पंजाब, छतीसगढ़ जैसे 15 राज्यों के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए थे। सुश्री ठाकुर ने भाषाई समाजों की विशेषताओं को प्रगट करती प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि मातृभाषा के महत्व को अंतर्राष्ट्रीय जगत द्वारा भी मान्यता प्रदान करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया है।

मातृभाषा मंच द्वारा वर्ष 2018 में मातृभाषा समारोह का आयोजन किया गया था, इस वर्ष यह दूसरा आयोजन है। समाज में मातृभाषा के व्यवहारिक उपयोग को बढ़ाने तथा इसे गति देने के लिए भोपाल के विभिन्न भाषायी समाजों की भागीदारी से यह आयोजन किया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

APPOINTMENTS
PROFESSOR, ASSOCIATE PROFESSOR & ASSISTANT PROFESSOR
For CHEMISTRY | PHARMACEUTICAL CHEMISTRY BIOTECHNOLOGY | MICROBIOLOGY | COMPUTER SCIENCE | COMMERCE | MANAGEMENT | ECONOMICS PSYCHOLOGY | ENGLISH | PHYSICS | MATHEMATICS
Interested candidates may send their CVs within 7 days or email at aimsr@acropolis.in. Qualification, experience & salary as per UGC norms. Faculty selection will be done under college code 28.
Acropolis Institute of Management Studies & Research
Approved by Govt. of MP and Affiliated to DAVV
ACROPOLIS
Enlightening Wisdom
Indore Bypass Road, Manglia Square, Near Toll Plaza, Indore (M.P.) | Ph. : 0731-4730090/4730187
R-45266/2021
PANKAJ / CStreeram

वर्ष 38, अंक 09 01.03.2021 से 07.03.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011,
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

नीति आयोग के एजेंडे पर काम करेगा मध्यप्रदेश

भारत को वर्ष 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मध्यप्रदेश इस साल 10 लाख करोड़ के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित है। नीति आयोग के छह सूत्रीय एजेंडे को समय-सीमा में प्रदेश में व्यवहारिक रूप दिया जाएगा। प्रदेश में 30 लाख हेक्टेयर में फैले बिगड़े वन क्षेत्र में निजी सहयोग से वन विकसित करने और सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए पहल की जा सकती है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। श्री चौहान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न नीति आयोग की संचालन परिषद की 6वीं बैठक में भोपाल स्थित मंत्रालय से वर्चुअल भागीदारी कर विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी सार्वजनिक संपत्तियों का तार्किक और वैज्ञानिक तरीके से मॉनिटाईजेशन करके इससे प्राप्त राशि का उपयोग विकास कार्यों में करना समय की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने बैठक का आरंभ करते हुए कहा कि कोरोना के समय केन्द्र और राज्यों ने मिलकर कार्य किया, जिससे विश्व में भारत की अच्छी छवि बनी। सभी मिलकर कार्य करते हैं तो अच्छे परिणाम आते हैं। कृषि प्रधान देश होने के बाद भी खाद्य तेल बाहर से आता है प्रयास हो कि इसका उत्पादन देश में ही हो। अन्य कृषि उत्पाद भी यहीं खप जाएं, इसके लिए राज्य पहल करें। इस संदर्भ में उपलब्ध संभावनाओं को साकार करें। श्री मोदी ने कहा कि 'ईज ऑफ ग्रीन के ईज ऑफ लिविंग' को प्राथमिकता दें। अनावश्यक कानून समाप्त हों, नागरिकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने पर बल दें। चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नीति आयोग की संचालन परिषद केंद्र के साथ ही राज्यों से परस्पर संवाद का उपयुक्त प्लेटफॉर्म तथा सहयोगी संवाद का आदर्श उदाहरण है। इससे केन्द्र के साथ विचार-विमर्श करने और विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित हुई, जिसका उपयोग पूरी प्रामाणिकता के साथ जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के कठिन काल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देश को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया। कई विकसित और समृद्ध देश उस सक्षमता और कुशलता से कोरोना का सामना नहीं कर पाए, जितना भारत ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किया। भारत ने दुनिया के कई देशों को वैक्सीन उपलब्ध करायी है। आपदा को अवसर में बदलने की प्रेरणा से नई ऊर्जा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोनाकाल में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए आत्मनिर्भरता के मंत्र के परिपालन में हमने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में तत्काल कार्य आरंभ किया। नीति आयोग के सहयोग से वेबिनार आयोजित कर रोडमैप तैयार किया। इसके चार आधार स्तंभ भौतिक अधोसंरचना, शिक्षा और स्वास्थ्य, सुशासन, रोज़गार और अर्थव्यवस्था निर्धारित किए गए। इन क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में प्राप्त किए जाएंगे। नीति आयोग द्वारा राज्यों के साथ विचार-विमर्श कर उनकी परिस्थितियों और उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 6 सूत्रीय एजेंडे का निर्धारण स्वागत योग्य है। मध्यप्रदेश में 6 सूत्रीय एजेंडे को समय-सीमा में पूर्ण किया जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि भारत को ग्लोबल मेन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के लिए मध्यप्रदेश में "स्टार्ट योर बिजनेस इन 30 डेज" व्यवस्था शुरू की गई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की अवधारणा को धरातल पर उतारने का काम हमें करना है। स्थानीय युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देकर कौशल विकसित करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश में ग्लोबल स्किल पार्क विकसित किया जा रहा है। राज्यों के साथ नीति आयोग के इस तरह के संवाद से काम करने का बेहतर वातावरण तैयार होता है। आयोग के सहयोग से राज्य अपने कार्यों को बेहतर ढंग से अंजाम देने में सफल होगा।

दिमाग की क्षमता प्रभावित होती है हृदय रोग से

यदि आप दिल की बीमारी से पीड़ित हैं तो संभव है इससे आपका दिमाग प्रभावित हो। नेशनल सेंटर फॉर कार्डियोवास्कुलर के अध्ययन में यह बात सामने आई है। अध्ययन में यह बताया गया है कि हृदय रोग और याद्दाश्त में कमी के बीच संबंध रोग के लक्षण आने से पहले शुरू हो जाते हैं। बार्सिलोना ब्रेन रिसर्च सेन्टर और सेंटेंडर बैंक की हिस्सेदारी में नेशनल सेंटर फॉर कार्डियोवास्कुलर रिसर्च में किये गये अध्ययन में शोधकर्ताओं ने मध्य आयु के दौरान हृदय रोगों के लक्षणों की उपस्थिति से पहले दिमाग मेटाबॉलिज्म, हृदय जोखिम और एथेरोसलेरोसिस के बीच एक संबंध की पहचान की है। यह अध्ययन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे पता चलता है कि हृदय रोग एक परिवर्तनीय स्थिति में डिमेंशिया को रोक सकता है। हम जानते हैं कि हर कोई स्वयं की देखभाल करने के महत्व को बहुत अच्छे से समझता है। लोग यह भी जानते हैं कि दिल की बीमारी से बचने के लिए दिल को किन खतरों से हमें बचाना है। उम्मीद है यह अध्ययन जीवन के शुरुआती पड़ाव में अच्छी आदतों को अपनाने की जरूरतों के बारे में लोगों को और ज्यादा सचेत करेगा।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस **08 मार्च**

महिलाओं की दशा और दिशा पर विमर्श के लिये सुनिश्चित है यह दिन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का विचार महिलाओं के एक मजदूर आन्दोलन के बाद सामने आया था। वर्ष 1908 में लगभग पन्द्रह हजार कामकाजी महिलाओं ने न्यूयॉर्क शहर में मार्च (रैली) निकालकर नौकरी में काम के घण्टों को घटाने की मांग की थी। आन्दोलन कर रही महिलाओं ने तब महिलाओं को बेहतर वेतन दिये जाने और अन्य अधिकार भी दिये जाने की मांग भी की थी। इस प्रदर्शन के एक साल बाद सोशलिस्ट पार्टी ऑफ अमरीका ने महिला दिवस मनाया था। इस आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने का विचार जर्मन की एक चिंतक, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला अधिकारों की वकील क्लारा जेटकिन का था। क्लारा जेटकिन ने वर्ष 1910 में कोपेनहेगन में कामकाजी औरतों की एक कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का सुझाव दिया था। उस समय कॉन्फ्रेंस में कई देशों की महिला कार्यकर्ता मौजूद थीं, उन सभी ने इस सुझाव का समर्थन किया था। सबसे पहले ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था। महिलाओं की मजदूरी की लड़ाई से आरंभ हुआ यह आयोजन आज महिलाओं की दशा और दिशा पर विमर्श का सबब बन गया है। वर्ष 1977 में महिला दिवस को आधिकारिक मान्यता उस वक्त दी गई थी जब संयुक्त राष्ट्र ने इसे वार्षिक तौर पर एक ध्येय वाक्य (थीम) के साथ मनाना शुरू किया।

रूस में महिलाओं की हड़ताल से तय हुई आठ मार्च की तिथि

अक्सर यह सवाल किया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च को ही क्यों मनाया जाता है? क्लारा जेटकिन ने तो महिला दिवस मनाने के लिए कोई तारीख पक्की नहीं की थी। वर्ष 1917 में युद्ध के दौरान रूस की महिलाओं ने 'ब्रेड एंड पीस' (यानी भोजन और शांति) की मांग की थी। महिलाओं की हड़ताल ने वहां के सम्राट निकोलस को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया था और अंततः अंतरिम सरकार ने महिलाओं को मतदान का अधिकार दे दिया था। उस समय रूस में जूलियन कैलेंडर का प्रयोग होता था। जिस दिन महिलाओं ने यह हड़ताल शुरू की थी वो तारीख 23 फरवरी थी। ग्रेगेरियन कैलेंडर में यह दिन 08 मार्च था और उसी के बाद से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च को मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की भूमिका को परिभाषित करता है

महिला दिवस अब लगभग सभी विकसित, पिछड़े और विकासशील देशों में मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं को उनकी क्षमता, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक तरक्की दिलाने व उन महिलाओं को याद करने का दिन है, जिन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के लिए अथक प्रयास किए। संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के समानाधिकार को बढ़ावा और सुरक्षा देने के लिए समूचे विश्व में कुछ नीतियां, कार्यक्रम और मापदण्ड निर्धारित किए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार किसी भी देश या समाज में उपजी सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक समस्याओं का निराकरण महिलाओं की साझेदारी के बिना सम्भव ही नहीं है। भारत में भी महिला दिवस व्यापक रूप से मनाया जाने लगा है। पूरे देश में इस दिन महिलाओं को समाज में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है और समारोह आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं के लिए काम कर रहे कई संस्थानों द्वारा जगह-जगह महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जाते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समाज, राजनीति, संगीत, फिल्म, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए महिलाओं को सम्मानित किया जाता है। कई संस्थाओं द्वारा गरीब महिलाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। भारत में महिलाओं को शिक्षा, वोट देने का अधिकार और मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। धीरे-धीरे परिस्थितियां बदल रही हैं। भारत में आज महिला आर्मी, एयर फोर्स, पुलिस, आईटी, चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। माता-पिता अब बेटे-बेटियों में कोई फर्क नहीं समझते हैं। लेकिन यह सोच समाज के कुछ ही वर्ग तक सीमित है। सही मायने में महिला दिवस तब ही सार्थक होगा जब विश्व भर में महिलाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से संपूर्ण आजादी मिलेगी, जहां उन्हें कोई प्रताड़ित नहीं करेगा, जहां उन्हें दहेज के लालच में जिंदा नहीं जलाया जाएगा, जहां कन्या भ्रूण हत्या नहीं की जाएगी, जहां बलात्कार नहीं किया जाएगा, जहां उसे बेचा नहीं जाएगा और उसे सम्मान के साथ देखा जायेगा।

कोरोना को हराने में महत्वपूर्ण रही महिलाओं की भूमिका

कोरोना को हराने में हमारे देश की महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है और राष्ट्रव्यापी अध्ययन से यह बात सामने आई है कि देश की महिलाओं ने कोरोना संक्रमण काल में घर के कामकाज के मोर्चे पर जहाँ हाड़तोड़ मेहनत की वहीं उद्यमिता के मोर्चे पर भी महिलाओं ने एक उद्यमी की भूमिका सफलता से निभाई है। घरों में कोरोना काल में नौकरीपेशा महिलाओं ने जहाँ ऑनलाइन दफ्तर के कामकाज किये वहीं घर के सभी कामकाज और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई तथा परिजन की देखभाल का दायित्व भी पूरा किया तो नौकरी न करने वाली महिलाओं ने भी घर गृहस्थी के सारे कामों में खुद को झोंक दिया। उद्यमिता के अंतर्गत महिलाओं ने महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से पी.पी.ई. किट, मास्क, सेनेटाइजर, साबुन एवं हैंड कवर बनाने के उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उद्यमी महिलाओं ने केवल स्थानीय आवश्कताओं की पूर्ति ही नहीं की है बल्कि यह उद्यमिता कई परिवारों की आजीविका का साधन भी बनी। महिला स्व-सहायता समूहों को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने के प्रयास भी सरकार ने किए। स्व-सहायता समूह की महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में जो उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं उसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि अब विद्यार्थियों को स्कूलों में दिए जाने वाला गणवेश स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से सिलवाकर दिया जाएगा। इसी प्रकार, आंगनवाड़ियों आदि में दिए जाने वाला 'रेडी-टू-ईट' भोजन तैयार करने का काम भी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से कराया जाएगा। इसी तर्ज पर देश के कई प्रदेशों में कोरोना काल में महिला उद्यमिता का सकारात्मक उपयोग किया गया।

भारत में उत्सवधर्मिता के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनता है

भारत में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है और यदि हम यह कहें कि भारत में यह आयोजन उत्सवधर्मिता के साथ मनाया जाता है तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस दिन देश में नारियों के सम्मान में तरह-तरह के समारोह आयोजित किए जाते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महिलाओं को सम्मानित भी किया जाता है। महिलाओं के लिए कार्य करने वाले संगठन इस दिन विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करते हैं। महिलाओं के समक्ष खुला आसमान और विशाल धरती है जिस पर वह अनंतकाल तक अपना परचम लहरा सकती हैं। महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने के लिए जितना गंभीर कामकाज हमारे देश में हो रहा है उसे अनुकरणीय करार दिया जा सकता है।

भारत में त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में भी महिलाओं को आरक्षण प्राप्त है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण प्राप्त है। उद्यमिता के क्षेत्र में भी महिलाओं को सतत प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है और महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिये महिला स्व-सहायता समूह को भी पूँजी उपलब्ध करवाने और ऋण प्रदान करने से ब्याज चुकाने तक अनुदान दिये जाने तक भी समुचित व्यवस्था है। इतना ही नहीं महिला स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित माल के विपणन की व्यवस्था में भी उन्हें सहायता दी जाती है। विभिन्न राष्ट्रों में संघीय सरकार और प्रांतीय सरकारें भी महिलाओं के लिये विविध कल्याण योजनाएं भी संचालित करती हैं। महिलाओं को राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में भी पिछले कुछ दशक में वैश्विक स्तर पर काफी काम हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव देते हैं संदेश

हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव जो विश्व को संदेश देते हैं उसी में घोषित होता है उस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का संदेश। इस वर्ष भी महासचिव के संदेश में वैश्विक महामारी के खिलाफ संघर्ष में महिलाओं की भूमिका पर विमर्श पर केन्द्रित थीम रखे जाने का अनुमान है। वर्ष 2020 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम थी- 'महिलाओं के अधिकारों को महसूस करते हुए यह कहना कि हाँ मैं हूँ पीढ़ीगत साम्य' (आई एम जनरेशन इक्विटी : रियलाइजिंग वूमंस राईट्स), इस थीम का मतलब महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और जेंडर इक्वेलिटी पर बात करना था। पिछले कुछ सालों की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर यदि हम नजर डालें तो वर्ष 2019 में थीम थी- 'बेलैंस फॉर बेटर' इस थीम में यह स्पष्ट करने का यत्न किया गया है कि स्त्री-पुरुष की आबादी का संतुलन बेहतरी के लिए जरूरी है। गत वर्ष 2018 की थीम थी- 'प्रेस फॉर प्रोग्रेस', जिसमें महिलाओं कि प्रगति में प्रेस की भूमिका पर विमर्श किया गया था। वर्ष 2002 में पहली बार थीम को किसी एक देश पर केन्द्रित रखा गया। इस साल- 'आज की अफगान महिला : वास्तविकता और अवसर' विषय पर विमर्श किया गया था।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

भारतीय वायु सेना / Indian Air Force

मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी वायु कमान, भा.वा.से एओआर के अधीन समूह ''ग'' सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

1. भारतीय वायु सेना में निम्नलिखित समूह ''ग'' सिविलियन पदों के लिए भर्ती हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. पद और पात्रता शर्तें नीचे दी गई हैं.

पद का नाम	भर्ती नियमों के अनुरूप शैक्षणिक अर्हता	आयु
मल्टी टास्किंग स्टाफ(एमटीएस)	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. **वांछनीय:-** किसी संगठन या संस्थान में वाचमैन या लस्कर या गेस्टेटनर ऑपरेटर या माली के तौर पर एक वर्ष का अनुभव	18 से 25 वर्ष
हाउस कीपिंग स्टाफ(एचकेएस)	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता.	-वही-
मैस स्टाफ	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. **वांछनीय:-** किसी संगठन या संस्थान में वेटर अथवा वाशर-अप के तौर पर एक वर्ष का अनुभव	-वही-
एलडीसी	(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं श्रेणी उत्तीर्ण या समकक्ष अर्हता. (ii) मैनुअल टाइपराइटर पर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति अथवा कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति (प्रति मिनट 35 शब्द प्रत्येक शब्द के लिए औसत 5 की-डिप्रेशन पर प्रति घण्टा 10500 की-डिप्रेशन के तत्स्थानी).	-वही-
लिपिक हिंदी टंकक	(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं श्रेणी उत्तीर्ण या समकक्ष अर्हता. (ii) मैनुअल टाइपराइटर पर हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति अथवा कम्प्यूटर पर हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति (प्रति मिनट 30 शब्द प्रत्येक शब्द के लिए औसत 5 की-डिप्रेशन पर प्रति घण्टा 9000 की-डिप्रेशन के तत्स्थानी).	-वही-
आशुलिपिक ग्रेड -II	(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं श्रेणी उत्तीर्ण या समकक्ष अर्हता. (ii) डिक्टेशन-80 शब्द प्रति मिनट की दर से 10 मिनट (iii) ट्रांसक्रिप्शन कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 50 मिनट)	-वही-
स्टोर (अधीक्षक)	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष. **वांछनीय:-** सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था में स्टोर्स की देखरेख और लेखाजोखे के रखरखाव में अनुभव.	-वही-
स्टोर कीपर	**अनिवार्य :-** मान्यताप्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से 12वीं श्रेणी या समकक्ष. **वांछनीय:-** सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था में स्टोर्स की देखरेख और लेखाजोखे के रखरखाव में अनुभव.	-वही-
लॉन्ड्रीमैन	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. **वांछनीय:-** किसी संगठन या संस्थान में धोबी के तौर पर एक वर्ष का अनुभव	-वही-
आया/वार्ड सहायिका (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए)	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. **वांछनीय:-** किसी संगठन या संस्थान के अस्पतालों या नर्सिंग होम्स में आया के तौर पर एक वर्ष का अनुभव	-वही-
कारपेंटर	(क) (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. (ii) उपयुक्त संगत क्षेत्र या ट्रेड अर्थात कारपेंटर में औद्योगिक प्रशिक्षण प्रमाणत्र अथवा (ख) उपयुक्त ट्रेड अर्थात कारपेंटर रिगर से भूतपूर्व सैनिक	-वही-
पेंटर	(क) (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. (ii) उपयुक्त संगत क्षेत्र या ट्रेड अर्थात पेंटर में औद्योगिक प्रशिक्षण प्रमाणत्र अथवा (ख) उपयुक्त ट्रेड अर्थात पेंटर से भूतपूर्व सैनिक	-वही-
वल्कानाइजर	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता अथवा उपयुक्त ट्रेड का भूतपूर्व सैनिक	-वही-
सिविलियन मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ड्राइवर (साधारण ग्रेड) (सीएमटीडी (ओजी))	(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. (ii) हल्के और भारी वाहन के लिए वैध सिविल ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य धारण करते हों. (iii) ड्राइविंग में व्यावसायिक कौशल और मोटर मैकेनिज्म का ज्ञान अवश्य रखते हों. (iv) मोटर वाहनों की ड्राइविंग में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव.	-वही-
कुक (साधारण ग्रेड)	(i) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन साथ में खानपान में प्रमाणपत्र या डिप्लोमा. (ii) ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव.	-वही-
फायरमैन	**अनिवार्य :** (i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण अथवा समकक्ष अर्हता. (ii) राज्य अग्निशमन सेवा अथवा मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित संस्थान के अधीन फायर फाइटिंग में प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त किया होना चाहिए. (iii) सभी प्रकार के एक्सटिंग्यूशर्स, होज फिटिंग और फायर उपकरणों तथा उपस्करों जैसे कि फायर इंजन, ट्रेलर फायर पम्प और फोम ब्रांचिज के प्रयोग और अनुरक्षण से सुपरिचित होने चाहिएं. (iv) कठिन ड्यूटियां संचालित करने हेतु शारीरिक तौर पर फिट और सक्षम होने चाहिएं तथा नीचे टिप्पणी-1 में विनिर्दिष्ट परीक्षण अवश्य उत्तीर्ण करना चाहिए अथवा उपयुक्त ट्रेड के भूतपूर्व सैनिक हों. **वांछनीय :** (i) विभिन्न प्रकार के अग्निशमन उपकरणों के अनुरक्षण और प्रचालन से सुपरिचित होने चाहिएं. (ii) किसी सरकारी संगठन से फायरमैन के तौर पर नियमित नागरिक या रक्षा फायर ब्रिगेड में कार्य करने का अनुभव. (iii) किसी सरकारी मान्यताप्राप्त संस्थान से सामान्य फायर फाइटिंग पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया होना चाहिए. **शारीरिक जांच** **(i) बगैर जूते ऊंचाई :** 165 सें.मी. बशर्ते कि अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के लिए ऊंचाई में 2.5 सें.मी. की छूट प्रदान की जाएगी. **(ii) सीना (बगैर फुलाए) :** 81.5 सें.मी. **(iii) सीना (विस्तार करने पर) :** 85.0 सें.मी **(iv) वजन :** 50 कि.ग्रा. न्यूनतम **(v) सहनशीलता परीक्षण :** (a) व्यक्ति को ले जाना (63.5 कि.ग्रा. के फायरमैन को 183 मीटर की दूरी तक 96 सेकिंड में उठाकर ले जाना) **(b)** दोनों पांव पर खड़े होकर 2.7 मीटर की खाई को लांघना (लंबी कूद) **(c)** हाथों और पांव का प्रयोग करते हुए 3 मीटर सीधी रस्सी पर चढ़ना.	-वही-

2. **पद के लिए आवेदन करें जहां के लिए आवेदक इच्छुक है :** आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थान का चयन करें और अपेक्षानुसार आवेदन करें. स्टेशनों के स्थानों तथा पद की संख्या नीचे दी गई है.

पदों के नाम	स्टेशनों में आवंटित रिक्ति की संख्या (श्रेणी वार)	वेतनमान (+लागू नियमों के अनुरूप यथा लागू भत्ते)	डाक पता जहां आवेदन-पत्र अग्रेषित किया जाना है.
मैस स्टाफ	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (ए) वायु सेना केंद्र रतनाडा, जोधपुर (राज.)-342011
मैस स्टाफ	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (बी) वायु सेना केंद्र, उतरलाई, जिला-बाड़मेर (राज.)-344035
मैस स्टाफ	03 (1 ईडब्ल्यूएस, 1 अना और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (सी) वायु सेना केंद्र रतनाडा, जोधपुर (राज.)-342011
मैस स्टाफ	1 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (डी) वायु सेना केंद्र, जैसलमेर (राज.)-345001
एमटीएस	01 शावि	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (ई) वायु सेना केंद्र, जैसलमेर (राज.)-345001
मैस स्टाफ	03 (2 अना और 1 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, रतनाडा, जोधपुर (राज.)-342011
एमटीएस	06 (4 ईडब्ल्यूएस और 2 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	
सीएमटीडी (ओजी)	02 (1 अना और 1 अजजा)	लेवल-2 रु. 19900/-	
एचकेएस	02 (1 शावि और अना)	लेवल-1 रु.18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र-II, उप गार्ड रूम के भीतर, रतनाडा, जोधपुर (राज.)-342011
एमटीएस	02 (1 शावि और 1 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-1 रु. 18000/-	
एचकेएस	02 (1 ओएच और 1 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. रिपेयर और साल्वेज यूनिट, रतनाडा, जोधपुर (राज.)-342011
मैस स्टाफ	01 शावि	लेवल-1 रु. 18000/-	एस एडम ओ, वायु सेना केंद्र, मंडोर, जोधपुर (राज.)-342301
एमटीएस	01 शावि	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	01 अजा	लेवल-1 रु. 18000/-	एपीएम, वायु सेना पुलिस मुख्यालय, ओल्ड पाली रोड, रतनाडा, जोधपुर (राज.)-342011

पदों के नाम	स्टेशनों में आवंटित रिक्ति की संख्या (श्रेणी वार)	वेतनमान (+लागू नियमों के अनुरूप यथा लागू भत्ते)	डाक पता जहां आवेदन-पत्र अग्रेषित किया जाना है.
एचकेएस	05 (1 अजजा, 1 अपिव, 1 ईडब्ल्यूएस और 2 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र माउंट आबू, जिला सिरोही (राजस्थान)-307501
लॉन्ड्रीमैन	02 (1 अपिव और 1 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	
मैस स्टाफ	02 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	04 (1 अपिव, 1 ईडब्ल्यूएस और 2 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	
वल्केनाइजर	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	
कुक (ओजी)	07 (3 अना, 2 अजा, 1 अपिव, 1 ईडब्ल्यूएस) (1 ईएसएम)	लेवल-2 रु. 19900/-	
लिपिक हिंदी टंकक	01 अजजा	लेवल-2 रु. 19900/-	
एलडीसी	02 (1 अजजा और 1 अना)	लेवल-2 रु. 19900/-	
सीएमटीडी (ओजी)	03 (1 अना, 1 अजा और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, गांव-कुंडाल, वाया फलौदी, जिला जोधपुर (राज.)-342301
स्टोर कीपर	01 अजजा	लेवल-2 रु. 19900/-	
मैस स्टाफ	02 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (एफ) वायु सेना केंद्र जामनगर (गुजरात)-361003
मैस स्टाफ	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (जी) वायु सेना केंद्र जामनगर (गुजरात)-361003
मैस स्टाफ	02 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (एच) वायु सेना केंद्र, भुज-कच्छ (गुजरात)-370001
एमटीएस	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एपीएम, वायु सेना पुलिस मुख्यालय, कोमल नगर, खोडियार कालोनी, जामनगर (गुजरात)-361006
एचकेएस	02 (1 अपिव और 1 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (जे) वायु सेना केंद्र, माकरपुरा, वडोदरा (गुजरात)-390014
मैस स्टाफ	01 शावि	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (के) वायु सेना केंद्र, भुज-कच्छ (गुजरात)-370001
मैस स्टाफ	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (एल) वायु सेना केंद्र, नालिया, तालुका-अबडासा, जिला-कच्छ (गुजरात)-370655
मैस स्टाफ	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (एम) वायु सेना केंद्र, जामनगर (गुजरात)-361003
मैस स्टाफ	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र नालिया, तालुका-अबडासा, जिला कच्छ (गुज.)-370655
मैस स्टाफ	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु. (एन) वायु सेना केंद्र, नालिया, तालुका-अबडासा, जिला कच्छ (गुज.)-370655
एमटीएस	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	
पेंटर	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	
कुक (ओजी)	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	
मैस स्टाफ	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	एस एडम ओ, वायु सेना केंद्र, सेक्टर-27, गांधीनगर (गुजरात)-382027
कुक	03 (1 अना, 1 अपिव और 1 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-2 रु. 19900/-	
मैस स्टाफ	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, भुज-कच्छ (गुजरात)-370001
पेंटर	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	
सीएमटीडी (ओजी)	02 (1 अना और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	
लॉन्ड्रीमैन	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना चयन बोर्ड, सेक्टर-25, गांधीनगर (गुजरात)-382024
एमटीएस	02 (1 ईडब्ल्यूएस एवं 1 ओएच)	लेवल-1 रु. 18000/-	
स्टेनो ग्रेड-II	1 अपिव	लेवल-4 रु. 25500/-	
आया/वार्ड सहायिका	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र जामनगर (गुजरात)-361003
कारपेंटर	01 अपिव	लेवल-2 रु. 19900/-	
एचकेएस	10 (5 अना, 2 अपिव, 1 अजा, 1 अजजा और 1 वीएच)	लेवल-1 रु. 18000/-	
लॉन्ड्रीमैन	02 (1 अना और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	
मैस स्टाफ	03 (1 अना, 1 अजा और 1 अजजा)	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	11 एमटीएस (1 ओएच, 5 अना, 2 अपिव, 1 अजा, 1 अजजा और 1 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-1 रु. 18000/-	
पेंटर	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	
कुक (ओजी)	06 (2 अना, 1 अजा, 1 अजजा, 1 अपिव और 1 ईडब्ल्यूएस (ईएसएम)	लेवल-2 रु. 19900/-	
सीएमटीडी (ओजी)	02 (1 अना और 1 अपिव) (ईएसएम)	लेवल-2 रु. 19900/-	
एलडीसी	02 (1 अना और 1 अजजा) (शावि)	लेवल-2 रु. 19900/-	
स्टोर (अधीक्षक)	03 (1 अना, 1 अजजा और 1 अपिव)	लेवल-4 रु. 25500/-	
फायरमैन	03 (1 अजा, 1 अपिव और 1 अना)	लेवल-2 रु. 19900/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र दरजीपुर, वड़ोदरा (गुजरात)-390022
लॉन्ड्रीमैन	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	03 (2 अना और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	
लॉन्ड्रीमैन	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, वडसार, वाया कलोल, जिला गांधीनगर (गुज.)-382721
मैस स्टाफ	01 ओएच	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	04 (1 अना, 1 अपिव और 2 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-1 रु. 18000/-	
वल्केनाइजर	01 अजजा	लेवल-1 रु. 18000/-	
स्टेनो ग्रेड-II	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-4 रु. 25500/-	
स्टोरकीपर	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-2 रु. 19900/-	
एमटीएस	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-1 रु. 18000/-	एस एडम ओ, वायु सेना केंद्र मकरपुरा, वडोदरा (गुजरात)-390014
कुक (ओजी)	02 (1 अना और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	
मैस स्टाफ	04 (3 अना और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (ओ) वायु सेना केंद्र जामनगर (गुजरात)-361003
एचकेएस	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (पी) वायु सेना केंद्र जामनगर (गुजरात)-361003
एमटीएस	02 (1 ईडब्ल्यूएस और 1 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (क्यू) वायु सेना केंद्र दार्जिपुरा, निकट गोल्डन चौकरी, वडोदरा (गुज.)-390022
कुक (ओजी)	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	एडजु (आर) वायु सेना केंद्र नालिया तालुका-अबडासा, जिला-कच्छ (गुज.)-370655
एचकेएस	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, समाना, जिला जामनगर (गुज.)-360520
मैस स्टाफ	02 (1 अजजा और 1 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	02 (1 अजा और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	
एलडीसी	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-2 रु. 19900/-	

पदों के नाम	स्टेशनों में आवंटित रिक्ति की संख्या (श्रेणी वार)	वेतनमान (+लागू नियमों के अनुरूप यथा लागू भत्ते)	डाक पता जहां आवेदन-पत्र अग्रेषित किया जाना है.
कारपेंटर	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, वायुशक्ति नगर, चिलौड़ा रोड, जिला गांधीनगर (गुजरात)- 382042
एचकेएस	07 (3 अना, 2 अपिव, 1 अजजा और 1 ईडब्ल्यूएस)	लेवल-1 रु. 18000/-	
लॉन्ड्रीमैन	02 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	
मैस स्टाफ	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	
कुक (ओजी)	05 (2 अना, 2 अजा और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	
एलडीसी	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-2 रु. 19900/-	
स्टेनो ग्रेड-II	01 अपिव	लेवल-4 रु. 25500/-	
एचकेएस	08 (2 अना, 1 शावि, 1 ईडब्ल्यूएस, 2 अपिव, 1 अजा और 1 अजजा)	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, लोहागांव, पुणे (महाराष्ट्र)-411032
मैस स्टाफ	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	11 (3 अना, 1 शावि, 1 ईडब्ल्यूएस, 4 अपिव, 1 अजा और 1 अजजा)	लेवल-1 रु. 18000/-	
कुक (ओजी)	07 (3 अना, 1 अजा, 2 अपिव, 1 ईडब्ल्यूएस) (ईएसएम)	लेवल-2 रु. 19900/-	
मैस स्टाफ	02 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	एस एडम ओ, वायु सेना केंद्र, सेवा, निकट जेएनपीटी एडमिन बिल्डिंग, रायगढ़, नवी मुंबई (महाराष्ट्र)-400707
एचकेएस	03 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, कोलशेट रोड, डाकघर-सांडोज बाग, ठाणे (महा.)-400607
मैस स्टाफ	04 (3 अना और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	05 (1 ईडब्ल्यूएस, 2 अपिव और 2 अना)	लेवल-1 रु. 18000/-	
कुक (ओजी)	01 अपिव	लेवल-2 रु. 19900/-	
एलडीसी	02 (1 अना और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	
कारपेंटर	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र मढ आइलैंड, डाकघर-वरसोवा, वाया-अंधेरी (प.) मुंबई-400061
एचकेएस	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	
मैस स्टाफ	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-1 रु. 18000/-	
पेंटर	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	
कुक (ओजी)	01 अना	लेवल-2 रु. 19900/-	
लिपिक हिंदी टंकक	1 अना (ईएसएम)	लेवल-2 रु. 19900/-	एडजु 6 वायुसैनिक चयन केंद्र, निकट राम मंदिर, कॉटनग्रीन, मुंबई-400033
एचकेएस	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र लोनावाला, डाकघर-आईएनएस शिवाजी, जिला-पुणे (महाराष्ट्र)-410402
एमटीएस	01 अपिव	लेवल-1 रु. 18000/-	
कुक (ओजी)	03 (1 अना, 1 अजा और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	
एलडीसी	1 अपिव	लेवल-2 रु. 19900/-	
फायरमैन	05 (2 अना, 1 अजा, 1 ईडब्ल्यूएस और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, कलिना सांता क्रूज (ई) मुंबई, 400029 एएफएस मुंबई
एचकेएस	03 (2 अना और 1 अपिव)	लेवल-1 रु. 18000/-	
एमटीएस	03 एमटीएस (1 ईडब्ल्यूएस, 1 अजजा और 1 शावि)	लेवल-1 रु. 18000/-	
कुक (ओजी)	04 (2 अना, 1 अजा और 1 अपिव)	लेवल-2 रु. 19900/-	
एलडीसी	02 (1 अना और 1 अजा)	लेवल-2 रु. 19900/-	
स्टेनो ग्रेड-II	01 अना	लेवल-4 रु. 25500/-	
स्टोर कीपर	01 अना (ईएसएम)	लेवल-2 रु. 19900/-	
एचकेएस	01 शावि	लेवल-1 रु. 18000/-	एडजु (एस) वायु सेना केंद्र, लोहागांव, पुणे (म.)-411032
मैस स्टाफ	01 ईडब्ल्यूएस	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र बोरगाड, डाकघर-मेरी कालोनी, नासिक (म.)-422004
एमटीएस	01 अजा	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र कनहरी हिल, येवर, डाकघर जेके ग्राम, ठाणे (प.)-400606
मैस स्टाफ	01 अना	लेवल-1 रु. 18000/-	सी एडम ओ, वायु सेना केंद्र, उतरलई जिला बाड़मेर (राजस्थान)-344035

3. **आवेदन कैसे करें:-**

(a) पात्र उम्मीदवार रिक्तियों और अर्हताओं के विषयाधीन अपनी पसंद के उपर्युक्त किसी भी वायु सेना केंद्र के लिए आवेदन कर सकते है. नीचे दिए गए प्रपत्र के अनुरूप अंग्रेजी/हिंदी में विधिवत टंकित और विधिवत पूर्ण आवेदन-पत्र साथ में विधिवत स्वयं सत्यापित हाल का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर उम्मीदवारों को उपर्युक्त पैरा-2 में वर्णित पते पर प्रस्तुत करना है. आवेदकों को लिफाफे पर साफ अक्षरों में "**.....पद के लिए आवेदन-पत्र और श्रेणी.....**" लिखना चाहिए. आवेदन-पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा लिफाफा विधिवत 10 रु. की डाक टिकट चिपकाकर संलग्न किया जाना चाहिए.

(b) **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि** रोज़गार और निर्माण **में विज्ञापन की तिथि से 15 दिन है.**

(c) आवेदन पत्र के साथ विधिवत स्वयं सत्यापित शिक्षा अर्हता, आयु, अधिवास प्रमाणपत्र, अनुभव और जाति प्रमाणपत्र आदि से संबंधित सभी दस्तावेज संलग्न किए जाने हैं.

(d) आरक्षित कोटा के लिए आवेदन कर रहे अपिव उम्मीदवारों के मामले में **उनकी जाति अपिव की केंद्रीय सूची** में शामिल होनी चाहिए.

(e) भूतपूर्व सैनिक को आवेदन-पत्र के साथ विधिवत स्वयं सत्यापित डिस्चार्ज बुक की एक प्रति प्रस्तुत करनी है. चयनित भूपूसै को संबंधित श्रेणी जैसे कि अजा/अजजा/अपिव/अना के तहत समायोजित किया जाएगा.

4. **सामान्य बिंदु:-**

(i) **अना-अनारक्षित, अजा-अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अपिव-अन्य पिछड़े वर्ग, भूपूसै-भूतपूर्व सैनिक, शावि-शारीरिक विकलांग (दृवि-दृष्टि विकलांग, एचएच-श्रव्य विकलांग और ओएच-अस्थि विकलांग) तथा ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग.**

(ii) **आयु में छूट**

(क) अपिव के लिए 03 वर्ष, अजा/अजजा के लिए 05 वर्ष और शारीरिक विकलांगों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष. (अजा और अजजा से संबंधित शारीरिक विकलांगों के मामले में अतिरिक्त 05 वर्ष और अपिव श्रेणी के लिए 03 वर्ष की अतिरिक्त छूट)

(b) **भूतपूर्व सैनिक:** भूतपूर्व सैनिक जिसने सशस्त्र बलों में लगातार कम से कम 6 माह की सेवा की है उन्हें उनकी वास्तविक आयु से ऐसी सेवा की पूरी अवधि को घटाने की अनुमति होगी और यदि परिणामी आयु निर्धारित अधिकतम आयु से तीन वर्ष से अधिक नहीं है, उन्हें आयु सीमा के भीतर माना जाएगा.

(c) **अजा/अजजा/अपिव/शावि-** उम्मीदवार अनारक्षित पद के तहत आवेदन कर रहे हैं तो वे आयु सीमा, अनुभव आदि में किसी छूट के हकदार नहीं हैं.

(d) यह स्पष्ट किया जाता है कि अनारक्षित रिक्ति किसी भी श्रेणी अर्थात अजा/अजजा/अपिव/शावि से संबंधित उम्मीदवार से भरी जा सकती है बशर्ते कि उम्मीदवार अपनी स्वयं की मैरिट से चयनित हुआ है परंतु वे आयु सीमा में किसी छूट के हकदार नहीं होते हैं.

(e) आयु सीमा के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि आवेदन प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि होगी.

(f) **सेवा शर्तें :** फील्ड एरिया सहित भारत में कहीं भी सेवा करनी पड़ सकती है.

(iii) **महिला उम्मीदवारों के लिए:** विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पतियों से न्यायिक तौर पर अलग हुई महिलाओं को आयु में 35 वर्ष की आयु तक छूट है (अजा/अजजा के सदस्य के लिए 40 वर्ष).

(iv) **विभागीय कर्मचारी :** अना (सामान्य उम्मीदवार) के लिए 40 वर्ष, अपिव के लिए 43 वर्ष और अजा/अजजा के लिए 45 वर्ष.

टिप्पणी- (i) विवरण के बगैर/प्रमाणपत्र आदि की प्रतियों के बगैर आवेदन-पत्र सरसरी तौर पर नामंजूर कर दिए जाएंगे और आगे किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. अधिकारियों के बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा.

(ii) नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा.

(iii) परीक्षा की तिथि/समय और स्थान के बारे में पात्र उम्मीदवारों को डाक से सूचित किया जाएगा. संगठन डाक में किसी देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

(iv) आरक्षित श्रेणी के लिए लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित हो रहे अजा/अजजा और निःशक्त भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार द्वितीय श्रेणी रेल किराए के लिए पात्र हैं.

5. **चयन की पद्धति :**

(a) सभी आवेदनों की जांच आयु सीमा, न्यूनतम अर्हता, दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों के अनुरूप की जाएगी. इसके बाद पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए बुलावा पत्र जारी किया जाएगा.

(b) पात्र उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होना अपेक्षित होगा. लिखित परीक्षा न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के आधार पर होगी.

(c) लिखित परीक्षा में (i) सामान्य बुद्धिमत्ता और रिजनिंग (ii) संख्यात्मक अभिरुचि (iii) सामान्य अंग्रेजी (iv) सामान्य जागरूकता.

(d) प्रश्न सह उत्तर पेपर अंग्रेजी और हिंदी में होगा.

(शेष पृष्ठ 9 पर)

भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना सिविलियन प्रवेश परीक्षा
आईएनसीईटी-टीएमएम-01/2021
ट्रेड्समैन मेट के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है

1. भारतीय नौसेना, विभिन्न कमांडों (मेल के अन्य किसी रूप में आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा) में ग्रुप 'ग', अराजपत्रित 'औद्योगिक' के रूप में वर्गीकृत **'ट्रेड्समैन मेट'** के पद के लिए वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** द्वारा पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है. चयनित उम्मीदवारों को सामान्यतः संबंधित कमांडों के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन इकाइयों में सेवा देनी होगी, हालांकि उन्हें प्रशासनिक अपेक्षा के अनुसार नौसेना इकाई/फॉर्मेशन में, भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है.

(केवल ऑनलाइन आवेदन को स्वीकार किया जाएगा)

ट्रेड्समैन मेट
सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'ग', अराजपत्रित, औद्योगिक
(सातवें सीपीसी के अनुसार वेतन बैंड, लेवल-1, रुपये 18000-56900)

कमांड	रिक्तियों का विवरण (*परिवर्तन के अधीन)							
	अना	अजा	अज जा	अपिव	ईडब्ल्यू एस	कुल	हॉरिजोन्टल आरक्षण	
							ईएसएम	पीडब्ल्यूबीडी$
ईस्टर्न नवल कमांड	303	116	57	163	71	710	71	25 (वीएच-05, एचएच-05 ओएच-08 अन्य-07)
वेस्टर्न नवल कमांड	133	48	24	87	32	324	32	13 (वीएच-05, एचएच-06 , अन्य-02)
सदर्न नवल कमांड	57	16	02	37	13	125	12	05 (वीएच-01, एचएच-01, ओएच-02,अन्य-01)

नोटः बकाया रिक्तियां शामिल हैं.

$ बैंचमार्क असशक्तता के साथ व्यक्तियों के लिए उपयुक्तता: सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा पहचाने गए. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार पद के लिए तद्नुसार आवेदन कर सकते हैं.

बैंचमार्क असशक्ताओं की योग्य श्रेणियां	फंक्शनल अपेक्षा
वीएचयू (बी. एलवी), एचएच (डी, एचएच), ओएच (ओए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी) और अन्य {एएसडी (एम, एमओडी), आईडी, एसएलडी, एमआई और विभिन्न असशक्तताएं}	एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आर-डब्ल्यू, एसई, एच, सी.

नोटः आवेदकों के पास ऑनलाइन आवेदन करने से पहले जीओआई/डीओपीएंडटी ओएम 36035/1/2012-ईएसटीटी (आरईएस) तिथि 29 नवंबर 2013 में दिए गए प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी असशक्तता प्रमाणपत्र होना चाहिए.

2. प्रयुक्त संक्षिप्ति : अना- अनारक्षित, **अजा**- अनुसूचित जाति, **अजजा**- अनुसूचित जनजाति, **अपिव**- अन्य पिछड़ा वर्ग, **ईडब्ल्यूएस**- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **भूपूसै**- भूतपूर्व सैनिक, **पीडब्ल्यूबीडी**- बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ व्यक्ति, **वीएच**- दृष्टि विकलांग, **एचएच**- बधिर, **ओएच**- अस्थि विकलांग, **एस**- बैठना, **एसटी**- खड़े रहना, **डब्ल्यू**- चलना, **बीएन**- झुकना, **आरडब्ल्यू**- पढ़ना और लिखना, **एसई**- देखना, **एच**- सुनना, **सी**- संचार, **बी**- अंधापन, **एलवी**- कम दृष्टि, **डी**- बधिर, **ओए**- एक हाथ, **ओएल**- एक पैर, **ओएएल**- एक हाथ और एक पैर, **सीपी**- सेरेब्रल पाल्सी, **एलसी**- उपचारित कुष्ठ रोग, **डीडब्ल्यू**- बौनापन, **एएवी**- एसिड अटैक पीड़ित, **एएसडी (एम, एमओडी)**- ऑटिज्म स्पैक्ट्रम डिसऑर्डर, (**एम**-माइल्ड, **एमओडी**-मोडरेट), **आईडी**- इंटैलैक्चयुअल डिसेबिलिटी, **एसएलडी**- स्पैसिफिक लर्निंग, **एमआई**- मेंटल इलनेस)

3. आरक्षण : अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम श्रेणियों के लिए आरक्षण मौजूदा सरकारी नियमानुसार उपलब्ध है. आरक्षित रिक्तियों को पात्र अजा, अजजा, अपिव, ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों में से भरा जाएगा जिसमें शामिल होंगे वे अजा, अजजा, अपिव, ईडब्ल्यूएस जो या तो अना श्रेणी की योग्यता सूची पर अंतिम सामान्य उम्मीदवार से योग्यता में कम है या वे अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवार जो योग्यता सूची में अपने पद के बावजूद संबंधित श्रेणी के लिए आयु में छूट का लाभ ले चुके हैं. उसी तरह, पीडब्ल्यूबीडी और ईएसएम के लिए आरक्षित रिक्तियों को उन संबंधित श्रेणी से ऐसे पात्र उम्मीदवारों में से भरा जाएगा जो अना श्रेणी की योग्यता सूची पर अंतिम सामान्य उम्मीदवार से योग्यता में कम है लेकिन वे छूट मानकों जैसे आयु सीमा आदि द्वारा योग्य पाए जाते हैं. पीडब्ल्यूबीडी और ईएसएम के लिए आरक्षण, हॉरिजोन्टल आरक्षण के अधीन आता है जो वर्टिकल आरक्षण अर्थात् अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण (इसे इंटरलॉकिंग आरक्षण कहा जाता है) को काटता है. पीडब्ल्यूबीडी और ईएसएम कोटा के लिए चयनित उम्मीदवारों को अना/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस की उपयुक्त श्रेणी में रखा जाएगा, जैसा भी मामला हो.

4. आयु : 18 और 25 वर्ष के बीच.

5. अनिवार्य योग्यताएं : मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्था से 10वीं कक्षा पास और मान्यताप्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रमाणपत्र.

6. कार्य की प्रकृति/नौकरी प्रोफाइल :

पद से संबंधित सांकेतिक कार्य निम्नानुसार हैं:

क. शॉप/शिप/सबमैरीन के उत्पादन/रखरखाव में काम करना.
ख. अनुभाग/इकाई की सामान्य साफ - सफाई और रखरखाव.
ग. कार्यालय क्षेत्र में फाइलों और अन्य पेपरों को इधर से उधर ले जाना.
घ. फैक्स, पत्र आदि भेजना/प्राप्त करना, फोटोकॉपी करना.
च. अनुभाग/इकाई में गैर-लिपिकीय कार्य करना.
छ. कम्प्यूटर सहित डायरी, डिस्पैच आदि जैसे कार्यालय के रोज के कार्य में सहायता करना.
ज. डाक पहुंचाना (अनुभाग/इकाई के अंदर और बाहर).
झ. वॉच और वार्ड कार्य.
ट. खोलने और बंद करने का कार्य.
ठ. बिल्डिंग, फिक्सचर आदि की सफाई करना.
ड. फर्नीचर आदि साफ करना.
ढ. पार्क, लॉन, गमलों आदि का रखरखाव.
ण. वरिष्ठ प्राधिकारी द्वारा सौंपा गया अन्य कोई कार्य.

नोट : कार्यों की उक्त सूची केवल उदाहरण रूप है और विस्तृत नहीं हैं. भारतीय नौसेना का अनुभाग/विभाग इस सूची में इस स्तर पर कार्मिक द्वारा सामान्यतः किए गए कार्यों को जोड़ सकता है.

7. आयु में छूट और महत्वपूर्ण तिथियां:

क. आयु में छूट:

क्र. सं.	श्रेणी	ऊपरी आयु सीमा से ऊपर स्वीकार्य आयु में छूट
(i)	अजा/अजजा	05 वर्ष
(ii)	अपिव	03 वर्ष
(iii)	पीडब्ल्युबीडी	अना-10 वर्ष, अपिव-13(10 + 03), अजा/अजजा-15 (10 + 05) वर्ष
(iv)	ईएसएम	मिलिट्री सेवा की अवधि + 03 वर्ष
(v)	मेधावी खिलाड़ी	05 वर्ष तक, अजा/अजजा-10 वर्ष
(vi)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार केन्द्र सरकार में 03 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा के साथ विभागीय उम्मीदवार	40 वर्ष तक और अजा/अजजा-45 (40 + 05) यह छूट इस शर्त पर होगी कि विभाग में पूर्व प्रदत्त सेवा को पदों की श्रेणियों में कार्यों के कुशल निर्वहन के लिए उपयोग किया जाएगा.

नोट : अन्य पात्र श्रेणियों के लिए आयु में छूट समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी मौजूदा नियमानुसार होगी.

ख. महत्वपूर्ण तिथियां : आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी. संबंधित शिक्षा बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी केवल मैट्रिक/एसएससी/जन्म प्रमाणपत्र को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में विचार किया जाएगा.

8. परीक्षा शुल्क : उम्मीदवारों (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिक और महिला उम्मीदवार जिनके लिए शुल्क के भुगतान में छूट है, को छोड़कर) को नेट बैंकिंग का प्रयोग करके ऑनलाइन माध्यम या वीज़ा/मास्टर/रुपए क्रेडिट/डेबिट कार्ड/यूपीआई द्वारा लागू कर और प्रभार को छोड़कर रुपये 205/- (केवल दो सौ पांच रुपये) के शुल्क का भुगतान करना होगा. **परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र केवल उन उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जिन्होंने परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है या जो परीक्षा शुल्क के भुगतान में छूट के हकदार हैं.**

नोट: (क) एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और ना ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा.

(ख) यदि आपने शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया है और आपके अकाउंट से पैसे कट गए हैं (अर्थात् असफल भुगतान) तो आपको आपके अकाउंट में पैसों की स्वतः वापसी के लिए 7 कार्यदिवस तक रुकना होगा.

9. परीक्षा शहर : विभिन्न राज्यों के परीक्षा शहरों की सूची ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपलब्ध कर दी जाएगी. उम्मीदवारों को सूची में से तीन शहरों को चुनना होगा. भारतीय नौसेना, प्रशासनिक या अन्य कारणों से किसी विशेष केन्द्र के लिए परीक्षा रद्द करने/पुनः आयोजित करने या उम्मीदवारों द्वारा अंकित विकल्पों से अलग परीक्षा केन्द्र के शहर को आवंटित/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखती है. एक शहर के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की अधिक संख्या के मामले में कुछ उम्मीदवारों को अन्य कोई शहर आवंटित किया जाएगा. परीक्षा शहर/केन्द्र/तिथि/सत्र के परिवर्तन हेतु अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा.

10. चयन का तरीका :

क. आवेदनों की स्क्रीनिंग : भारतीय नौसेना, उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगी. आवेदनों की विस्तृत जांच बाद में किसी चरण में की जाएगी.

ख. परीक्षा की योजना : सभी अल्पसूचित/पात्र उम्मीदवारों को निम्नानुसार पहलुओं के साथ अंग्रेजी और हिन्दी दोनों (सामान्य अंग्रेजी को छोड़कर) में उक्त पैरा 5 में उल्लिखित अनिवार्य योग्यताएं अर्थात् मैट्रिक और आईटीआई, के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के साथ ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित परीक्षा देनी होगी.

भाग	विषय	अधिकतम अंक (सांकेतिक)
(i)	सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति	25
(ii)	संख्यात्मक अभिक्षमता/परिमाणात्मक क्षमता	25
(iii)	सामान्य अंग्रेजी और कॉम्प्रिहेंशन	25
(iv)	सामान्य जागरूकता	25
	कुल	100

ग. परीक्षा के लिए पाठ्यविवरण : सांकेतिक पाठ्यविवरण निम्नानुसार है:

(i) सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति : इसमें मैथमैटिकल ऑपरेशन्स, सीरीज़, ऑड वन आउट, लॉजिकल वेन्न डायग्राम्स, एनालॉगी, वर्ड बेस्ड प्रोब्लम्स, प्रोब्लम्स सॉल्विंग, ड्रॉइंग इंफरेंस, कोडिंग-डिकोडिंग, नॉन वर्बल रीज़निंग आदि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे.

(ii) संख्यात्मक अभिक्षमता/परिमाणात्मक क्षमता : इस परीक्षा में संख्या प्रणाली, समय और कार्य, मेन्सुरेशन, अनुपात, औसत, लाभ व हानि, छूट, प्रतिशत, समय और दूरी, सिंपल और कम्पाउंड ब्याज, सांख्यिकी चार्ट, ट्रिगनोमेट्री, ज्योमेट्री आदि से संबंधित समस्याओं पर प्रश्न शामिल होंगे.

(iii) सामान्य अंग्रेजी और कॉम्प्रिहेंशन : उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा की समझ को जांचने के अतिरिक्त यह परीक्षा शब्दावली, व्याकरण, वाक्य संरचना, पर्यायवाची, विलोम, कॉम्प्रिहेंशन और उसका प्रयोग आदि पर सवाल होंगे.

(iv) सामान्य जागरूकता : इस परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देश, विशेष रूप से खेलकूद, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, भौतिकी, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र, तात्कालिक घटनाओं, भारतीय संविधान और वैज्ञानिक अनुसंधान आदि सहित सामान्य नीति से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे. ये प्रश्न ऐसे होंगे जिनके लिए किसी भी अनुशासन के विशेष अध्ययन की आवश्यकता नहीं है.

घ. परीक्षा की तिथि : ऑनलाइन परीक्षा की सही तिथि, समय और स्थान, उम्मीदवारों को पंजीकृत मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी पर सूचित कर दिया जाएगा. अधिक अनुदेशों के लिए समय-समय पर **www.joinindiannavy.gov.in** और **www.indiannavy.nic.in** देखा जा सकता है.

च. अस्थायी नियुक्ति पत्र : अस्थायी रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, दस्तावेजों के सत्यापन, चिकित्सा परीक्षा और भारत सरकार और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार अन्य अपेक्षाओं पर ऑनलाइन परीक्षा में उनके संबंधित योग्यता पद के आधार पर ही होगी.

छ. दस्तावेज सत्यापन : आयु, शिक्षा, पहचान, पता, श्रेणी, जाति वैधता प्रमाणपत्र आदि संबंधित सभी दस्तावेज की मौजूदा डीओपीएंडटी नीति के अनुसार जांच और सत्यापन किया जाएगा. दस्तावेज सत्यापन के लिए तिथि और स्थान को अस्थायी रूप से चयनित उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत मोबाइल फोन/ईमेल आईडी पर और डाक द्वारा सूचित किया जाएगा.

11. ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल शुरू होने की तिथि और अंतिम तिथि :

ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल शुरू होने की तिथि	22 फरवरी 2021 को सुबह 10 बजे से
ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल की अंतिम तिथि	07 मार्च 2021 को शाम 5 बजे तक

12. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश:

क. उम्मीदवारों को वेबसाइट **www.joinindiannavy.govin >> Join Navy >> Ways to join >> Civilians >> Tradesman Mate (TMM)** का प्रयोग करके ऑनलाइन आवेदन करना होगा. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अनुदेश वाली ऑनलाइन जानकारी दिशानिर्देशों को पढ़ने और डाउनलोड करने की सलाह दी जाती है.

ख. आवेदक के पास विज्ञापन में उल्लिखित अनुसार अपेक्षित मानदंड और शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए.

ग. आवेदक को इस कार्यालय में आवेदन पत्र या किसी दस्तावेज की प्रति भेजनी नहीं होगी. हालांकि उम्मीदवार को अपने निजी रिकॉर्ड के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना होगा. प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट परीक्षा स्थल पर लाना होगा, ऐसा ना करने पर उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी.

घ. यदि उम्मीदवार आवेदन पत्र भरने या अपेक्षित दस्तावेज अपलोड करने में कोई गलती कर देता है तो उसे भारतीय नौसेना द्वारा सही नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार द्वारा आवेदन प्रक्रिया में किसी भी गलती के लिए भारतीय नौसेना जिम्मेदार नहीं होगी.

च. आवेदन पत्र भरते समय आवेदकों को सुनिश्चित करना होगा कि वे अपना सक्रिय ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दे रहे हैं क्योंकि भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों से संपर्क करने के लिए इनमें में से किसी एक माध्यम का प्रयोग भारतीय नौसेना करेगी. एक बार भरे गए ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर में किसी भी परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी. भारतीय नौसेना, पंजीकृत मोबाइल नंबर/ईमेल आईडी पर पत्राचार की अप्राप्ति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी.

छ. उम्मीदवारों को पंजीकरण के दौरान उनके द्वारा दिए गए पासवर्ड को याद रखने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह भविष्य में लॉगइन के लिए महत्वपूर्ण है.

ज. उम्मीदवारों को उनके अपने लाभ के लिए अंतिम तिथि से पहले आवेदन करने की सलाह दी जाती है और शुल्क जमा करने के लिए इंटरनेट कनैक्टिविटी मुद्दा या वेबसाइट ओवरलोड के कारण वेबसाइट पर लॉगऑन करने में असमर्थता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि तक बैठे ना रहें.

झ. आवेदकों को एक पद के लिए विभिन्न आवेदनों को जमा नहीं करना होगा. हालांकि किसी भी अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण यदि आवेदक विभिन्न आवेदन जमा करता है तो उसे सुनिश्चित करना होगा कि अधिक पंजीकरण संख्या वाला आवेदन सभी रूपों में पूर्ण है, इसी पर विचार किया जाएगा.

ट. उम्मीदवारों को प्राथमिकता के क्रम में पोस्टिंग के लिए कमांड के अपने विकल्प को अंकित करना होगा. इससे उनकी योग्यता का कोई संबंध नहीं है. यह जानकारी भारतीय नौसेना द्वारा अर्हताप्राप्त उम्मीदवारों के संदर्भ में संभावित हद तक पोस्टिंग के स्थान को निर्धारित करने के लिए उपयोग करेगी.

ठ. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले निम्नलिखित दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रति (लागू अनुसार जेपीईजी/जेपीजी/पीएनजी/पीडीएफ) को तैयार रखने की सलाह दी जाती है :

(i) चेहरे और आंखों पर किसी भी अवरोध के बिना हल्की पृष्ठभूमि (प्रमुखतया सफेद) के साथ पासपोर्ट आकार कलर फोटो. फोटो का आकार 20 केबी और 50 केबी के बीच होना चाहिए.

(ii) उम्मीदवार के हस्ताक्षर काली स्याही से कोरे सफेद कागज पर होने चाहिए. हस्ताक्षर डिजिटलाइज्ड नहीं होने चाहिए. यह कागज पर पैन से किए गए अपने हस्ताक्षर की स्कैन प्रति होनी चाहिए. हस्ताक्षर दस्तावेज का आकार 10 केबी और 20 केबी के बीच होना चाहिए.

(iii) यदि आरक्षित पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उम्मीदवार के जाति/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की प्रति (50-200 केबी).

(iv) जन्म तिथि के लिए उम्मीदवार के जन्म प्रमाणपत्र/मैट्रिक/एसएससी प्रमाणपत्र की प्रति.

(v) उम्मीदवार के आवश्यक और सभी जरूरी शैक्षिक योग्यता प्रमाण की प्रति (50- 200 केबी).

(vi) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक के प्रमाण को अंकित करते प्रमाणपत्र की प्रति (50-200 केबी).

(vii) पीडब्ल्यूबीडी के लिए असशक्तता दिखाते प्रमाणपत्र की प्रति और स्क्राइब के लिए पात्रता, यदि लागू है (50-200 केबी).

(viii) अन्य कोई दस्तावेज, लागू अनुसार (50-200 केबी).

13. सामान्य अनुदेश/शर्त :

क. आवेदक को सुनिश्चित करना होगा कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानकों को पूरा करता है. आवेदन पत्र में प्रस्तुत विवरण सभी रूपों में सही होना चाहिए. आवेदक द्वारा प्रस्तुत झूठी या गलत जानकारी को यदि किसी भी स्तर पर पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाई करने के लिए कोई भी पक्ष लिए बिना रद्द कर दी जाएगी.

ख. आयु, शैक्षिक योग्यता आदि के संदर्भ में पात्रता को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित किया जाएगा. हालांकि पद के लिए अनिवार्य योग्यता मैट्रिक और आईटीआई है, उम्मीदवार द्वारा धारित कोई उच्च योग्यता है तो उसका भी उल्लेख किया जाए.

ग. यदि मांगे जाने पर केन्द्र सरकारी कार्यालय में कार्यरत उम्मीदवार यदि एनओसी प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

घ. आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी जब तक ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रेणी का संबंधित कॉलम सही से भरा नहीं गया है.

च. भारतीय नौसेना, किसी भी उम्मीदवार के दुर्व्यवहार/अनुचित तरीके के प्रयोग में पाए जाने या कोई भी सामग्री जानकारी छिपाने, तथ्यों को गलत प्रस्तुत करने या उम्मीदवारी के लिए सिफारिश करने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. परीक्षा केन्द्र के परिसर के अंदर मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का प्रयोग करना प्रतिबंधित है. परीक्षा के दौरान ऐसे उपकरण का बंद या चालू मोड में धारक होने को अनुचित तरीकों का प्रयोग करना माना जाएगा. ऐसे सभी उम्मीदवारों को इस परीक्षा के साथ भविष्य की परीक्षाओं से निष्कासित कर दिया जाएगा. आपराधिक कार्यवाही भी की जाएगी.

छ. उम्मीदवारों को अपडेट/शुद्धिपत्र और अन्य किसी अनुदेशों के लिए भर्ती पूरी होने तक नियमित रूप से वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** और **www.indiannavy.nic.in** को देखते रहने की भी सलाह दी जाती है.

ज. अजा/अजजा/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के पास आयु/अन्य छूट/आरक्षण का दावा करने के लिए जाति प्रमाणपत्र की अद्यतन प्रति होनी चाहिए और मांगे जाने पर मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे.

झ. अपिव के मामले में उम्मीदवार को यह बताते हुए कि वह क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है, मांगे जाने पर जाति प्रमाणपत्र (तीन वित्तीय वर्ष के लिए वैध) प्रस्तुत करना होगा. प्रमाणपत्र, जीओआई डीओपीएंडटी ओएम 36036/2/2013-ईएसटीटी (आरईएस) तिथि 30 मई 2014 और 36033/1/2013-ईएसटीटी (आरईएस) तिथि 27 मई 2013 में समाहित प्रारूप के अनुसार होना चाहिए.

ट. पदों के लिए आवेदन कर रहे सशस्त्र सेना कार्मिक को आयु में छूट/आरक्षण का लाभ लेने के लिए जीओआई/डीओपीएंडटी ओएम 36034/2/91/ईएसटीटी (एससीटी) तिथि 03 अप्रैल 1991 के अनुसार वचनपत्र अपलोड करना होगा.

ठ. आरक्षण और आयु में छूट का लाभ लेने की इच्छा रखने वाले बैंचमार्क असशक्तता के साथ उम्मीदवारों के पास 40 % या अधिक की असशक्तता के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी असशक्तता प्रमाणपत्र होना चाहिए.

ड. ऊपर दी गई रिक्तियां अस्थायी हैं और बदल सकती हैं. रिक्तियों को कोई भी कारण बताए बिना कम/ज्यादा या निल भी किया जा सकता है. भर्ती प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर कोई भी सूचना दिए बिना/कोई भी कारण बताए बिना रद्द/स्थगित/निलंबित/समाप्त किया जा सकता है.

ढ. उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान अपने भोजन/रहने की व्यवस्था खुद करनी होगी. उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में कीमती वस्तुएं लाने की सलाह नहीं दी जाती है क्योंकि इनकी सुरक्षा का आश्वासन नहीं दिया जा सकता. भारतीय नौसेना इस संदर्भ में किसी भी हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगी.

ण. नवल सिविलियन की सीधी भर्ती के लिए प्रमाणपत्रों के विभिन्न प्रारूप नवल वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** और **www.indiannavy.nic.in** पर **Personnel > Civilian page** पर उपलब्ध है.

14. महत्वपूर्ण जानकारी :

क. देर से रिपोर्ट करने वाले अर्थात् प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रिपोर्टिंग समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी. बुलावा पत्र पर रिपोर्टिंग समय, परीक्षा शुरू होने से पूर्व का समय है. हालांकि परीक्षा की अवधि 90 मिनट है, उम्मीदवारों को विभिन्न औपचारिकताओं जैसे विभिन्न अपेक्षित दस्तावेजों के सत्यापन और संकलन, लॉगिंग इन, अनुदेश देना आदि को पूरा करने के लिए परीक्षा स्थल पर पहले से पहुंचना होगा क्योंकि कोविड-19 की सावधानियों का पालन करने में सामान्य से अधिक समय लगेगा.

ख. फोटो पहचान कार्ड : परीक्षा हॉल में प्रवेश पत्र के साथ मूल और वैध फोटो पहचान जैसे फोटो के साथ आधार/पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/फोटो के साथ मूल बैंक पासबुक सत्यापन के लिए अन्वेषक के पास प्रस्तुत किए जाने चाहिएं. उम्मीदवार की पहचान को उपस्थिति सूची और जमा किए गए अपेक्षित दस्तावेज में पत्र पर उसके विवरण के संदर्भ मे सत्यापित किया जाएगा. यदि उम्मीदवार की पहचान के बारे में कोई शक है तो उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी.

नोट-1 : राशन कार्ड और लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान प्रमाण नहीं माना जाएगा.

नोट-2 : उम्मीदवार ध्यान दें कि प्रवेश पत्र (पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान दिए गए) पर नाम, फोटो पहचान पत्र पर नाम के समान होना चाहिए. महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के बाद अपना पहला/मध्य/अंतिम नाम में परिवर्तन किया है वे इस बात का विशेष ध्यान दें. यदि बुलावा पत्र और फोटो पहचान प्रमाण में अंकित नामों में अंतर पाया जाता है तो उम्मीदवार को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी.

नोट 3 : पैरा 14 (ख) के अनुसार वैध और मूल फोटो पहचान दस्तावेज साथ नहीं लाने वाले उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी.

15. सभी उम्मीदवारों को चेतावनी : उम्मीदवारों को झूठे आश्वासन का शिकार ना बनने की सलाह दी जाती है और किसी भी तरीके से अनैतिक तत्वों को प्रोत्साहित ना करें. इस बात पर जोर दिया जाता है कि सीबीटी और चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से केवल योग्यता के आधार पर होगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आप को देश के नियम मानने वाले नागरिक के रूप में प्रस्तुत करें और अपने आप को अनुचित तरीकों के प्रयोग से बचाएं.

16. उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश :

क.	आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को परीक्षा की सूचना में दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़ने की सलाह दी जाती है.
ख.	भारतीय नौसेना ऑनलाइन परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगी और इसलिए उनकी उम्मीदवारी अस्थायी रूप से स्वीकार की जाएगी. उम्मीदवारों को शैक्षिक योग्यता, आयु आदि की अपेक्षाओं को देखना होगा और खुद को संतुष्ट करना होगा कि वे पद के लिए पात्र हैं. उम्मीदवार द्वारा अपलोड किए गए समर्थित दस्तावेजों का दस्तावेज सत्यापन के समय सत्यापन किया जाएगा. जब जांच की जाएगी, तब यदि आवेदन में किया गया दावा सही नहीं पाया जाता है तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा.
ग.	अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम आदि के लिए उपलब्ध आरक्षण का लाभ चाहने वाले उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना होगा कि वे सूचना में और भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण के हकदार हैं. उनके पास अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा लागू अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र भी होने चाहिए. विभिन्न प्रमाणपत्रों के प्रारूप 'रेफरेंस दस्तावेज' में भी उपलब्ध हैं.
घ.	40% और उससे अधिक की असशक्तता से ग्रसित उम्मीदवारों पर ही बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ उम्मीदवार के रूप में विचार किया जाएगा और वे बैंचमार्क असशक्तताओं के साथ उम्मीदवारों के लिए आरक्षण के हकदार होंगे.
च.	आयु में छूट का दावा करने वाले केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी को निरंतर सेवा जो आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से ठीक पहले की अवधि के दौरान तीन वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए, के संदर्भ में दस्तावेज सत्यापन के समय अपने कार्यालय से निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. उन्हें अपने चयन की प्रक्रिया में नियुक्ति के समय तक केन्द्र सरकारी सिविलियन कर्मचारी रहना होगा. यह आयु में छूट इस शर्त पर दी जाएगी कि विभाग में पूर्व में प्रदत्त सेवा पदों की श्रेणियों में कार्यों के कुशल निष्पादन के लिए उपयोगी होंगे.
छ.	जब आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो जाएगा तो इसे ''अस्थायी'' स्वीकार किया जाएगा. उम्मीदवार को अपने रिकॉर्ड के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना होगा. ''आवेदन पत्र'' के प्रिंटआउट को किसी भी चरण में भारतीय नौसेना को अग्रेषित/जमा नहीं किया जाना है.
ज.	परीक्षा के लिए उम्मीदवार को केवल एक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अनुमति होगी. इसलिए उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के समय सही तत्परता का निर्वहन करने की सलाह दी जाती है. यदि एक उम्मीदवार के एक से अधिक आवेदन पाए जाते हैं तो भारतीय नौसेना सबसे अंतिम आवेदन पर विचार करेगी. यदि उम्मीदवार बहुत सारे आवेदन जमा करता है और एक से अधिक बार परीक्षा (किसी भी चरण पर) में प्रस्तुत होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसे भारतीय नौसेना की भविष्य की परीक्षाओं से निष्कासित कर दिया जाएगा.
झ.	उम्मीदवार को मैट्रिक प्रमाणपत्र में दिए गए अनुसार ही अपना नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम और माता का नाम लिखना होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी को भारतीय नौसेना की जानकारी में आते ही रद्द कर दिया जाएगा.

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पृष्ठ 6 का शेष)

(e) अपेक्षित संख्या में उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा और कौशल/व्यावहारिक/शारीरिक परीक्षण, जहां कहीं लागू है, के लिए लिखित परीक्षा में मैरिट/श्रेणी के आधार पर बुलाया जाएगा.

(f) अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को मूल प्रमाणपत्र, जिनकी प्रतियां आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की गई हैं, लेकर आना है.

6. संबंधित वायु सेना केंद्र के सी एडम ओ/एडजु के पास बगैर कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को नामंजूर करने का अधिकार सुरक्षित है. इसी प्रकार एचक्यू एसडब्ल्यूएसी, आईएएफ के पास कमान के अधीन किसी भी वायु सेना केंद्र में चयन से पहले किसी भी समय रिक्तियों की संख्या/आरक्षण स्थिति में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.

आवेदन के लिए प्रपत्र

सी एडम ओ/एडजु.....के लिए, वायुसेना केंद्र.....

1. आवेदित पद : .....
2. उम्मीदवार का नाम (साफ अक्षरों में) : .....
3. पिता/पति का नाम : .....
4. जन्म तिथि : ...../...../.....
   (जन्म प्रमाणपत्र की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें)
5. आवेदन प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि को आयु : वर्ष..... माह..... दिन.....
6. पत्राचार के लिए पता : आवास नं./गली/गांव ..... डाकघर.....
   जिला..... राज्य..... पिन कोड .....
7. स्थाई पता : आवास नं./गली/गांव ..... डाकघर .....
   जिला..... राज्य ..... पिन कोड .....
8. जाति : .....
   (अजा/अजजा/अपिव/शावि/ईडब्ल्यूएस/भूपूसै के मामले में स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)
9. श्रेणी जिसके लिए आवेदन किया है : सामा/अपिव/अजा/अजजा/ईडब्ल्यूएस/शावि/भूपूवै/उत्कृष्ट खिलाड़ी व्यक्ति.....(स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न)
10. शैक्षणिक अर्हता : .....
    (स्वयं सत्यापित शिक्षा प्रमाणपत्र संलग्न करें)
11. कोई अन्य अर्हता/अनुभव : .....
12. तकनीकी प्रशिक्षण/अनुभव : .....
13. अधिवास.....(स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें)

पासपोर्ट आकार का स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ चिपकाएं

14. क्या किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हैं : हां/नहीं
    (यदि हां, पंजीकरण संख्या और रोजगार कार्यालय के नाम का उल्लेख करें)
15. मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि आवेदन पत्र में उल्लिखित उपर्युक्त विवरण मेरी अच्छी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही एवं सत्य है, यदि मेरे द्वारा वर्णित विवरण किसी भी चरण में झूठा पाया जाता है तो बगैर सूचना के मेरी सेवा समाप्त कर दी जाएगी.

स्थान : .....
तिथि : .....

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

केवल कार्यालय रिकार्ड के लिए

1. प्राप्ति की तिथि .....
2. स्वीकृत/अस्वीकृत .....
3. अस्वीकृति के लिए कारण: कम आयु/अधिक आयु/अपूर्ण दस्तावेज/कोई अन्य कारण विनिर्दिष्ट करें .....
4. सूचकांक सं. .....परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि .....

पावती कार्ड

(यह लिखित परीक्षा के लिए बुलावा पत्र है)

पद .....

पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाएं, इसे केंद्र द्वारा सत्यापित किया जाएगा.

1. नाम : .....
2. पिता का नाम : .....
3. पत्राचार के लिए पता : (आवेदन पत्र के कॉलम 6 के अनुरूप वही भरा जाना है) आवास नं./गली/गांव : .....डाक घर.....
   जिला ..... राज्य ..... पिनकोड .....
4. सूचकांक सं. ..... लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि और समय

यूनिट राउंड स्टैम्प लगाएं

नियंत्रण अधिकारी के हस्ताक्षर

तिथि :

टिप्पणी:– नियंत्रण अधिकारी को पावती कार्ड और फोटोग्राफ को रबड़ की मोहर के साथ सत्यापित करना है और पात्र उम्मीदवारों को अग्रेषित करना है.

(पिछले पृष्ठ का शेष)

ट.	अपात्र्य/धुंधले फोटो/हस्ताक्षर के साथ आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा.
ठ.	एक बार जमा किए गए आवेदन पत्र में किसी भी विवरण में परिवर्तन/सुधार के लिए अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा.
ड.	उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना सही और सक्रिय ईमेल पता और मोबाइल नंबर भरना होगा क्योंकि भारतीय नौसेना द्वारा पत्राचार ईमेल/एसएमएस द्वारा किया जाएगा.
ढ.	उम्मीदवारों को अपने साथ कम से कम हाल का एक फोटो पहचान पत्र जैसे फोटो के साथ आधार कार्ड/ पैन कार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/फोटो के साथ मूल बैंक पासबुक लानी होगी, ऐसा ना करने पर उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी.
ण.	ब्लूटूथ उपकरण सहित मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केन्द्रों के परिसर में प्रतिबंधित हैं. परीक्षा के दौरान ऐसी वस्तुओं के बंद या खुले मोड में धारक होने को अनुचित तरीकों के प्रयोग के रूप में विचार किया जाएगा. ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी. वे आगे की कार्यवाई के लिए बाध्य होंगे जिसमें आपराधिक कार्यवाही की शुरूआत और भारतीय नौसेना की परीक्षाओं से निष्कासन शामिल है, भारतीय नौसेना द्वारा तय किए अनुसार.
त.	झूठे/कटे-फटे आवेदन/किसी भी अधिकारी का नाम/फोटो का गलत प्रयोग करके पंजीकरण के मामले में ऐसा उम्मीदवार इसके लिए जिम्मेदार होगा और वह साइबर/आईटी अधिनियम के अधीन योग्य कानूनी कार्यवाई के लिए बाध्य होगा.
थ.	पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, झूठी जानकारी के लिए दंड, चयन का तरीका, परीक्षा का आयोजन, परीक्षा केन्द्रों का आवंटन, योग्यता सूची की तैयारी और अंतिम आवंटन, दुर्व्यवहार में लिप्त होने पर निष्कासन संबंधित सभी मामलों में भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्य होगा और इस संदर्भ में किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

17. दुर्व्यवहार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के खिलाफ कार्यवाई :

यदि उम्मीदवार परीक्षा के दौरान नीचे सूचीबद्ध दुर्व्यवहारों में से किसी भी स्तर पर पाया गया तो इस परीक्षा के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उन्हें नीचे उल्लिखित अवधि के लिए भारतीय नौसेना की परीक्षाओं से निष्कासित कर दिया जाएगा.

क्र. सं.	दुर्व्यवहार का प्रकार	निष्कासन अवधि
क.	परीक्षा हॉल से परीक्षा संबंधित सामग्री जैसे रफशीट, भारतीय नौसेना की उपस्थिति पुस्तिका आदि ले जाना या परीक्षा के आयोजन के दौरान उसे किसी अनाधिकृत व्यक्तियों को सौंप देना.	2 वर्ष
ख.	परीक्षा अधिकारियों अर्थात् पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड या भारतीय नौसेना के प्रतिनिधि के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार, डराना या धमकाना	3 वर्ष
ग.	परीक्षा के आयोजन में बाधा उत्पन्न करना/अन्य उम्मीदवारों को परीक्षा ना देने के लिए भड़काना.	3 वर्ष
घ.	ऐसे कथन देना जो गलत या झूठे हो, सामग्री जानकारी को छिपाना, कटे- फटे दस्तावेज जमा करना आदि	3 वर्ष
च.	उसकी उम्मीदवारी के संबंध में अनियमित या अनुचित तरीकों से उसकी उम्मीदवारी के लिए समर्थन/प्रभाव प्राप्त करना.	3 वर्ष
छ.	मोबाइल फोन का ''बंद'' या ''खुले'' मोड में धारक होना.	3 वर्ष
ज.	नियमों का उल्लंघन करते हुए एक ही परीक्षा को एक से अधिक बार देना.	3 वर्ष
झ.	एक उम्मीदवार जो इसी परीक्षा में परीक्षा संबंधित मामलों पर भी काम कर रहा है.	3 वर्ष
ट.	परीक्षा संबंधी आधारभूत संरचना/उपकरण को क्षति पहुंचाना.	5 वर्ष

क्र. सं.	दुर्व्यवहार का प्रकार	निष्कासन अवधि
ठ.	नकली प्रवेश पत्र, पहचान प्रमाण आदि के साथ परीक्षा में प्रस्तुत करना.	5 वर्ष
ड.	परीक्षा के दौरान अग्नि अस्त्र/शस्त्रों का धारक होना.	5 वर्ष
ढ.	मारपीट, बल का प्रयोग, परीक्षा अधिकारियों अर्थात् पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड या भारतीय नौसेना के प्रतिनिधि आदि को किसी भी रूप में शारीरिक चोट पहुंचाना. परीक्षा अधिकारियों को अग्नि अस्त्रों/शस्त्रों से डराना/धमकाना.	7 वर्ष
ण.	परीक्षा हॉल में अनुचित तरीकों का प्रयोग करना जैसे अनाधिकृत स्रोतों जैसे किसी भी कागज या शरीर के भागों पर लिखित सामग्री.	7 वर्ष
त.	परीक्षा हॉल में ब्लूटूथ उपकरण, स्पाई कैमरा और अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का होना	7 वर्ष
थ.	किसी व्यक्ति द्वारा अन्य किसी व्यक्ति का रूप लेना	7 वर्ष
द.	स्नैपशॉट्स लेना, प्रश्नपत्र या परीक्षा सामग्री, प्रयोशालाओं की वीडियो बनाना	7 वर्ष
ध.	रिमोट डेस्कटॉप सॉफ्टवेयर/एप्स/एनएएन/वीएएन आदि द्वारा परीक्षा टर्मिनल साझा करना.	7 वर्ष
न.	परीक्षा से पहले, दौरान या बाद में किसी भी समय परीक्षा सर्वर, डाटा और सिस्टम्स को हैक करना या हेर-फेर करने की कोशिश करना.	7 वर्ष

18. डिस्क्लेमर:

क. इस विज्ञापन में दिए गए नियम व शर्तें बदल सकती हैं और इसलिए इन्हें केवल दिशानिर्देश माना जाए.

ख. ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश पूर्णतः अस्थायी है और प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों पर होगा.

ग. यदि किसी भी उम्मीदवार को गलती से प्रवेश पत्र जारी कर दिया जाता है तो किसी भी समय ऐसा मामला पाए जाने पर उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा और इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

घ. परीक्षा केन्द्र पर हंगामा उम्मीदवार को अयोग्य बना देगा और परीक्षा केन्द्र को ब्लैकलिस्ट कर देगा.

च. जांच/सुरक्षा अनापत्ति प्रक्रियाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों पर उम्मीदवारों के समयपालन और समय से रिपोर्ट करने संबंधी जिम्मेदारी उम्मीदवार की ही होगी. परीक्षा केन्द्र पर देर से रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को किसी भी परिस्थिति में आने की अनुमति नहीं होगी.

छ. हालांकि सामाजिक दूरी बनाने के लिए व्यवस्थाएं की जाएंगी, फिर भी उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए प्रस्तुत होते समय कोविड-19 के दिशानिर्देश को मानने की सलाह दी जाती है. यदि किसी भी उम्मीदवार में कोविड-19 के लक्षण पाए जाते हैं तो उन्हें परीक्षा नहीं देने देंगे और उन्हें कोविड-19 पर एमएचए के दिशानिर्देश के अनुसार एकांतवास को अपनाना होगा.

भारतीय नौसेना में भर्ती एकदम निष्पक्ष है

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/समय–07 मार्च, 2021 को शाम 5 बजे तक

किसी भी स्पष्टीकरण/सहायता के लिए उम्मीदवार हमसे संपर्क करें

ईमेल : } पंजीकरण पोर्टल पर प्रदर्शित
हेल्पडेस्क सं. }

भारतीय नौसेना

नाविक के रूप में अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आवेदन

आमंत्रित हैं –खेल कोटा भर्ती–01/2021 बैच.

1. **खेल संबंधी विषय:** एथलेटिक्स, एक्वाटिक्स, बास्केट-बॉल, बॉक्सिंग, क्रिकेट, फुटबॉल, जिम्नास्टिक्स, हैंड बॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, स्क्वॉश, फेंसिंग, गोल्फ, टेनिस, कयाकिंग और कैनोइंग, रोइंग, शूटिंग, सेलिंग और विंड सर्फिंग में विशिष्ट खिलाड़ी, जिसने अंतरराष्ट्रीय/जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप/सीनियर राज्य चैम्पियनशिप/अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में प्रतिनिधित्व किया हो.

2. **पात्रता की शर्तें:**

(क) सीधे भर्ती पेटी ऑफिसर:-

शैक्षिक योग्यताएं: किसी भी विषय में 10 + 2 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो.

खेल प्रवीणता:

(i) **टीम गेम्स:** अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर जूनियर/सीनियर टीम में प्रतिनिधित्व किया हो अथवा अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो.

(ii) **व्यक्तिगत प्रतियोगिता:** राष्ट्रीय (सीनियर्स) में न्यूनतम छठा स्थान अथवा राष्ट्रीय (जूनियर्स) में तीसरा स्थान या अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में तीसरा स्थान हासिल किया हो.

आयु: पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तारीख को 17 से 22 वर्ष के बीच, अर्थात् उम्मीदवार का जन्म **01 फरवरी, 1999 से 31 जनवरी, 2004 (दोनों तारीखें शामिल)** के बीच हुआ हो.

(ख) सीनियर सेकेंडरी भर्ती (एसएसआर):-

शैक्षिक योग्यताएं: किसी भी विषय में 10+2 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो.

खेलों में प्रवीणता: अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर जूनियर/सीनियर टीम में प्रतिनिधित्व किया हो अथवा अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो.

आयु: पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तारीख को 17 से 21 वर्ष के बीच, अर्थात् उम्मीदवार का जन्म **01 फरवरी, 2000 से 31 जनवरी, 2004 (दोनों तारीखें शामिल)** के बीच हुआ हो.

(ग) मैट्रिक भर्ती (एमआर):

शैक्षिक योग्यता: 10वीं/समकक्ष योग्यता.

खेलों में प्रवीणता: अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में प्रतिनिधित्व किया हो.

आयु: पाठ्यक्रम प्रारंभ होने की तारीख को 17 से 21 वर्ष के बीच, अर्थात् उम्मीदवार का जन्म **01 अप्रैल, 2000 से 31 मार्च, 2004 (दोनों तारीखें शामिल)** के बीच हुआ हो. चुने हुए उम्मीदवार की भर्ती लॉजिस्टिक्स (शेफ) या लॉजिस्टिक्स (स्टीवॉर्ड्स) और हाइजिनिस्ट के रूप में की जाएगी.

3. **वेतन और भत्ते:** प्रारंभिक प्रशिक्षण अवधि के दौरान 14,600/- प्रति माह स्टाइपेंड दिया जाएगा. प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें डिफेंस पे-मैट्रिक्स लेवल-3 (रु. 21,700-43,100) में रखा जाएगा. इसके अतिरिक्त उन्हें रु. 5200/- प्रति माह की दर से एमएसपी और महंगाई भत्ता (लागू अनुसार) अदा किया जाएगा.

4. **बीमा लाभ:-** सभी नाविकों के लिए रु. 50 लाख का बीमा लाभ (अंशदान पर) अदा किया जाएगा.

पदोन्नति और अन्य सुविधाएं:-

5. **पदोन्नति:-** मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर-1 (सूबेदार मेजर के समकक्ष) के रैंक तक पदोन्नति के अवसर उपलब्ध हैं. बेहतर कार्य निष्पादन करने वालों, निर्धारित परीक्षाएं/चयन प्रक्रियाएं उत्तीर्ण करने वाले और समय-समय पर निर्धारित पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले उम्मीदवारों को कमीशंड ऑफिसर के रूप में पदोन्नति के अवसर भी दिए जाएंगे.

6. **सुविधाएं:** (क) प्रशिक्षण की समूची अवधि के दौरान और उसके बाद भी, नाविकों को पुस्तकें, वाचन सामग्री, यूनिफार्म, भोजन और आवास आदि सुविधाएं निशुल्क रूप से प्रदान की जाएंगी.

(ख) नाविकों को स्वयं के लिए और आश्रितों के वास्ते चिकित्सा उपचार और अवकाश यात्रा रियायत, समूह आवास लाभ, बीमा लाभ और अन्य विशेषाधिकार प्रदान किए जाएंगे. नाविकों को मौजूदा विनियमों के अनुसार वार्षिक और आकस्मिक अवकाश का लाभ भी दिया जाएगा. बच्चों की शिक्षा और मकान किराया भत्ता भी अदा किया जाएगा. सेवानिवृत्ति परवर्ती लाभों में पेंशन, ग्रेच्युटी और छुट्टी नकदीकरण आदि शामिल हैं.

7. **चयन मानदंड:** योग्य उम्मीदवारों को निर्दिष्ट नौसेना केंद्रों पर ट्रायल्स में हिस्सा लेने के लिए बुलाया जाएगा. ट्रायल्स में क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों को आईएनएस हमला, मुम्बई में चिकित्सा जांच से गुजरना होगा. भर्ती का प्रस्ताव केवल चुने हुए उम्मीदवारों को भेजा जाएगा, जिसका निर्धारण खेल विशेष में प्रवीणता और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा. चयन ट्रायल्स के स्थान में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा. अधूरे आवेदनों को भी सिरे से खारिज कर दिया जाएगा.

8. **चिकित्सा मानदंड:**

(क) अधिकृत सैन्य चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा जांच की जाएगी, जिसमें यह ध्यान रखा जाएगा कि नाविकों की भर्ती के समय में लागू मौजूदा विनियमों का पालन किया गया हो.

(ख) न्यूनतम कद 157 सेंटीमीटर. भार, सीने के अनुपात में होना चाहिए. न्यूनतम सीना फुलाने की क्षमता 5 सेंटीमीटर होनी चाहिए.

(ग) उम्मीदवार का मानसिक, चिकित्सीय और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होना चाहिए और वह किसी ऐसी बीमारी/ विकलांगता से सम्बद्ध नहीं होना चाहिए, जिसके उसके सक्षम कार्य निष्पादन में बाधा बनने की संभावना हो. रंग धारणा: सीपी-II

(घ) उसे कोई हृदय रोग, सर्जिकल विकृति जैसे नॉक-नी, सपाट पैर आदि नहीं होने चाहिए. उम्मीदवार को कानों में किसी प्रकार का संक्रमण न हो और उसका दौरे आने या मनोरोग होने का कोई इतिहास न रहा हो. उम्मीदवार वेरिकोस वेन, आंखों की दृष्टि के लिए उपचारात्मक सर्जरी से न गुजरा हो.

(ङ) चिकित्सा मानदंड रक्षा मंत्रालय मुख्यालय (नौसेना) की अधिसूचना संख्या (स्पेशल) 01/2008 में वर्णित विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार होने चाहिए.

(च) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे चिकित्सा परीक्षा से पहले अपने कानों का मैल साफ कराएं और दांतों का टार्टर साफ कराएं.

दृष्टि मानदंड

	बिना चश्मे के		चश्मे के साथ	
	बेहतर आंख	विकृत आंख	बेहतर आंख	विकृत आंख
एसएसआर	6/6	6/9	6/6	6/6
एमआर	6/36	6/36	6/6	6/9

नोट: किसी सशस्त्र सेना अस्पताल द्वारा नौसेना में पिछली समान भर्ती के लिए चिकित्सा की दृष्टि से स्थायी रूप से अनुपयुक्त घोषित आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन न करें.

10. **टैटू:** स्थायी बॉडी टैटूज़ की अनुमति केवल बाजू के भीतरी भाग अर्थात् कुहनी से कलाई तक और हथेली के उल्टी तरफ/बैक डोर्सल में होगी. शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी बॉडी टैटू को स्वीकार नहीं किया जाएगा और ऐसे उम्मीदवार भर्ती के लिए अयोग्य समझे जाएंगे.

प्रशिक्षण और प्रारंभिक नियुक्ति

11. **ट्रेनिंग**

कोर्स के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण आईएनएस चिल्का में आयोजित किया जाएगा. उसके बाद आवंटित ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण विभिन्न नौसैनिक प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में दिया जाएगा.

12. **अनुपयुक्त के रूप में डिस्चार्ज:-**

प्रशिक्षण के दौरान कार्य निष्पादन संतोषजनक न पाए जाने के कारण नाविकों को किसी भी समय अनुपयुक्त के रूप में डिस्चार्ज किया जा सकता है. इसके अतिरिक्त यदि तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में खेलों में निष्पादन प्रत्याशित स्तर तक नहीं सुधरेगा, तो ऐसे उम्मीदवारों को डिस्चार्ज किया जा सकता है.

13. **प्रारंभिक नियुक्ति:-** प्रारंभिक नियुक्ति प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के अधीन होगी. प्रारंभिक कार्यावधि 15 वर्ष है.

चयन प्रक्रिया:

14. आवेदन का प्रारूप विज्ञापन के अंत में दिया गया है. चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरण निम्नांकित अनुसार होंगे:

(क) आवेदन केवल साधारण डाक से प्राप्त किए जाएंगे. स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या कूरियर से भेजे गए आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे.

(ख) उम्मीदवारों की संक्षिप्त सूची उनकी उच्चतर खेल उपलब्धियों के आधार पर की जाएगी.

(ग) कॉल अप लैटर्स संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को डाक से भेजे जाएंगे, जिनमें चयन ट्रायल की तारीख, समय और स्थान का उल्लेख होगा.

(घ) चयन ट्रायल के समय उम्मीदवारों को अपने साथ सभी मूल प्रमाणपत्र और अंक तालिकाएं लानी होंगी.

(ङ) भर्ती चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सा की दृष्टि से अस्थायी आधार पर अनुपयुक्त घोषित किए गए उम्मीदवारों को विशेष सैन्य अस्पताल से विशेषज्ञ द्वारा समीक्षा किए जाने का अवसर दिया जाएगा. समीक्षा जांच अधिकतम 21 दिन की अवधि में करानी होगी. इसके बाद कोई समीक्षा/अपील नहीं की जा सकेगी.

(च) भर्ती संबंधी चिकित्सा परीक्षण में स्थायी रूप से अनुपयुक्त घोषित उम्मीदवारों को **21 दिन के भीतर** किसी सैन्य चिकित्सा अस्पताल में विशेषज्ञ राय के लिए अपील करने का अधिकार होगा. इसके लिए उन्हें मिलिटरी रिसिविएबल आर्डर (एमआरओ) के जरिए सरकारी खजाने में रु. 40/- का भुगतान करना होगा. (निर्दिष्ट सैन्य अस्पताल में विशेषज्ञ राय से पृथक चिकित्सा उपयुक्तता प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा).

(छ) चुने हुए उम्मीदवारों की सूची सभी प्रकार से क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों में से खेल विशेष के लिए उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार तैयार की जाएगी. चुने हुए उम्मीदवारों की उम्मीदवारी केवल वर्तमान बैच तक वैध होगी.

(ज) सभी चुने हुए उम्मीदवारों को भर्ती प्रस्ताव के साथ पुलिस जांच फॉर्म भेजा जाएगा और सम्बद्ध जिला पुलिस अधिकारियों द्वारा पूर्व वृतांत की जांच के बाद उम्मीदवारों को यह फार्म भर्ती के समय आईएनएस हमला में प्रस्तुत करना होगा. पुलिस प्रमाणित जांच रिपोर्ट के बिना उम्मीदवारों को भर्ती का पात्र नहीं समझा जाएगा. पुलिस जांच का प्रारूप **www.joinindiannavy.gov.in** से डाउनलोड भी किया जा सकता है.

(झ) 6 महीने के बाद भर्ती/प्रवेश के संबंध में किसी पूछताछ पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

15. **आवेदन कैसे करें:**

क) **आवेदन प्रपत्र:** आवेदन नीचे दिए गए प्रारूप में ए-4 आकार के कागज पर तैयार किया जाना चाहिए. केवल एक आवेदन भेजा जाना चाहिए. किसी एक भर्ती के लिए एक से अधिक आवेदन भेजने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा. आवेदन प्रपत्र इंटरनेट **www.joinindiannavy.gov.in** से डाउनलोड भी किया जा सकता है.

ख) **लिफाफा :** भर्ती का प्रकार, खेल का नाम और उपलब्धियां आवेदन के लिफाफे के बाहर सबसे ऊपर स्पष्ट रूप से लिखे जाने चाहिए. लिफाफा ब्राउन कलर का होना चाहिए. उदाहरण: एजी.

पीओ/एसएसआर/एमआर/एनएमआर 01/2021 कबड्डी - राष्ट्रीय स्तर.

ग) **दस्तावेज की सूची:** आवेदन प्रपत्र में वर्णित दस्तावेज मजबूत धागे से आवेदन के साथ भलीभांति पंच करके नत्थी किए जाने चाहिएं.

घ) **फोटोग्राफ:** उम्मीदवारों को पासपोर्ट आकार के नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ की एक अतिरिक्त प्रति आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी, जिसके पीछे उम्मीदवार का नाम लिखा गया हो और हस्ताक्षर किए गए हों. फोटोग्राफ का बैकग्राउंड नीला होना चाहिए. फोटोग्राफ रहित आवेदन अथवा निर्दिष्ट प्रारूप से भिन्न आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे. कम्प्यूटर जनरेटिड/डिजिटल फोटोग्राफ स्वीकार नहीं किए जाएंगे. **नोट:** साक्ष्यांकित करने वाले अधिकारी का नाम, कार्यालय के पते/मुहर सहित स्पष्ट और पठनीय होना चाहिए.

16. **आवेदन अग्रसारित करना:** आवेदन निम्नांकित पते पर अग्रसारित किया जाए:-

सचिव, भारतीय नौसेना, खेल नियंत्रण बोर्ड, 7वां तल
चाणक्य भवन, एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना), नई दिल्ली -110021

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 07 मार्च, 2021
पूर्वोत्तर, जम्मू और कश्मीर तथा निकोबार, लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप समूह के आवेदकों के लिए - 14 मार्च, 2021

17. **महत्वपूर्ण जानकारी:** इस विज्ञापन में दी गई शर्तें परिवर्तन के अधीन हैं. इसलिए उन्हें दिशा-निर्देश मात्र समझा जाना चाहिए.

- संभावित उम्मीदवारों को यदि कोई कठिनाई हो, तो वे एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) से इस नंबर पर टेलीफोन कर सकते हैं: **011-26887485**

खेल कोटा भर्ती के लिए आवेदन का प्रारूप: एजी. पीओ/एसएसआर/एमआर-01/2021

बैच (विकल्प पर निशान लगाएं)

केवल भारतीय नौसेना कार्यालय के इस्तेमाल के लिए

कोड नं.	वैधता की स्थिति		आवेदन संख्या
	• मान्य	• अमान्य	

1. नाम स्पष्ट अक्षरों में, जैसा कि मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में लिखा गया है.
2. मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र के अनुसार पिता का नाम
3. स्थायी पता, पिनकोड और टेलीफोन नंबर, ईमेल आईडी सहित, यदि कोई हो

   जिला
   राज्य
   टेलीफोन पिन
   ईमेल
4. वर्तमान पता पिनकोड और टेलीफोन नंबर यदि कोई हो, सहित:-

   जिला
   राज्य
   टेलीफोन पिन
   ईमेल
5. उच्चतर शैक्षिक योग्यताओं का विवरण - डीईपीओ/एसएसआर

उत्तीर्ण करने का वर्ष	परीक्षा संचालक प्राणिकरण	राज्य, जिससे परीक्षा उत्तीर्ण की	प्रमाणपत्र का क्रमांक	प्राप्तांक/कुल अंक	प्रतिशत

6. शैक्षिक विवरण - एमआर

उत्तीर्ण करने का वर्ष	परीक्षा संचालक प्राणिकरण	राज्य, जिससे परीक्षा उत्तीर्ण की	प्रमाणपत्र का क्रमांक	प्राप्तांक/कुल अंक	प्रतिशत

7. राष्ट्रीयता:---------- 8. जन्मतिथि (दिन/महीना/वर्ष) ----------

9. वैवाहिक स्थिति	विवाहित	अविवाहित	10. क्या आपको कभी सशस्त्र सेना से डिस्चार्ज किया गया:	हां	नहीं

11. खेल का नाम:

12. प्रतिभागिता का स्तर: अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य/विश्वविद्यालय स्तर

13. पहचान के चिह्न (कम से कम दो)

1.
2.

घोषणा

1. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दी गई समस्त जानकारी मेरे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है और यह आवेदन मैंने स्वयं अपने हाथ से भरा है.
2. मुझे कभी किसी परीक्षा में बैठने से प्रतिबंधित नहीं किया गया और न ही मुझे कभी अनुशासन के आधार पर रक्षा प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों से वापस भेजा गया, और मुझे कभी गिरफ्तार नहीं किया गया, मेरे विरुद्ध कोई मुकदमा नहीं चलाया गया या किसी आपराधिक अदालत द्वारा मुझे दोषी नहीं ठहराया गया और मेरे विरुद्ध पुलिस द्वारा कभी कोई मामला दर्ज नहीं किया गया. मैंने इस बैच के लिए एक से अधिक आवेदन जमा नहीं कराया है.
3. मैं घोषणा करता हूं कि चयन के किसी चरण में, यदि मेरी अपात्रता का पता चलता है और नतीजतन मेरी उम्मीदवारी रद्द की जाती है, तो मैं क्षतिपूर्ति का कोई दावा नहीं करूंगा.
4. मैं भलीभांति जानता हूं कि यदि यह पाया गया कि मैंने जानबूझ कर तथ्य छिपाए हैं, और गलत ढंग से पेश किए हैं, तो मेरी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी और मुझे भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के लिए आवेदन करने से स्थायी रूप में अथवा निर्दिष्ट अवधि के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है.

स्थान : **आवेदक के हस्ताक्षर**

तारीख : **अभिभावक के हस्ताक्षर**

दस्तावेज की सूची: निम्नांकित दस्तावेज क्रम से आवेदन के साथ मजबूत धागे से भलीभांति नत्थी किए जाने चाहिएं:

1. स्वसाक्ष्यांकित प्रति **(क)** मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र (जन्मतिथि की जांच के लिए), **(ख)** 10वीं की अंक तालिका, **(ग)** एनसीसी/खेल प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), **(घ)** अधिवास प्रमाणपत्र.
2. 22×10 सेमी आकार के स्वयं के पता लिखे दो लिफाफे, जिनमें से एक पर 10 रुपये का डाक टिकट लगा हो.

पहचान का प्रारूप

जन्मतिथि (दिन/महीना/वर्ष)

आवेदन संख्या

नाम (स्पष्ट अक्षरों में)

पिता का नाम

पहचान के चिह्न (कम से कम दो)

1.
2.

पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं (स्टेपल न करें)

आवेदक के हस्ताक्षर

एजेंटों/धोखेबाजों से सावधान रहें

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाले व्यक्ति किसी उम्मीदवार को भर्ती का वादा कर सकते हैं और इस बहाने आपसे धन वसूल कर सकते हैं. **हम जोर देकर कहना चाहते हैं कि भर्ती में कोई हेराफेरी संभव नहीं है.** किसी व्यक्ति द्वारा हाथों-हाथ भेजा गया आवेदन रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय (नौसेना) में स्वीकार नहीं किया जाएगा. केवल निर्दिष्ट पोस्ट बाक्सों में प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाएगा, जैसा कि पहले कहा गया है कि सभी आवेदन जांच के लिए स्वीकार किए जाएंगे. अतः संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना), द्वारा कॉल-अप लैटर एवं प्रवेश पत्रक जारी किया जाएगा. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक उपयुक्तता परीक्षण और चिकित्सा जांच जैसी प्रक्रियाएं एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) द्वारा मनोनीत विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा किया जाएगा. किसी भी एजेंट के बहकावे में आने से पहले दो बार सोचें. अगर आप ऐसा सोचते हैं कि आप गैर-कानूनी ढंग से सफलता हासिल कर सकते हैं, तो आपको निराशा हाथ लगेगी. आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के विधि का पालन करने वाले नागरिक बनें और अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करने से बचें.

Scan this QR Code to apply online

अपने मन में दुविधा की गांठ मत लगाइये, दुविधा रहित मन सही निर्णय लेने में कामयाब रहता है - लोरी डोशने

PEOPLE'S UNIVERSITY

Limited Seats **ADMISSION OPEN - PARAMEDICAL**

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

Limited Seats **NURSING**

M.Sc. Nursing	Med Surg. / Psychiatric/ Obg & Gyn/ Paediatric Community Health. Duration - 2 Years , Eligibility : B. Sc.(N)/P.B.B.Sc.(N) with 1yr exp.
G.N.M. Nursing (Diploma)	Duration - 3 Years , Eligibility: 10+2 with 40% marks (Course under M.P. Nurses Registration Council, Bhopal)

1800 120 800 005. 098262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)

R-45257/2021

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर से मान्यता प्राप्त, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश का अंतिम अवसर सत्र 2020-21

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष

क्रमांक 2 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। आवेदन पत्र कॉलेज के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है। R-45265/2021 संचालक

LAKECITY

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रं.-01, जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)-482003
Phone : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा आमंत्रण

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 के अंतर्गत विभिन्न निर्माण/मरम्मत/उन्नयन कार्य 6 वीं वाहिनी वि.स. बल रॉंझी, जबलपुर हेतु निविदा क्र. 05/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_131652, 2021_MPPHC_131653, 2021_MPPHC_131654, 2021_MPPHC_131655) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.03.2021 समय 17.00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100076/45280/2021 **परियोजना यंत्री**

REQUIRED

PRINCIPAL
Professor, Associate Professor, Assistant Professor
Subject : All Subjects

Qualification and Eligibility as per UGC and BCI latest norms.
Send detailed CV on plain paper along with supporting documents within 10 days of this advertisement.

IPS Academy
COLLEGE OF LAW
(Approved by BCI, MP Govt. & Affiliated to DAVV, Indore)
Knowledge Village, Rajendra Nagar, A.B. Road, Indore - 452012, (MP)
Ph No.: 9575027525 - **Principal**, Email : hod.law@ipsacademy.org

Adcom

R-45258/2021

INDORE MAHAVIDYALAYA

Approved by Higher Education, Bhopal (M.P.) & Affiliated by Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.)

Courses Offered • B.Com (Plain) • B.com (Computer Application) • B.B.A. • B.C.A. • B.Sc. (Computer Science) • B.Sc. (Electronics) • B.S.W. • M.S.W. • B.A.

FACULTY REQUIRED

• **Principal** • **H.O.D.** • **Associate Professor** • **Assistant Professor** • **Professor** • **Administrative Officer** • **Librarian** • **Computer Operator** • **Lab Operator** • **Health and Physical Education / Sports Teacher** • **Arts / Music Teacher**

Qualification for all above shall be strictly as per Higher Education Department Bhopal, UGC & Devi Ahilya Vishwavidyalaya norms under college code 28.
To apply send your CV to college email or visit campus within 7 days.

Address : Jambudi Hapsi, Indore (M.P.) Contact : 9644401133, 9202908326
Email ID : indoremahavidyalaya@gmail.com, collegeimi@gmail.com

PANKAJ

R-45264/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-11

NOTICE INVITING TENDER No. 152/MTN/2021

No. 3689/22/D-12/NIT-Maint./2021 Bhopal, Dated : 26.02.2021

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

1. **Table No. 1 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Balaghat	1	12765000.00
2.	Bhopal	1	9178000.00
3.	Hoshangabad	3	21805200.00
4.	Katni	1	2113000.00
5.	Narsinghpur	2	28042000.00
6.	Ratlam	1	4481000.00
7.	Rewa	1	7368000.00
8.	Sidhi	1	6343000.00

2. **Table No. 2 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar	1	8972000.00
2.	Bhopal	1	3238000.00
3.	Harda	1	7491000.00
4.	Jabalpur	1	5841000.00
5.	Narshingpur	1	18121000.00
6.	Ratlam	1	7252000.00
7.	Rewa	1	3141000.00
8.	Sidhi	3	12586000.00
9.	Singrauli	4	26756200.00
10.	Ujjain	3	11146000.00

3. **Table No. 3 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR) (FTN).**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Dhar	1	3244000.00
2.	Khargone	1	4301000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **03.03.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100088/45281/2021 **(T & e-G)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, मुसाखेड़ी, इंदौर

ई-मेल : **eephedind@nic.in**
क्रमांक 1150/निविदा/लो.स्वा.यां. खंड/2021
इंदौर, दिनांक : 23.02.2021

निविदा सूचना

क्र. 67/2020-21

इंदौर जिले के विकासखण्ड इंदौर एवं देपालपुर के विभिन्न ग्रामों में "जल जीवन मिशन" अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटर पंप एवं अन्य संबंधित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिनके टेण्डर आई.डी. क्रमशः **2021_PHED_130933_1 (चतुर्थ), 130934_1 (चतुर्थ) एवं 130935_1 (पांचवां आमंत्रण)** है। समस्त कार्यों की **कुल अनुमानित लागत रु. 959.02 लाख** है। उपरोक्त निविदाओं में ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 09.03.2021, दोपहर 3.00 बजे तक** निर्धारित है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखा जा सकता है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
एवं सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, इंदौर
जी-20082/45276/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)-11
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-50

No. 3702/22/D-12/MPRRDA/2021 Bhopal, Dated : 26.02.2021

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Betul	1	3138988.00
2.	Datia	2	417090.00
3.	Dhar	4	13528000.00
4.	Harda	1	1761591.00
5.	Khargone	1	904632.00
6.	Mandsaur	2	9302235.00
7.	Mandla	2	2810387.00
8.	Rewa	2	3470962.00
9.	Raisen	1	730136.00
10.	Sehore	1	71300.00
11.	Ujjain	2	8683131.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **03.03.2021 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100071/45279/2021 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.-11)

NOTICE INVITING TENDER FOR SQC CONSULTANCY

(E-Procurement Notice)

No. 3731/22/D-12/SQC/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 26.02.2021

Online bids are invited from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Rural Roads being constructed under PMGSY-III for the following districts.

- **No. of Packages – 1**
  Name of Districts/PIU – Agar (Shajapur-2)
- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from **17:00 hrs on 01.03.2021.**
2. Last date of Submission of bid is date **17.03.2021 upto 17.00 hrs.**
   Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Roads and Bridge works August, 2020 on our Website **http://mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100089/45282/2021 **(T & e-G)**

पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट

जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र परिसर, ईदगाह हिल्स, भोपाल

सत्र 2020-21

म.प्र. सह चिकित्सीय परिषद् चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्ध एवं मान्यता प्राप्त संस्थान में निम्न पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश प्रारंभ।

दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री
- MMLT in Microbiology, Biochemistry, Hematology & Histopathology

तीन वर्षीय डिग्री
- BXRT (Bachelor in Radiographer Technician)
- Bachelor in Medical Lab Technician

दो वर्षीय डिप्लोमा
- Diploma in Medical Lab Technician

एक वर्ष सर्टिफिकेट कोर्स
- CT/MRI Technician
- OT Technician

(अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा)

प्रवेश की अंतिम तिथि : 13.03.2021
सम्पर्क : 0755-2736589
ई-मेल : principalparamedicalinstitute@gmail.com

केवल कुछ सीटें ही शेष

R-45260/2021

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे वन विभाग - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जंगली जानवरों के हमलों से किसी भी प्रकार की जन-धन हानि नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में वन विभाग पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करे। सीधी जिले के ग्राम खैरी में जंगली हाथियों के हमले से हुई जन-धन हानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इस प्रकार की घटनाएँ अन्यत्र न हों यह सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में ये निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रमुख सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राजेश श्रीवास्तव, मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक श्री आलोक कुमार आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है सीधी जिले के संजय टाईगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में ग्राम खैरी में गत दिनों जंगली हाथियों के आक्रमण से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी।

समस्त सुरक्षात्मक उपाय करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। वन विभाग इसके लिए विशेष दलों का गठन करे, जिनके पास उपयुक्त वाहन, वायरलेस तथा अन्य सुरक्षात्मक उपकरण हों। दल के कार्यों की निगरानी प्रतिदिन वरिष्ठ अधिकारी करें।

ईको विकास समितियों को सक्रिय करें

जंगली हाथियों और अन्य जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए ग्रामों में ईको विकास समितियों को सक्रिय करें तथा प्रत्येक ग्राम स्तर की एक रिस्पांस टीम बनाई जाए। यह टीम टाईगर रिजर्व के प्रबंधन से लगातार सम्पर्क में रहे। जंगली जानवरों के विचरण के संबंध में ग्रामवासियों को लगातार सूचनाएं दी जाएं।

हाथियों के मूवमेंट पर निगरानी रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी हाथियों के मूवमेंट पर सतत निगरानी रखें। हाथियों के दल को आबादी क्षेत्र से वनों की ओर ले जाने के प्रयास करें। यदि हाथियों का दल बस्ती की ओर आता है, तो ग्रामवासियों को समय रहते सचेत करें, जिससे किसी तरह की दुर्घटना न हो। हाथियों का आबादी क्षेत्र में प्रवेश रोकने के लिये वन विभाग के अधिकारी कार्य-योजना तैयार करें। हाथियों के मूवमेंट के संबंध में लाउड स्पीकर से ग्रामवासियों को लगातार सूचनाएं दें।

ग्रामीणों को जागरूक करें

उन्होंने निर्देश दिए कि जंगली जानवरों से बचाव के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। इस संबंध में जागरुकता अभियान चलाया जाए तथा कार्यशालाएं आयोजित करें। इनमें पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से हाथी विशेषज्ञ बुलाए जाएं।

ऐसे खदेड़ें जंगली हाथियों को

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि जंगली हाथियों को खदेड़ने के लिए मिर्ची पाउडर का उपयोग, पटाखे फोड़ना तथा आग लगाने जैसे उपाय किए जाएं। हाथियों की निरंतर निगरानी के लिए हाथी दल के मुखिया की 'रेडियो कॉलरिंग' के संबंध में विशेषज्ञों से चर्चा की जाए।

परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता मंजूर

सीधी जिले के पोंड़ी बस्तुआ क्षेत्र के ग्राम खैरी में जंगली हाथियों के हमले से दो बच्चों सहित तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में गोरेलाल यादव 50 वर्ष, रामलाल 10 वर्ष तथा रामप्रताप 8 वर्ष की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। साथ ही अन्त्येष्टि के लिये पांच-पांच हजार रुपये की सहायता राशि तथा संकटापन्न परिवारों को दस-दस हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता मंजूर की गई है।

घर की मरम्मत के लिए एक-एक लाख रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाथियों द्वारा जिन घरों को नुकसान पहुंचाया गया है, उनकी मरम्मत के लिये प्रभावित परिवार को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। हाथियों ने जिन आवासों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है, उनके भवन मालिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना से नवीन आवास मंजूर किये जायेंगे।

लापरवाही से विकराल रूप धारण कर सकता है कोरोना - मुख्यमंत्री

सभी जिले क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक तत्काल बुलायें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, कोरोना के संबंध में लगातार सतर्कता जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही विकराल रूप ले सकती है। इन्दौर और भोपाल में तत्काल मास्क की अनिवार्यता सुनिश्चित की जाये। महाराष्ट्र से लगे सभी जिलों में आने वाले व्यक्तियों का परीक्षण किया जाये। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ये निर्देश कोरोना की स्थिति की समीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में दिये। बैठक में सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की तत्काल बैठक कर जिला स्तर पर विद्यमान परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक सावधानी के संबंध में तत्काल निर्णय लें। बैठक में इन्दौर और भोपाल से राज्य के अन्य भागों में होने वाले आवागमन पर सतर्कता के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। महाराष्ट्र से लगे सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना से बचाव की सावधानियां और रोको-टोको जैसी गतिविधियों पर ग्रामीण विकास विभाग सहित समस्त शासकीय अमला तत्काल अभियान आरंभ करे।

शिवरात्रि के मेलों में सतर्कता जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिवरात्रि के पर्व पर प्रदेश में लगाने वाले मेलों में सतर्कता और जागरूकता आवश्यक है। विशेषकर महाराष्ट्र से लगे जिलों में आयोजित होने वाले मेलों में सहभागिता के संबंध में आरटी पीसीआर के परीक्षण की अनिवार्यता पर भी विचार किया जाना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवरात्रि के अवसर पर छिंदवाड़ा और बैतूल में लगने वाले मेलों में महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। संबंधित जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप बैठक कर मेलों के आयोजन और आवश्यक सावधानियों के संबंध में समय रहते निर्णय लें।

मध्यप्रदेश 9वें स्थान पर

बैठक में जानकारी दी गई कि देश में केरल और महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमण प्रभावितों की संख्या में वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश देश में नौवें नंबर पर है। केरल में अब स्थिति नियंत्रण में है। राष्ट्रीय स्तर पर जहां महाराष्ट्र में 42 प्रतिशत और केरल में 33 प्रतिशत प्रकरण प्रतिदिन आ रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश में केवल 2 प्रतिशत ही प्रकरण आ रहे हैं।

पिछले सात दिन में इन्दौर में 773 प्रकरण

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि प्रदेश में पिछले हफ्ते से कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में वृद्धि दिखाई दे रही है। पिछले सात दिनों में प्रतिदिन इन्दौर में 110, भोपाल में 57, जबलपुर में 12 प्रकरण आ रहे हैं। इस अवधि में 773, भोपाल में 397 और जबलपुर में 85 प्रकरण रिपोर्ट हुए हैं। बैतूल, छिंदवाड़ा, बड़वानी, दमोह, सीधी, रतलाम और खरगोन में भी प्रकरण बढ़ रहे हैं।

ब्रिटेन से आये सभी 35 यात्रियों का हुआ परीक्षण

ब्रिटेन में कोरोना के नए स्ट्रेन के प्रभाव को देखते हुए प्रदेश में ब्रिटेन से आए सभी 354 यात्रियों का परीक्षण कराया गया। इनमें से पांच यात्री पॉजिटिव पाए गए, जिनमें इन्दौर के दो और भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर के एक-एक यात्री थे।

कोविड टीकाकरण में मध्यप्रदेश देश में दूसरे नंबर पर

मध्यप्रदेश कोविड टीकाकरण में देश में दूसरे नंबर पर है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि हेल्थ वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर के संयुक्त रूप से टीकाकरण में 75 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। राजस्थान में यह 76 प्रतिशत है। टीकाकरण में राष्ट्रीय औसत 53 प्रतिशत है, जबकि प्रदेश के 37 जिलों में 75 प्रतिशत से भी अधिक टीकाकरण हो चुका है। डिंडौरी 93 प्रतिशत, भिंड 89 प्रतिशत, अलीराजपुर, सीहोर और छतरपुर में टीकाकरण का प्रतिशत 87 है।

जरूरत से अधिक विद्युत सामग्री की नहीं करें खरीदी - ऊर्जा मंत्री

भोपाल, विद्युत वितरण कम्पनी जरूरत से अधिक ट्रांसफार्मर, मीटर और अन्य विद्युत संबंधी सामग्रियों की खरीदी नहीं करे। सामग्री खरीदने के पहले पूरा आकलन किया जाये। सामग्रियों की खरीदी के संबंध में स्पष्ट नीति बनाई जाये। ये बातें ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल स्थित मंत्रालय में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहीं।

श्री तोमर ने कहा कि कहीं भी किसानों को 10 घण्टे से कम विद्युत आपूर्ति नहीं की जाये। जहां इससे कम हुई हो वहां की जांच कर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग की खाली पड़ी भूमि के उपयोग की प्लानिंग करें।

मीटर रीडर को बदलते रहें

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मीटर रीडर को निर्धारित समय अंतराल में बदलते रहें। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही पर तुरंत कार्यवाही करें। आउटसोर्स कर्मचारियों की ट्रेनिंग करवायें और उन्हें प्रमाण-पत्र भी दें। एमडी श्री किरण गोपाल ने बताया कि ट्रेनिंग का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। आईटीआई के माध्यम से ट्रेनिंग दिलवाई जायेगी।

बड़े बकायदारों के विरुद्ध करें कार्यवाही

श्री तोमर ने कहा कि राजस्व संग्रहण के कार्य में तेजी लायें। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम बड़े बकायदारों के विरुद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि लाइन लॉसेस कम करने के लिये सुनियोजित कार्य-योजना बनाएं। ट्रिपिंग कम से कम हो।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भोपाल में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा करते हुए।

माह में हो अधिकतम दो मीटिंग

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि महीने में दो से अधिक मीटिंग नहीं होनी चाहिए, जिससे अधिकारियों को निरीक्षण का पर्याप्त समय मिल सके। सभी अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण करें। सब-स्टेशन में रजिस्टर रखा जाए और उसमें भ्रमण करने वाला अधिकारी टीप अनिवार्य रूप से दर्ज करे।

श्री तोमर ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कार्य-योजना इस तरह से बनाएं कि तीनों कम्पनियों में एकरूपता रहे। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें। इन्हें 31 मार्च के बाद सम्मानित किया जायेगा। कार्यालयों को साफ-सुथरा रखें। ऊर्जा मंत्री ने सागर डिवीजन में किये गये नवाचारों की सराहना की।

इक्कीसवीं सदी के भारत में होगा विक्रमोत्सव का महत्वपूर्ण योगदान

भोपाल, विक्रमोत्सव ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व का आयोजन है। यह विभाग के लिये ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश के लिये गौरव है। इसके माध्यम से उज्जैन का इतिहास, साहित्य एवं परम्पराओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। विक्रमोत्सव का 21वीं सदी के भारत में महत्वपूर्ण योगदान होगा। ये बातें संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने स्वराज भवन में विक्रमोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। बैठक में बताया गया कि उज्जैन में 7 अप्रैल से 13 अप्रैल 2021 तक विक्रमोत्सव का आयोजन होगा।

संस्कृति मंत्री ने कहा कि उज्जैन आध्यात्म की नगरी है। यहां आध्यात्म का शोध केंद्र खोला जाना काफी उपयोगी होगा। इसी तरह धर्मस्व की अधिकांश गतिविधियां उज्जैन से ही संचालित होती हैं। अतः उज्जैन में प्रदेश स्तरीय कार्यालय खोला जाना बेहतर होगा। उन्होंने कुंभ संग्रहालय की स्थापना करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने विक्रमोत्सव के दौरान भारतीय औषधीय पद्धतियों एवं वातावरण को शुद्ध करने के विभिन्न माध्यमों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विक्रमोत्सव के दौरान उज्जैन एवं राजा विक्रमादित्य के यश से संबंधित गतिविधियों को दूर-दूर तक फैलाया जाये। उन्होंने कहा कि राजा विक्रमादित्य पर केंद्रित कविता लेखन के लिये लोगों को प्रेरित करें।

उन्होंने विक्रमादित्य शोध पीठ के अध्यक्ष संस्कृति मंत्री के लिये उज्जैन में कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर की भूमिका पर केन्द्रित कैलेण्डर प्रकाशित कर लोगों को विक्रय किया जाये। उन्होंने कहा कि समय की नगरी उज्जैन की महत्ता को ध्यान में रखकर उपहार में घड़ी का प्रचलन बढ़ाने की कोशिश करें।

सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत-संकल्पित है सरकार

भोपाल, गृह एवं विधि-विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने विधि विभाग की समीक्षा करते हुए अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए आर्थिक प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत-संकल्पित है। कोई भी वर्ग इससे अछूता नहीं रहेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में अधिकतम निवेश लाने के हो रहे हैं प्रयास : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सउदी अरब के उद्योगपतियों के साथ चर्चा करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश में अधिकतम निवेश लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषकर खाद्य प्र-संस्करण इकाईयों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। प्रदेश के बासमती उत्पादक कृषकों के हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए राज्य शासन निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में होने वाली बासमती धान के जीआई टैग के रजिस्ट्रेशन के लिए न्यायालयीन कार्यवाही जारी है। इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर से भी अनुरोध किया गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने यूनाइटेड फार्म्स इन्वेस्टमेंट कंपनी सउदी अरब के श्री सुलेमान अल रूमेह तथा एल.टी. फूड्स लिमिटेड ग्रुप के चेयरमैन श्री वी.के. अरोरा से भेंट के दौरान यह बात कहीं। उद्योगपतियों ने खाद्यान्न तथा पशु चारा के क्षेत्र में निवेश की संभावना के संबंध में चर्चा की।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में मिलेगा सहयोग

इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में सभी क्षेत्रों में निवेश का स्वागत है। किसी भी क्षेत्र में निवेश से स्थानीय अर्थव्यवस्था को जो गति मिलती है, वह आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में भी सहायक होगी। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप में चावल, गेहूं के अलावा सब्जियों, कोदो-कुटकी के विक्रय और निर्यात के लिए प्रयास आरंभ किए गए हैं। जनजातीय क्षेत्रों के स्थानीय उत्पाद देश-विदेश के बाजारों में बिकें, इसके लिए कार्य-योजना पर अमल हो रहा है।

एक जिला-एक उत्पाद से बदलेगी तस्वीर

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में "एक जिला-एक उत्पाद" के अंतर्गत जिलों के लोकप्रिय उत्पाद विश्व बाजार तक पहुंचाने के प्रयास आरंभ किए गए हैं। बुरहानपुर के केले, मंदसौर के लहसुन के साथ ही प्रदेश के कुछ जिलों में मिल उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

भारत के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में है एक समृद्ध विरासत

उज्जैन, भारत के पास विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार में एक समृद्ध विरासत है। देश एक बार फिर जगतगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। विक्रम विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना एवं आगामी-सत्र से विभिन्न अध्ययन शालाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉरेंसिक, फूड टेक्नोलॉजी, हॉर्टिकल्चर और मत्स्य पालन सहित 100 से अधिक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जा रहे हैं। आशा है यह नवीन प्रयास क्षेत्र, राज्य और राष्ट्र के विकास में सहयोग कर विश्वविद्यालय के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेंगे। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने उज्जैन स्थित विक्रम विश्वविद्यालय के 24वें दीक्षान्त समारोह में कहीं। समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें एक नई शिक्षा नीति को स्वीकार करने का सुयोग प्राप्त हुआ है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 21वीं शताब्दी की प्रथम शिक्षा नीति है, जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिये अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। शिक्षा नीति में भारत की महान प्राचीन परम्परा तथा उसके सांस्कृतिक मूल्यों को आधार बनाया गया है। प्रत्येक व्यक्ति में निहित अपरिमित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर नीति में विशेष रूप से बल दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग इस नीति के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा तथा एकाग्रता के साथ निभा रहा है।

दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर डी.पी. सिंह ने कहा कि राष्ट्ररूपी नौका का खिवैया युवा वर्ग ही होता है। उनमें छलकता हुआ जोश, कुछ कर गुजरने का जुनून, आंखों में संजोये हुए भविष्य के सपने, सुन्दर कल की उम्मीद, आसमान को छू लेने की ललक होती है। युवा ही शासक, प्रशासक, शिक्षक, वैज्ञानिक, संगीतकार, साहित्यकार, चिकित्सक, अभियंता एवं कलाकार के रूप में अपने योगदान से सम्पूर्ण विश्व में राष्ट्र की विशेष पहचान स्थापित करते हैं।

विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार पाण्डेय ने स्वागत उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि अवन्तिका के विद्या वैभव को पुनः प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से 1957 ईसवीं में विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। स्थापना के वर्ष से वर्तमान तक विश्वविद्यालय निरन्तर अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अग्रसर है। वर्तमान में विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार उज्जैन संभाग के सात जिलों में फैला है, जिसमें कुल 188 महाविद्यालय एवं 14 शोध केंद्र हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा 31 अध्ययन केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दीक्षान्त समारोह में विशेष उपलब्धियों के लिये वर्ष 2018 और 2019 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, शोधार्थियों को शोध उपाधियां एवं स्नातक तथा स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गई हैं।

लिफ्ट उपकरणों के संचालन, संधारण एवं निरीक्षण के लिये समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन द्वारा प्रदेश में स्थापित सभी लिफ्ट उपकरणों के संचालन, संधारण, निरीक्षण की प्रक्रिया, मानक एवं उत्तरदायित्व निर्धारण की स्थायी प्रक्रिया प्रस्तावित करने के लिये समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष श्री अखिलेश अग्रवाल, परियोजना संचालक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई लोक निर्माण विभाग होंगे।

लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी आदेश में श्री एस.एस. मुजाल्दे, मुख्य अभियंता, (विद्युत सुरक्षा) एवं मुख्य विद्युत निरीक्षक, श्री जी.पी. कटारे, प्रमुख अभियंता, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, श्री अमित गजभिये, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय, अध्यक्ष, केडाई एसोसिएशन और इंडियन आर्किटेक्ट इंस्टिट्यूट के प्रतिनिधि को समिति का सदस्य बनाया गया है।

यह समिति अपना प्रतिवेदन 15 दिवस में प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग को प्रस्तुत करेगी। प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग अपने अंतर्गत विद्युत एवं यांत्रिकी के विशेषज्ञों/अभियंताओं की सेवाएँ आवश्यकतानुसार समिति को उपलब्ध कराएंगे।

उद्योग जगत से प्राप्त सुझावों को नई शिक्षा नीति में किया जायेगा शामिल

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के पुनरीक्षण पर चर्चा करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश में लागू की जा रही नई शिक्षा नीति में उद्योग जगत से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखा जाएगा। खाद्य पदार्थों सहित अन्य वस्तुओं में मिलावट की जांच करने संबंधित पाठ्यक्रमों को भी शामिल किया जाएगा। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत परिणाम आधारित शिक्षण और रोज़गार सुनिश्चित करने के लिए उद्योग जगत से प्राप्त इनपुट के आधार पर स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के पुनरीक्षण पर चर्चा के दौरान कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शामिल किए गए घटकों में मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा नीति का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अभी तक कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक, वाणिज्य सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से सुझाव लिए गए हैं। नई शिक्षा नीति को लागू करने में उद्योग जगत की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

बैठक में उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों ने शिक्षा में ज्ञान के साथ-साथ कुशलता एवं दृष्टिकोण के बिंदुओं को शामिल करने तथा व्यावहारिक ज्ञान एवं रोज़गारमूलक शिक्षा पर जोर दिया। बैठक में प्रभारी आयुक्त उच्च शिक्षा श्री चंद्रशेखर वालिम्बे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

रोज़गारमूलक पाठ्यक्रम संचालित करें विश्वविद्यालय - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के शपथ विधि समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि रोज़गार के अवसर बढ़ाने वाले पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। राज्य सरकार इसके लिए पूरा सहयोग करेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों के कल्याण के लिए राज्य सरकार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पेंशन नियमों में सरलीकरण कर प्रकरणों के निराकरण के लिए महाविद्यालय स्तर पर अधिकार प्रदान किए गए हैं। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में मानवीय संवेदनशीलता का ध्यान रखकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी अपने आपको राज्य सरकार का अभिन्न हिस्सा समझते हुए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें। शासन द्वारा उनकी भरपूर मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों को 2 हजार रुपये चिकित्सा भत्ता एवं मेडिक्लेम के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उन्होंने कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी के सदस्यों को सत्यनिष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई।

महिलाओं को सौंपा जाएगा गौ-शालाओं का संचालन

सागर, महिला स्व-सहायता समूहों को गौ-शाला संचालन का काम सौंपा जायेगा। हमारे समाज में महिलाओं को गृहलक्ष्मी का दर्जा इसलिये दिया गया है, क्योंकि वे जिस काम को करती हैं, उसमें फायदा निश्चित होता है। ये बातें परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने सागर जिले के राहतगढ़ तहसील में महिला स्व-सहायता समूह को संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह को एक करोड़ 50 लाख रुपये की राशि के चेक प्रदान किये।

श्री राजपूत ने कहा कि अभी पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ गौ-शालाओं का संचालन महिला स्व-सहायता समूह को सौंपा गया है। यह प्रयोग सफल रहा, तो आगे अन्य गौ-शालाओं का संचालन भी महिला समूहों को सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं घर के काम ही करती थीं। सरकार ने सोचा कि पुरुषों के साथ महिलाओं को भी ऐसा काम दिया जाये, जो वे घर बैठकर अन्य कामों के साथ कर सकें। गौ-शाला संचालन भी इन्हीं चुनिंदा कामों में से एक है।

श्री राजपूत ने कहा कि समूह में जुड़ने से महिलाओं में आत्मविश्वास, आत्मबल एवं आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ी है। सागर में अभी 1600 समूह विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य इसे बढ़ाकर 2 हजार 500 तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर स्व-सहायता समूहों के लिये एक करोड़ नहीं, 10 करोड़ रुपये की राशि की व्यवस्था भी की जाएगी।

सागर जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता राजपूत ने कहा कि अब वह समय नहीं रहा, जब महिलाएं घर की चहारदीवारी तक सीमित रहती थीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं स्व-सहायता समूह के रूप में काम करेंगी, तो उनकी आमदनी के साथ आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रदेश में 8290 हेक्टेयर क्षेत्र में लघु वनोपज की योजना मंजूर - वन मंत्री

भोपाल, वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा है कि लघु वनोपज संघ द्वारा 8 हजार 290 हेक्टेयर क्षेत्र में लघु वनोपज प्रजातियों के रोपण की योजना मंजूर की गई है। विभागीय वृक्षारोपण में लघु वनोपज प्रजातियों के रोपण का दायरा 5 से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक कराए जाने का निर्णय भी लिया गया है। वन मंत्री ने बताया कि विभागीय पौधारोपण में स्थानीय प्रजातियों के साथ लघु वनोपज से जुड़ी वृक्ष प्रजातियों को प्राथमिकता से लगवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर भागीदारी से बिगड़े वनों के सुधार कार्यक्रम में आगामी 3 वर्ष में 5 हजार ग्राम वन समितियों को लाभान्वित कराया जाएगा। इससे वनों का संरक्षण और ग्रामीणों की आजीविका को सुदृढ़ किया जा सकेगा। वनों के सुधार और जंगलों के बचाव के लिए 317 ग्राम वन समितियों की सूक्ष्म प्रबंध योजना तैयार कर विदोहन प्रारंभ कर दिया गया है।

जल जीवन मिशन

प्रबंधन, क्रियान्वयन, मूल्यांकन और कौशल विकास के लिए 353 करोड़ रुपये का प्रावधान

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत तैयार हो रहीं जलप्रदाय योजनाओं के लिए कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, कार्यान्वयन सहायता संस्थाओं, तृतीय पक्ष मूल्यांकन एवं कौशल विकास प्रशिक्षण आदि की समुचित व्यवस्थायें करते हुए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

इन सभी कार्यों के लिए विभाग द्वारा 353 करोड़ 29 लाख 72 हजार रुपये की मदवार प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। राज्य सरकार ने भी राष्ट्रीय स्तर से जल जीवन मिशन के लिए निर्धारित मापदण्डों के पालन के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की हैं।

कार्य-प्रबंधन इकाई (पीएमयू)

कार्य-प्रबंधन इकाई के अन्तर्गत दो टीमें होंगी। एक टीम तकनीकी सहायता देगी, वहीं दूसरी टीम प्रबंधन समर्थन के लिए मैकेनिज्म पर काम करेगी। प्रदेश की राजधानी सहित 13 संभाग/जिला मुख्यालयों के लिए 80 करोड़ 81 लाख 2 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में 'जिला जल एवं स्वच्छता मिशन' की समिति गठित है। साथ ही जिला स्तर पर मिशन की सहायता के लिये जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई बनाई गई है।

कार्यान्वयन सहायता एजेन्सी (आईएसए)

जल जीवन मिशन के लिए चयनित ग्रामीण क्षेत्र में जलप्रदाय योजनाओं से प्रभावित समुदाय को सुविधा प्रदान करने, जन-सहयोग की सहमति लेने, बुनियादी ढाँचे के प्रबंधन के लिए गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को मार्गदर्शन देने का कार्य एजेन्सी द्वारा किया जाएगा। कार्य के सुचारु संचालन के लिए प्रदेश के सभी जिलों के लिए 152 करोड़ 53 लाख 44 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

तृतीय पक्ष मूल्यांकन संस्थायें (टीपीआई)

प्रदेश की ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के माध्यम से जल उपलब्ध करवाने के लिए बनाई जा रही जलप्रदाय योजनाओं के तृतीय पक्ष मूल्यांकन की व्यवस्था भी की गई है। मूल्यांकन संस्थायें निरीक्षण उपरान्त यह तय करेंगी कि निर्माण संस्था द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार कितना कार्य कर लिया है और किए गये कार्य के विरुद्ध कितने भुगतान की पात्रता बनती है। समूचे प्रदेश में चल रहे कार्यों के तृतीय पक्ष मूल्यांकन व्यवस्था के लिए 102 करोड़ 82 लाख 46 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। प्रत्येक जिले में तृतीय पक्ष मूल्यांकन संस्थायें (टीपीआई) निर्धारित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया सघन मिशन इन्द्रधनुष-3 अभियान का शुभारंभ

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने गांधी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सघन मिशन इन्द्रधनुष-3 अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी और विधायक हुजूर श्री रामेश्वर शर्मा ने अभियान की शुरुआत बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोन काल की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी बच्चों और महिलाओं का टीकाकरण जारी रहा। इस अवधि में जीरो से 5 वर्ष आयु के 29 लाख 33 हजार बच्चों और 8 लाख 48 हजार गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष-3 अभियान प्रदेश के 7 जिलों भोपाल, भिण्ड, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, इन्दौर और खरगोन में संचालित किया जा रहा है। अभियान का दूसरा चरण 22 मार्च से आयोजित किया जायेगा। अभियान में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया जायेगा।

कोरोना वैक्सीनेशन में 76 प्रतिशत लक्ष्य

डॉ. चौधरी ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन में 76 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधी नगर का सिविल अस्पताल में उन्नयन करने के प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। इस अवसर पर सघन मिशन इन्द्रधनुष के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक

विश्वविद्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता का होना जरूरी - राज्यपाल

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल भोपाल में विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करती हुई।

भोपाल, कार्यों में पारदर्शिता, नीति नियम का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। विश्वविद्यालयीन परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होते ही विद्यार्थियों को मार्कशीट और प्रमाण-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध कराएं, जिससे विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन अथवा रोज़गार संबंधी आवेदनों में किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन में 98वीं विश्वविद्यालय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

श्रीमती पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह गरिमामय और भव्यता के साथ होना चाहिए। समारोह की समस्त गतिविधियों के लिये निश्चित प्रक्रिया निर्धारित कर आयोजित करने के निर्देश दिये। निर्माण कार्यों को पूरा करने के साथ ही एजेन्डा अनुसार समय-सीमा में पालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। राज्यपाल ने विद्यार्थियों के हितों के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाये कि किसी एक स्थान पर फीस जमा कर देना विद्यार्थी के पाठ्यक्रम और संस्थान के विकल्पों के चयन में बाधक नहीं हो। इसके लिए प्रवेश के समय शुल्क केन्द्रीयकृत बैंक खाते में जमा कराने संबंधी व्यवस्था का परीक्षण किया जाये।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जाये। उन्होंने उत्तरप्रदेश के चिकित्सा और तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वारा किए गए आपसी समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों विश्वविद्यालय अपने-अपने संसाधनों के आधार पर उपकरणों के निर्माण, मरम्मत और संसाधनों के उपयोग आदि के कार्य एक-दूसरे से करा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के विश्वविद्यालयों को कृषि एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ आपसी समझौते पर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों में छात्रों की सहभागिता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों का यह दायित्व है कि विद्यार्थी को जिम्मेदार नागरिक बनायें। अतः परिसर और बाहर के आयोजनों में विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। ऐसी गतिविधियों को वार्षिक कैलेंडर में स्पष्ट रूप से उल्लेखित करें।

राज्यपाल ने कहा कि कुलपति टीम बनाकर कार्य करें। अनुभवी अधीनस्थ लोगों का सहयोग लें और उन्हें दायित्व सौंपें कि छात्र प्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद के कार्यक्रम हों। उन्होंने कहा कि स्ववित्त पोषण योजना में नये पाठ्यक्रम रोज़गारोन्मुखी होने चाहिए। पाठ्यक्रमों की स्वीकृति, संचालन, संकाय की नियुक्ति और वेतन आदि व्यवस्थाओं में एकरूपता बनाई जाये। उन्होंने नई नियुक्तियों की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ और सभी साक्षात्कारों की रिकॉर्डिंग भी कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विश्वविद्यालयों में अच्छे नवाचारों को निरंतर किये जाने पर जोर दिया।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए तालमेल के साथ कार्य करें। उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर नवाचार के साथ प्रयास करें, तभी वर्तमान समय की चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत विश्वविद्यालयों के बीच पारस्परिक समन्वय और सामंजस्य बनाकर एक-दूसरे की मदद करने की है। प्रदेश की सकल पंजीयन दर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए नियोजित तरीके से प्रयास करने होंगे। दूरस्थ शिक्षा केंद्रों की स्थापना प्रदेश के महाविद्यालयों में की गई है, ऐसे प्रयास विश्वविद्यालयों द्वारा भी किए जाने चाहिए।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय कृषि शिक्षा को विस्तारित करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वित्तीय स्रोतों को बढ़ाने के लिए नई सोच के साथ पीपीपी मॉडल की दिशा में भी प्रयास किए जाने की बात कही। उच्च शिक्षा मंत्री ने अटल विहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय स्रोतों में वृद्धि के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए, आय के स्रोतों को विस्तारित करने की जरूरत बताई। उन्होंने विश्वविद्यालय की परीक्षा, फीस और विभिन्न व्यवस्थाओं में एकरूपता के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

युवाओं को प्रदेश में ही मिलेगा रोज़गार : लोक निर्माण मंत्री

लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप तैयार करने के लिए गठित समिति की बैठक को संबोधित करते हुए।

भोपाल, प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही रोज़गार मुहैया कराया जाएगा। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के तहत रोज़गार सृजन के लिये गठित रोज़गार समूह तीन माह में रिपोर्ट तैयार करेगा। रोज़गार गतिविधियों में वर्तमान संसाधनों को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ नवाचार को बढ़ावा दिया जाए। लोक निर्माण कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने यह निर्देश आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप तैयार करने के लिये गठित अंतर्विभागीय रोज़गार-समूह की बैठक में दिए।

श्री भार्गव ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्यों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य रोज़गार संसाधनों की बढ़ोत्तरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शिक्षित और अशिक्षित युवाओं को प्रदेश में ही रोज़गार और स्व-रोज़गार प्राप्त हो, इसके लिये सभी विभाग समन्वित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि रोज़गार-समूह की आगामी बैठकों में विशेषज्ञ संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आजीविका मिशन और ग्रामोद्योग इकाइयों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार को बढ़ावा दिया जा सकता है। इन समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के विक्रय के लिये बाजार उपलब्ध कराने की विस्तृत कार्य-योजना भी तैयार की जाये।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि आईटी के क्षेत्र में भी प्रदेश में बड़े स्तर पर रोज़गार सृजन किया जा सकता है। उन्होंने रोज़गार सेतु पोर्टल की तर्ज पर प्रदेश की स्किल मैनपावर का पोर्टल तैयार करने का सुझाव दिया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में रोज़गार गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायेगा।

रोज़गार में बढ़ोत्तरी के लिए उच्च शिक्षा में किये जा रहे नवाचार

भोपाल, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से कई परिवर्तन किये जा रहे हैं। ऐसी शिक्षा पद्धति विकसित की जा रही है, जिससे युवाओं को अधिकाधिक रोज़गार मिल सके।

भविष्य में उच्च शिक्षा का नया रूप उभरकर सामने आयेगा। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में रूसा एवं विश्व बैंक परियोजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। कार्यक्रम में जल संसाधन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंत्रीद्वय डॉ. यादव और श्री सिलावट द्वारा महाविद्यालय में एक करोड़ 60 लाख रुपये की राशि से निर्मित भवन, उन्नयित कैंटीन एवं स्वशासी प्रकोष्ठ कक्ष का लोकार्पण और 8 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाविद्यालयों में नये पाठ्यक्रम प्रारंभ कराये जायेंगे। कृषि, चिकित्सा सहित अन्य पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए महाविद्यालयों का पूरा सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय अब जनभागीदारी मद से 50 लाख के स्थान पर एक करोड़ की राशि खर्च कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरोजिनी नायडू महाविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों के साथ-साथ एनसीसी से जुड़े पाठ्यक्रम भी संचालित कराये जाएंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति में मां को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इतिहास में अनेक महिलाओं ने देश के लिए समर्पण भाव से कार्य किया है। झांसी की रानी की तरह रानी दुर्गावती ने भी आजादी की लड़ाई में योगदान दिया है। महिलाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।

जल संसाधन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि शिक्षा के मध्यम से ही परिवर्तन की बुनियाद संभव है। मध्यप्रदेश को आगे ले जाने के कार्य में हमारी बेटियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बेटियां अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। कोरोना से निर्भीक होकर मुकाबला करें।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मारियो द्राघी

इटली के प्रधानमंत्री बने

यूरोपियन सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रमुख मारियो द्राघी इटली के नये प्रधानमंत्री बन गये हैं। 73 वर्षीय द्राघी सुपर मारियो के नाम से प्रसिद्ध हैं। उनके सामने फिलहाल सबसे बड़ी चुनौतियां कोरोना महामारी और खराब आर्थिक स्थिति है। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रिमंडल का गठन भी कर लिया है। अपने मंत्रिमंडल में उन्होंने राजनीतिज्ञों के साथ टेक्नोक्रेट्स को भी स्थान दिया है।

हाइब्रिड सुपर कार

मैकलारेन ने की लॉन्च

कार निर्माता मैकलारेन ने अपनी नई हाइब्रिड सुपर कार अरटूरा लॉन्च की है। इसे मैकलारेन की हाइब्रिड पावर वाली मेनस्ट्रीम कार कहा जा रहा है। अरटूरा के टायरों में कम्प्यूटर चिप लगे हुये हैं। इन कम्प्यूटर चिप के जरिये टायर प्रेशर और टेम्प्रेचर जैसी जानकारी मिलती है। यह अभी तक की सबसे हाईटेक कार मानी जा रही है।

फातिमा

16 करोड़ रुपये लॉटरी में जीते

बेंगलुरु की 14 माह की फातिमा जानलेवा स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) बीमारी से पीड़ित हैं। इन्हें जीवन रक्षा के लिये इंजेक्शन के एक खुराक की जरूरत थी, जिसकी कीमत तकरीबन 16 करोड़ रुपये थी। इस बच्ची ने हाल ही में दवा कंपनी नोवार्टिस की लॉटरी जीत ली, जिससे इंजेक्शन का खर्च निकल आया। 16 करोड़ के इंजेक्शन से जीन थैरेपी के जरिये फातिमा को एक खुराक से नया जीवन दान मिल गया।

ब्यास नदी

बी क्लास नदी बनी

ब्यास नदी को 'बी क्लास' नदी का खिताब मिला है। इसके हिसाब से नदी का जल पीने लायक माना गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 2019 में ब्यास नदी के जल को शुद्ध करने की प्रक्रिया शुरू की थी। नदियों के जलस्तर में 'सी क्लास' न तो नहाने न ही पीने योग्य होता है। 'बी क्लास' नदी का पानी छानकर और 'ए क्लास' नदी का पानी बिना छाने पीने योग्य माना जाता है।

अल्पाइन वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप

विमान से की अद्भुत कलाकारी

इटली की अल्पाइन वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप को दुनिया की सबसे रोमांचकारी और साहसिक प्रतियोगिताओं में से एक माना जाता है। वायुसेना की एरोबैटिक टीमें आकाश में हैरतअंगेज प्रदर्शनी से लोगों को रोमांचित करती हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन पर इतालवी वायुसेना की एरोबैटिक टीम ने एल्प्स पवर्तमालाओं के ऊपर कलाबाजी पेश की। भारत के तिरंगे जैसे तीन रंगों से नीला गगन बेहद खूबसूरत नजर आ रहा था।

डॉग लूलू

मालिक ने डॉग के लिये छोड़े करोड़ों रुपये

अमेरिका के टेनेसी में रहने वाला 8 साल का डॉग लूलू अब दुनिया का सबसे अमीर डॉग बन गया है। उसके कारोबारी मालिक ने उसके लिये 50 लाख डॉलर (करीब 37 करोड़ रुपये) छोड़े हैं। जो भी व्यक्ति लूलू की देखभाल की जिम्मेदारी उठायेगा उसे कारोबारी के वकील (लूलू का संपत्ति संरक्षक) से यथा योग्य राशि दी जायेगी। लूलू के मालिक विल डोरिस की पिछले साल नवंबर में मौत हो गयी थी। वे वकायदा लूलू के लिये विल पॉवर बना कर गये हैं।

प्रीति सिन्हा

यूएन पूंजी विकास कोष की सचिव बनीं

भारतवंशी प्रीति सिन्हा यूएन पूंजी विकास कोष की कार्यकारी सचिव नामित हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष (यूएनसीडीएफ) ने भारतीय मूल की इन्वेस्टमेंट और डेवलपमेंट बैंकर को चयनित कर आदेश जारी किया। प्रीति ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने ज्यूडिथ कारल की जगह ली है, जो संयुक्त राष्ट्र के साथ 30 साल के कैरियर के बाद सेवानिवृत्त हो गये।

अनुराधा

दिव्यांग ने जीता गार्गी पुरस्कार

राजस्थान के हनुमानगढ़ की अनुराधा के दिमाग को छोड़ कर शरीर का कोई भी अंग काम नहीं करता है। उन्होंने सभी बाधाओं को पार करते हुये 12वीं में 85 प्रतिशत अंक हासिल किये और गार्गी पुरस्कार जीता। वे अपने हाथों से किताब तक नहीं उठा पाती हैं। उनका 13 वर्षीय भाई भी दिव्यांग है और 10वीं कक्षा में 73 प्रतिशत अंक लाया है। राजस्थान के संगरिया में पुरस्कार वितरण के दौरान अनुराधा को उनकी माँ गोद में उठा कर लायी थीं।

संयुक्त अरब अमीरात

होप प्रोब ने ली मंगल की पहली तस्वीर

संयुक्त अरब अमीरात ने मंगल का चक्कर काटने वाले होप प्रोब द्वारा ली गई पहली तस्वीर जारी की है। इस तस्वीर में मंगल की सतह से सूरज की रोशनी निकलती दिख रही है। इसमें मंगल का उत्तरी ध्रुव और मंगल का सबसे बड़ा चंद्रमा ओलिम्प्स मून्स नजर आ रहा है। यह तस्वीर अमल और होप अंतरिक्ष प्रोब द्वारा ली गई है। प्रोब मंगल की कक्षा से होकर गुजरा है।

बिस्किट कप

कोल्हापुर के तीन युवाओं ने बनाया

महाराष्ट्र के कोल्हापुर के तीन युवाओं ने प्लास्टिक और कागजी कचरे से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को टालने के लिये 'बिस्किट कप' तैयार किया है। चाय, दूध या कॉफी पीने के बाद इन बिस्किट कपों को खाया जा सकता है। दिग्विजय गायकवाड़, आदेश कारंडे और राजेश खामकर ने अपने इस प्रोजेक्ट को 'मैग्नेट एडिबल कटलरी' नाम दिया है।

रोबो आर्टिस्ट ने

बनाया अपना पोट्रेट

दुनिया की पहली रोबोट आर्टिस्ट एडा (Ai-Da) ने अपना पोट्रेट तैयार कर लिया है। लॉकडाउन नियमों में अगर छूट मिली तो मई-जून के बीच लंदन के डिजाइन म्यूजियम में इसे दुनिया देखेगी। पोट्रेट के अलावा एडा प्रकृति, मौसम और बदलती तकनीक पर भी कई चित्र तैयार कर चुकी है। एडा यह काम कम से कम समय में कर लेती है। भविष्य में आर्किटेक्ट के तौर पर एडा से काम लिये जाने की तैयारी की जा रही है।

सोनाली निझावन

अमेरिकॉर्प्स स्टेट एंड नेशनल की निदेशक बनीं

भारतीय मूल की सोनाली निझावन को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अमेरिकॉर्प्स स्टेट एंड नेशनल की निदेशक नियुक्त किया है। सोनाली की नियुक्ति बाइडेन प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अमेरिकॉर्प्स ने कहा कि उम्मीद है कि सोनाली अपनी नयी भूमिका में प्रशासन के एजेंडे का समर्थन करने के लिये सेवा का उपयोग करेंगी।

रश्मि सामंत

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष बनीं

भारतीय छात्रा रश्मि सामंत ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष चुनी गई हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय हैं। रश्मि लिनकेयर कॉलेज से एमएससी कर रही हैं। रश्मि ने चुनाव प्रचार के दौरान कैंपस से सभी साम्राज्यवादियों की मूर्ति हटाने की पैरवी की थी। उन्होंने कर्नाटक के उडुपी में प्रारंभिक शिक्षा हासिल की है। छात्र संघ की 2021-22 के लिये निर्वाचित अध्यक्ष रश्मि सामंत की टीम में कुछ और भारतीय भी हैं।

एलिजाबेथ एस्तेते

पेरू की विदेश मंत्री ने दिया इस्तीफा

पेरू की विदेश मंत्री एलिजाबेथ एस्तेते ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। देश में गुप्त तरीके से सरकारी अधिकारियों के टीकाकरण और खुद भी चुपचाप टीका लगवाने के आरोपों के चलते लोगों के आक्रोश का केंद्र बनीं एलिजाबेथ ने राष्ट्रपति फ्रांसिस्को सगास्ती को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

रोहित चोपड़ा

सीएफपीबी निदेशक बने

भारतीय मूल के रोहित चोपड़ा को अमेरिकी सरकार ने ब्यूरो ऑफ कंज्यूमर फाइनेंशियल प्रोटेक्शन (सीएफपीबी) का निदेशक बनाकर सीनेट भेज दिया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान के अनुसार कोलंबिया के रहने वाले चोपड़ा अगले पांच वर्षों तक इसी पद पर बने रहेंगे। इससे पहले वे इसी संस्थान में सहायक निदेशक के पद पर काम कर चुके हैं इसके अलावा अमेरिका के शिक्षा विभाग में वे विशेष सलाहकार भी रह चुके हैं।

मिशेल ओबामा

जल्द ही कुकरी शो में दिखेंगी

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा जल्द ही नेटफिलिक्स के पारिवारिक कुकिंग शो में कठपुतलियों के साथ कुकिंग करती नजर आयेंगी। वेफल्स + मोची नाम का नया शो 16 मार्च से स्ट्रीमिंग सर्विस पर लॉन्च होगा। इस शो का मकसद बच्चों को सेहतमंद आहार का महत्व सिखाना है। मिशेल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिये इस एपिसोड सीरीज की घोषणा की है।

प्रोणिता गुप्ता

जो बाइडेन की विशेष सहायक बनीं

भारतीय मूल की प्रोणिता गुप्ता को घरेलू नीति परिषद में श्रम एवं कामगारों के लिये अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का विशेष सहायक नामित किया गया है। इससे पहले गुप्ता सेंटर फॉर लॉ एंड स्पेशल पॉलिसी (सीएलएएसपी) में जॉब क्वालिटी टीम की निदेशक थीं।

ई-छावनी पोर्टल

रक्षा मंत्री ने किया लॉन्च

रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह ने ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल एप लॉन्च किया है। देशभर में 62 छावनी बोर्डों के 20 लाख से अधिक निवासियों को ऑनलाइन नागरिक सेवायें प्रदान करने के लिये यह पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल के जरिये छावनी क्षेत्रों के निवासी सिर्फ एक क्लिक से पट्टों के नवीनीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये आवेदन और विभिन्न करों के शुल्कों का भुगतान कर सकेंगे।

आकांक्षा अरोड़ा

यूएन महासचिव पद की दावेदार

भारतीय मूल की आकांक्षा अरोड़ा ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में महासचिव पद के लिये दावेदारी की है। 34 वर्षीय आकांक्षा यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम में ऑडिट को-ऑर्डिनेटर के पद पर हैं। आकांक्षा ने कहा कि अब प्रगतिशील यूएन बनाये जाने की आवश्यकता है।

ब्रिटेन में

दुर्लभ कैक्टस में खिला फूल

ब्रिटेन में पहली बार दुर्लभ अमेजोनियन कैक्टस में फूल खिला। इसे 'मूनफ्लावर' (रात में खिलने वाला फूल) भी कहा जाता है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी को बोटैनिक गार्डन के विशेषज्ञों ने बताया कि यह कैक्टस ब्रिटेन का एक मात्र पौधा है। इसलिये इसके खिलते फूल को दिखाने के लिये सूर्यास्त से सूर्योदय तक करीब 12 घंटे लाइव स्ट्रीमिंग की गई।

स्मृति शेष

उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रामा जोइस का निधन

बिहार और झारखण्ड के पूर्व राज्यपाल एम. रामा जोइस का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी भी निभाई थी। वे प्रख्यात कानूनविद् थे और उन्होंने राज्यसभा के सदस्य के तौर पर भी अपनी सेवायें दी थीं।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस सावंत का निधन

सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज पीवी सावंत का 90 वर्ष की उम्र में पुणे में निधन हो गया। वह 1989 में सुप्रीम कोर्ट के जज बने थे और 1995 में रिटायर हुये थे। वे प्रेस काउंसिल के चेयरमैन भी रहे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

काम में आने वाली कठिनाइयों से डरने की बजाय उसका सामना करना चाहिये – रॉस पेरो

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

विज्ञापन पत्र क्रमांक/563/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2021 **सिवनी, दिनांक : 16.02.2021**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनु. लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
47/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 16.02.2021	2021_ PHED_ 129552_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड मुख्यालय छपारा की आवर्धन जल प्रदाय योजना के अंतर्गत वैनगंगा नदी पर फुट ब्रिज निर्माण, कलेक्शन वेल पर पम्प हाऊस निर्माण, कलेक्टशन वेल पर प्रोटेक्शन वर्क, फ्लश मिक्सर निर्माण, क्लोरीफ्लोक्यूलेटर निर्माण, वेस्ट वॉटर डिस्पोस्ल, सम्पवेल निर्माण कार्य, घरेलू नल कनेक्शन एवं पूर्व से निर्मित कलेक्शन वेल का गहरीकरण इत्यादि कार्य।	155.43	1,55,430/-	12,500/-	03.03.2021	03.03.2021	270 दिवस (वर्षाकाल सहित)	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केंद्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार

जी-19630/45248/2021 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड, रीवा (म.प्र.)

E-mail ID :- eephemrewa@rediffmail.com, Ph. No. : 07662-251023 & Fax : 07662-241414

क्रमांक 538/तक/का.यं./लो.स्वा.यां./मैके. खण्ड/2020-21 **रीवा, दिनांक : 15.02.2021**

ई-निविदा सूचना क्रमांक 68/2020-21 तृतीय आमंत्रण
System Tender No. 2020_PHED_120981_3

(1) निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 19.02.2021 प्रातः 10.30 बजे से डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 19.02.2021 प्रातः 10.30 बजे से टेण्डर फार्म क्रय की **अंतिम तिथि 01.03.2021 सायं 5.00 बजे तक** बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 19.02.2021 प्रातः 10.30 बजे से एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 01.03.2021 को सायं 5.00 बजे तक निर्धारित है। तकनीकी निविदा लिफाफा-A एवं B खोलने की तिथि 03.03.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे एवं वित्तीय ऑफर लिफाफा-C खोलने (Manadatory 'A' & Financial bid Open) का दिनांक 06.03.2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाइट **(http//www.mptenders.gov.in)** पर प्रदर्शित है।

(3) कार्य का विवरण :-

उमरिया जिले के विकासखण्ड पाली, मानपुर, करकेली अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ट्यूबवेल पर आधारित पाइप लाइन जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

योजना का नाम	विकासखण्ड	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	प्रतिभूति राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
पैली	पाली	12088487/-	120885/-	12500/-	5 माह वर्षाऋतु सहित
पतनार खुर्द					
इटौर					
वडवाही (सकरिया)	मानपुर				
घर्घोड़					
झीमा	करकेली				
तेन्दुहा					
कथली	मानपुर				
रोहनिया					

उपरोक्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी के लिये निविदा प्रपत्र पर देखी जा सकती हैं एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री

जी-19626/45246/2021 **लोक स्वा.यां. मैकेनिकल खण्ड, रीवा (म.प्र.)**

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ई-मेल :- cepwdcapital@mp.nic.in
दूरभाष/फैक्स क्रमांक 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 02/सा/01/विविध/रा.प./2019 (वर्ष 2021) **भोपाल, दिनांक : 17.02.2021**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https:// mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. हरदा हडिया मुख्य मार्ग से शिशु मंदिर हरदाखुर्द पिडगांव बोरवालाबाबा बेडाटप्पर भुन्नास मार्ग तक निर्माण कार्य लं. 10.00 कि.मी.।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	रिमार्क
2021_PWDRB_ 129822_1	हरदा	प्लान	द्वितीय	884.74	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. ग्राम पंचायत सेमरा के केमखेड़ी (घोड़ा चौक) से कालीटोर (ग्राम पंचायत शाहपुर भरतीपुर) तक मार्ग निर्माण लं. 7.00 कि.मी.।

2021_PWDRB_ 129823_1	रायसेन	प्लान	द्वितीय	555.15	ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाने हैं।
			योग	1439.89	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 10.03.2021 (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता (राज. परि.)

जी-19673/45251/2021 **लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
निर्माण भवन, प्लॉट नं. - 27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.-31/2020/निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ **भोपाल, दिनांक : 17.02.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. श्यामला हिल्स, भोपाल पुलिस स्टेशन के पास स्थित भूमि पर अर्वन थाना निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2021_PWPIU_ 129763_1	भोपाल	222.97	222970/-	15000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. श्यामला हिल्स, भोपाल में मुख्यमंत्री निवास हेतु पार्किंग निर्माण कार्य।

2021_PWPIU_ 129774_1	भोपाल	71.78	71780/-	10000/-	06 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. मुख्यमंत्री निवास श्यामला हिल्स, में नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।

2021_PWPIU_ 129812_1	भोपाल	1580.33	1000000/-	30000/-	18 माह वर्षाकाल सहित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. वल्लभ भवन एवं विधानसभा के बीच स्थित रोटरी एवं हेलिपैड निर्माण कार्य।

2021_PWPIU_ 129826_1	भोपाल	70.70	70700/-	10000/-	04 माह वर्षाकाल सहित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल **ऑनलाइन दिनांक 17.02.2021 समय 10.30 से दिनांक 04.03.2021 समय 17.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अतिरिक्त परियोजना संचालक (मुख्य अभियंता)

जी-19629/45247/2021 **लो.नि.वि., पी.आई.यू., भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धार

फोन :- 07292-222342 (An ISO9001:2015 Certified Office)
eepheddha@mp.nic.in

नि.सू.क्र./47/2020-21 **धार, दिनांक : 17.02.2021**

निविदा सूचना

निम्न निविदा संबंधी विवरण की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि दिनांक 01.03.2021 शाम 5.30 बजे तक** निर्धारित है। उपरोक्त निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी। उक्त संशोधन केवल वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

नि.सू.क्र. एवं कार्य का नाम :- **47/2020-21** - खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अंतर्गत नालछा विकासखण्ड के ग्राम अंबापुरा, हैदरी, मेघापुरा एवं शिकारपुरा में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

टेण्डर आई.डी. क.	टेण्डर आई.डी. की संख्या	कार्य की कुल अनु. लागत (रु. लाख में)	कार्य पूर्णता की अवधि	निविदा आमंत्रण
2021_PHED_129796	1	286.28	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

नि.सू.क्र. एवं कार्य का नाम :- **47/2020-21** - खण्ड धार में जलजीवन मिशन के अंतर्गत नालछा विकासखण्ड के ग्राम अचाना-मुण्डाना, ढाल - पलासमाल, जलवाय, झाडीवडोदा एवं पिपल्या में पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी, संपवेल कम पंप हाउस, मोटरपंप आपूर्ति एवं सहायक कार्य।

2021_PHED_129797	1	436.55	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम

नि.सू.क्र. एवं कार्य का नाम :- **47/2020-21** - धार खण्ड में जलजीवन मिशन के अंतर्गत तिरला विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों की शालाओं एवं आंगनवाड़ियों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था कार्य।

2021_PHED_129798	1	218.36	03 माह वर्षाकाल सहित	तृतीय

कार्यपालन यंत्री एवं सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन

जी-19671/45250/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धार**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मुरैना
सूबात रोड, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक 635-36/निविदा/नि.सू.क्र. 21/2020-21 **मुरैना, दिनांक : 16.02.2021**

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क कार्यों हेतु दर अनुसूची प्रभावशील दिनांक 29.08.2017 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - 1. ए.बी. केनाल तिलावली से मंजीतपुरा मार्ग लं. 4.00 कि.मी.। 2. ए.बी. केनाल माता का पुरा सिंगरौली से माधौगढ़ मार्ग लं. 5.60 कि.मी.। 3. वीरमपुर से चौड़ेरा मार्ग लं. 1.50 कि.मी.। **कुल लं. 11.10 कि.मी.।**

टेण्डर आई.डी. क्र.	अनुमानित लागत (रुपयों में)	अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2021_PWDRB_ 129617	72537000/- (सात करोड़ पच्चीस लाख सैंतीस हजार)	725370/-	20000/- + Portal Charges	18 माह (वर्षाकाल सहित)

कार्य का नाम :- सड़क निर्माण कार्य - 2. ए.बी. केनाल से कलुआपुरा रन्छोरपुरा, उदयपुरा से रजौदा मार्ग लं. 6.00 कि.मी.। 2. ए.बी. केनाल से गुर्जा बरैंड डबोखरी मार्ग लं. 3.10 कि.मी.। 3. नरहेला से डगरियापुरा मार्ग लं. 2.10 कि.मी.। **कुल लं. 11.20 कि.मी.।**

2021_PWDRB_ 129618	71834000/- (सात करोड़ अठारह लाख चौंतीस हजार)	718340/-	20000/- + Portal Charges	18 माह (वर्षाकाल सहित)
योग - 02 कार्य	**144371000/- (चौदह करोड़ तैंतालीस लाख इकहत्तर हजार)**			

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक - 17.02.2021, समय 17.30 बजे।
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक - 17.02.2021, समय 17.30 बजे।
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय **अंतिम दिनांक - 03.03.2021, समय 17.30 बजे।**
4. ऑनलाइन बिड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक - 17.02.2021, समय 17.30 बजे।
5. ऑनलाइन बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक - 03.03.2021, समय 17.30 बजे।
6. बिड ओपनिंग दिनांक - 04.03.2021, समय 17.30 बजे।

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. निविदाएं ऑनलाइन ही प्रस्तुत की जावें, भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।
F. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त नियम एवं संशोधन प्रभावशील होंगे।

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग मुरैना
जी-19631/45249/2021 **फोन नं. 07532-226361**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, जबलपुर

ई-मेल - eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक : 0761-2344814

निविदा क्रमांक 132-145/व.ले.लि./का.यं./लोस्वायांवि/2020-21 **जबलपुर, दिनांक : 16.02.2021**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार कार्यों की ऑनलाइन डिजिटल मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका अवलोकन वेबसाइट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किए जा सकते हैं।

Name of Work - Providing 4 wheel vehicle with Driver for Public Health Engg. Department Zone Office, Circle Office, Division and Sub Division Office in Distt. Jabalpur.

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	कार्यालय का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य
132/16.02.2021	128519	Division and Sub Divison Office	12.60	25200/-	2000/-
133/16.02.2021	129656	Zone Office, Circle Office	5.76	11520/-	2000/-

Name of Work - Providing Safe Drinking Water Arrangement in School Anganwadi, Society, Gram Panchayat, Primary Health Centre in various Villages and Blocks of District Jabalpur.

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	विकासखण्ड का नाम	निविदा की कुल लागत रु. लाख	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य
134/16.02.2021	129930	Panagar	189.55	189550/-	12500/-
135/16.02.2021	129934	Shahpura	192.55	192550/-	12500/-
136/16.02.2021	129936	Shahpura	194.57	194570/-	12500/-
137/16.02.2021	129938	Shahpura	135.53	135530/-	12500/-
138/16.02.2021	129941	Majholi	171.37	171370/-	12500/-
139/16.02.2021	129943	Majholi	120.94	120940/-	12500/-
140/16.02.2021	129947	Jabalpur	173.10	173100/-	12500/-
141/16.02.2021	129953	Jabalpur	149.78	149780/-	12500/-
142/16.02.2021	129954	Patan	127.52	127520/-	12500/-
143/16.02.2021	129956	Patan	113.58	113580/-	12500/-
144/16.02.2021	129958	Sihora	88.31	88310/-	10000/-
145/16.02.2021	130041	Sihora	179.71	179710/-	12500/-

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की **अंतिम तिथि - 02.03.2021, समय 17.30 बजे तक।**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 02.03.2021, समय 17.30 बजे तक।
ऑनलाइन दर खोलने की अंतिम तिथि - 04.03.2021, समय 11.00 बजे।
जी-19770/45252/2021 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
रेस्ट हाउस कैम्पस, पन्ना (म.प्र.)

ई-मेल -dpepiupanna@gmail.com, मो.नं.-9424394199

एनआईटी नं.-05/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण//एपीडी/पीआईयू/415 **भोपाल, दि. : 18.02.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. गुनौर जिला पन्ना आईटीआई में 03 ट्रेड भवन का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2021_PWPIU_ 128955_1	पन्ना	243.97	243970/-	15000/-	18 माह (वर्षाकाल सहित)	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. मोहन्द्रा जिला पन्ना आईटीआई में 03 ट्रेड भवन का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)।

2021_PWPIU_ 128960_1	पन्ना	243.97	243970/-	15000/-	18 माह (वर्षाकाल सहित)	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल **ऑनलाइन दिनांक 22.02.2021 समय 9.00 AM से दिनांक 08.03.2021 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-19808/45255/2021 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., पन्ना**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
मैकेनिकल खण्ड, उज्जैन

E-mail Add :- emujn@rediffmail.com, Ph. No. : 0734-2551568 & Fax No. : 0734-2560965

क्रमांक 297 तक/का.यं./लो.स्वा.यां./मैके. खण्ड/20-21 **उज्जैन, दिनांक : 19.02.2021**

द्वितीय/तृतीय आमंत्रण

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड, उज्जैन के अंतर्गत मैकेनिकल खंड, उज्जैन के जिला देवास एवं शाजापुर जिले के विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल प्रदाय कार्य हेतु 5 मीटर ऊंचाई के एम.एस. स्ट्रक्चर पर पॉलीथिन टंकी की स्थापना कर पाइप लाइन द्वारा घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय कार्य हेतु ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षरित केंद्रीय पंजीयन प्रणाली लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र अपेंडिक्स-2.10 पर आमंत्रित की जाती है निविदा हेतु अभिलेखों जैसे प्रतिभूति राशि पावती, उक्त कार्य हेतु केंद्रीय पंजीयन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग में पंजीयन प्रमाण-पत्र आदि, निविदा अनुसार निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	निविदा क्रमांक	जिला	निविदा के प्राक्कलन की अनु. लागत राशि (रु.)	निविदा खुलने की दिनांक	धरोहर राशि (रु.)	निविदा प्रपत्र की राशि (रु.)
2021_PHED_126463	20 (2nd Call)	देवास	12963730/-	2.3.2021	129637/-	12500/-
2021_PHED_126466	12 (2nd Call)	शाजापुर	15508610/-	2.3.2021	155086/-	12500/-
2021_PHED_128656	15 (2nd Call)	रतलाम	18824666/-	2.3.2021	188247/-	12500/-
2021_PHED_128657	16 (3rd Call)	रतलाम	18146321/-	2.3.2021	181463/-	12500/-
2021_PHED_128658	13 (2nd Call)	मंदसौर	13237684/-	2.3.2021	132377/-	12500/-
2021_PHED_128659	14 (3rd Call)	मंदसौर	12915217/-	2.3.2021	129152/-	12500/-
2021_PHED_128715	11 (2nd Call)	शाजापुर	18954895/-	2.3.2021	189548/-	12500/-
2021_PHED_128938	17 (2nd Call)	नीमच	17003555/-	2.3.2021	170036/-	12500/-
2021_PHED_128944	19 (2nd Call)	देवास	14436424/-	2.3.2021	144364/-	12500/-
2021_PHED_128958	8 (2nd Call)	देवास	13113406/-	2.3.2021	131134/-	12500/-
2021_PHED_128969	9 (2nd Call)	देवास	13739153/-	2.3.2021	137392/-	12500/-

नोट :-

7. निविदा का विवरण निविदा आमंत्रण सूचना विवरण एवं **Kry dates** की जानकारी **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
8. ठेकेदार ई-टेंडर पोर्टल में पंजीयन कराएं।
9. भविष्य में किए जाने वाले संशोधन को समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। यह संशोधन केवल **https://mptenders.gov.in** में प्रकाशित किए जाएंगे।

जी-19809/45256/2021 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग-खण्डवा

क्र. /निविदा/लोस्वायांवि/2021/725 **खण्डवा, दिनांक : 12.02.2021**

निविदा सूचना क्रमांक -56/2020-21

जल जीवन मिशन अंतर्गत खण्डवा जिले के ग्रामों में स्थापित शासकीय शालाओं एवं आँगनवाड़ियों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाये जाने हेतु पाइप लाइन जोड़ना, बिछाना, परीक्षण कार्य, एचडीपीई टंकी प्रदाय एवं स्थापना, मोटर पम्प स्थापना कार्य मय 15 दिवस परीक्षण अवधि हेतु ऑनलाइन निविदाएं-टेण्डर आई.डी. क्रमांक 2021_PHED_128730_1, 2021_PHED_128730_2, 2021_PHED_128730_3 एवं 2021_PHED_128730_4 से आमंत्रित की जाती है, जिनमें निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि दिनांक 05.03.2021 समय दोपहर 17.00 बजे तक** निर्धारित है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रु. 513.18 लाख है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई-टेण्डर पोर्टल **www.mptenders.gov.in/nicegp/app** पर देखी जा सकती है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री एवं सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन
जी-20074/45263/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खण्डवा**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सिवनी (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)

विज्ञापन पत्र क्रमांक/255/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2021 **सिवनी, दिनांक : 25.01.2021**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

निविदा सूचना क्र./ दिनांक	ई-टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक	कार्य का नाम	कुल अनु. लागत (रु. लाख में)	कुल अमानती राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि	ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	समय अवधि	ठेकेदार की श्रेणी
40/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 25.01.2021	2021_ PHED_ 125696_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के ग्राम झगरा, सरेखा (पांजरा) एवं बेहना टोला में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना के रेट्रोफिटिंग कार्य एवं ग्राम कंजई में नलजल प्रदाय योजना क्रियान्वयन कार्य के अंतर्गत 10,000 एल.पी.एच. क्षमता का फ्लोराइड रिमूवल प्लांट (बी.ओ.क्यू. अनुसार), फ्लोराइड रिमूवल हैण्डपम्प अटेचमेंट यूनिट (बी.ओ.क्यू. अनुसार) प्रदाय, स्थापना परीक्षण, कमीशनिंग, घरेलु नल कनेक्शन, श्री फेस सबमर्सिबल पम्प सेट प्रदाय एवं स्थापना, रेडीमेड मिनी पम्प हाउस प्रदाय एवं स्थापना, 20 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (झगरा), 75 कि.ली. एवं 12 मी. स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (झगरा), पाइप प्रदाय, बिछाने एवं जोड़ने इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी, 90 दिवस के ट्रायल रन सहित कार्य। **समूह क्रमांक 01**	199.24	1,99,240/-	12,500/-	01.03.2021	01.03.2021	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केंद्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार
40/नि.प्र./ 2020-21 दिनांक 25.01.2021	2021_ PHED_ 125697_1	जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड केवलारी के ग्राम ग्वारी, (सालीवाड़ा), कोहका (बगलई) में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना के रेट्रोफिटिंग कार्य एवं ग्राम खापा (खैरांजी) में नलजल प्रदाय योजना क्रियान्वयन कार्य के अंतर्गत 2,000/5,000/10,000 एल.पी.एच. क्षमता का फ्लोराइड रिमूवल प्लांट (बी.ओ.क्यू. अनुसार), प्रदाय, स्थापना परीक्षण, कमीशनिंग, घरेलु नल कनेक्शन, श्री फेस सबमर्सिबल पम्प सेट प्रदाय एवं स्थापना, रेडीमेड मिनी पम्प हाउस प्रदाय एवं स्थापना, 75 कि.ली. क्षमता एवं 12 मी. ऊंची आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण (ग्वारी (सालीवाड़ा), 20 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल, पाइप प्रदाय, बिछाने एवं जोड़ने इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी, 90 दिवस के ट्रायल रन सहित कार्य। **समूह क्रमांक 02**	195.42	1,95,420/-	12,500/-	01.03.2021	01.03.2021	270 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केंद्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'स' सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केंद्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार

जी-19804/45254/2021 **कार्यपालन यंत्री**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड खुरई, जिला - सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : (07581) 240050, E-mail - eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in)** पर खुरई जिला सागर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओव्हरहेड टैंक, पाइप लाइन, घरेलू कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन एवं अन्य सहायक कार्यों हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

स. क्र.	निविदा क्रमांक /दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास-खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	292/ 22.02.21	2021_PHED_ 131007_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Umrai, (2) Rajauwa, (3) Bamnora (Agasiras) in Block Malthone.	188.16	188160/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
2.	293/ 22.02.21	2021_PHED_ 131008_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Madawan Payak, (2) Madaiya Mafi, (3) Atakarnelgarh in Block Malthone.	191.32	191320/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
3.	294/ 22.02.21	2021_PHED_ 131009_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Dabdera, (2) Agasiras in Block Malthone.	145.51	145510/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
4.	295/ 22.02.21	2021_PHED_ 131011_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Bamhori, (2) Parsone in Block Malthone.	146.37	146370/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि : 25.02.2021 From 11.30
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि : 06.03.2021 Upto 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर अपलोड की अंतिम तिथि : 06.03.2021 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि : 08.03.2021
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेवसाइट पर ऑफलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेवसाइट पर देखें।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री
जी-20070/45262/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड खुरई, जिला - सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक : (07581) 240050, E-mail - eephedkhurai@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in)** पर खुरई जिला सागर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आर.सी.सी. ओव्हरहेड टैंक, पाइप लाइन, घरेलू कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन एवं अन्य सहायक कार्यों हेतु निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

स. क्र.	निविदा क्रमांक /दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास-खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	301/ 25.02.21	2021_PHED_ 131609_1	खुरई	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village Pithoriya in Block Khurai..	194.73	194730/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
2.	302/ 25.02.21	2021_PHED_ 131611_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village Rajwas in Block Malthone.	122.84	122840/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
3.	303/ 25.02.21	2021_PHED_ 131612_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Jhikni, (2) Pali Raiyatwari in Block Malthone.	122.72	122720/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
4.	304/ 25.02.21	2021_PHED_ 131613_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Seepur Khas, (2) Bishraha in Block Malthone.	107.86	107860/-	15000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
5.	305/ 25.02.21	2021_PHED_ 131614_1	मालथौन	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village (1) Dari, (2) Semra Kachhi in Block Malthone.	80.45	80450/-	10000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित
6.	306/ 25.02.21	2021_PHED_ 131615_1	जैसीनगर	Retrofitting of PWSS under JJM with Construction of R.C.C. OHT (As per BOQ) including all allied work at Village Semra Gopalman in Block Jaisinagar.	40.89	50000/-	5000/-	06 माह वर्षाऋतु सहित

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि : 26.02.2021 From 11.30
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि : 06.03.2021 Upto 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर अपलोड की अंतिम तिथि : 06.03.2021 Upto 17.30
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि : 08.03.2021
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेवसाइट पर ऑफलाइन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेवसाइट पर देखें।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री
जी-20108/45274/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)**

जब तक कोरोना की दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष 07296-245865, ईमेल - eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 21/2020-21 धार, दिनांक 25.02.2021

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साईट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/** पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला धार के खंड सरदारपुर के अंतर्गत विकासखण्ड सरदारपुर के विभिन्न ग्रामों में नल जल प्रदाय योजना से शासकीय संस्थान, स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावास में सामग्री प्रदाय कर एवं मजदूरी कार्य की लागत सहित पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना एवं किये गये कार्य का 15 दिन तक सफल परीक्षण कर कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :-

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2021_PHED_131499	समूह क्र. 11	77.22	77,220/-	10000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	3 माह वर्षाकाल में पूर्ण कर 15 दिनों का सफल परीक्षण करने का कार्य।
2021_PHED_131599	समूह क्र. 14	65.26	65,260/-	10000/-		

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 08.03.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 08.02.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : **10.03.2021 11.00 बजे**
नोट :- निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, एटीएम कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट एवं आय.टी. जेड केश कार्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-20097/45273/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.)

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, म.प्र.
राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92. 94, 95, फैक्स : 2552363, 2760561

क्रमांक 365/राशिके/NTSE-NMMS/2021 भोपाल, दिनांक : 17.02.2021

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून
प्रवेश परीक्षा, जून - 2021

1. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है। यह कॉलेज 1922 में स्थापित हुआ, जिसका प्रमुख उद्देश्य भारत की तीनों सेनाओं में छात्रों को पूर्ण रूप से तैयार करके राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे, में अग्रिम प्रशिक्षण के लिए भेजना है।
2. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए केवल **छात्र (बालक) ही आवेदन करने के पात्र हैं।** प्रवेश केवल आठवीं कक्षा में ही होता है और किसी कक्षा में प्रवेश नहीं होता है। जनवरी 2022 के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा देश के चुनिन्दा स्थानों पर **5 जून, 2021 (शनिवार)** को होगी।
3. **आयु सीमा : जनवरी 2022** सत्र में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा **01 जनवरी, 2022 को 11½ वर्ष से कम** और **13 वर्ष से अधिक** नहीं होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का **जन्म 02 जनवरी, 2009 से पहले और 01 जुलाई, 2010 के बाद नहीं होना चाहिए।**
4. **शैक्षिक योग्यता** : राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून के **जनवरी 2022 सत्र** में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को प्रदेश के समय अर्थात **1 जनवरी, 2022** को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास कर चुका हो।
5. **परीक्षा की रूपरेखा** : परीक्षा की रूपरेखा निम्नवत है :-
15. **इनमें से किस भारतीय स्पिनर ने टेस्ट क्रिकेट में शतक बनाया है?**
(अ) आर. अश्विन
(ब) हरभजन सिंह
(स) अनिल कुंबले
(द) उपरोक्त सभी

16. **फीफा वर्ल्ड कप-2010 में किस खिलाड़ी को गोल्डन बॉल अवॉर्ड दिया गया था?**
(अ) डिएगो फॉरलान
(ब) लुईस सुआरेज
(स) फिलिप लाम
(द) वेस्ले स्नाइडर

17. **इस वर्ष किस टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती है?**
(अ) मुंबई (ब) बड़ौदा
(स) तमिलनाडु (द) कर्नाटक

18. **इनमें से कौन-सा खेल टोक्यो ओलिंपिक-2020 में शामिल नहीं है?**
(अ) शतरंज (ब) बॉस्केटबॉल
(स) गोल्फ (द) रग्बी

19. **डस्टिन पोइरियर किस खेल में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) कुश्ती
(ब) मुक्केबाजी
(स) ताइक्वांडो
(द) मिक्स्ड मार्शल आर्ट

20. **ए सेंचुरी इस नॉट इनफ किस भारतीय खिलाड़ी की आत्मकथा का नाम है?**
(अ) वीरेन्द्र सहवाग
(ब) राहुल द्रविड़
(स) सौरव गांगुली
(द) वीवीएस लक्ष्मण

21. **अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जिमी कोनर्स ने कितने ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?**
(अ) सात (ब) आठ
(स) दस (द) इनमें से कोई नहीं

22. **एशियन गेम्स-2018 में किस देश ने फुटबॉल में पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) जापान
(ब) सउदी अरब
(स) दक्षिण कोरिया
(द) ईरान

23. **इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का मुखिया बनने वाले पहले भारतीय हैं?**
(अ) शशांक मनोहर
(ब) जगमोहन डालमिया
(स) सुनील गावस्कर
(द) इनमें से कोई नहीं

24. **वर्ष 2020 में वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?**
(अ) इंग्लैंड (ब) क्रोएशिया
(स) वियतनाम (द) कजाकिस्तान

25. **इस वर्ष बिग बैश लीग का खिताब किस टीम ने जीता है?**
(अ) ब्रिसबेन हीट्स
(ब) मेलबर्न स्टार्स
(स) सिडनी थंडर्स
(द) सिडनी सिक्सर्स

उत्तर

1. (द), 2. (ब), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (अ), 7. (द), 8. (स), 9. (ब),10. (अ), 11. (ब), 12. (द), 13. (स), 14. (ब), 15. (द), 16. (अ), 17. (स), 18. (अ), 19. (द), 20. (स), 21. (ब), 22. (स), 23. (ब), 24. (अ), 25. (द)।

- **पुष्पेंद्र कुमार सविता**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

हिन्दी - पल्लवन/विस्तारण

सामान्य परिचय -

पल्लवन/विस्तारण का शाब्दिक अर्थ होता है - किसी गुम्फित अथवा सुगठित विचार को विस्तार देना। अंग्रेजी में इसके लिए एम्पलीफिकेशन (Amplification) शब्द का प्रयोग किया जाता है।

पल्लवन/विस्तारण वस्तुतः संक्षेपण का विलोम है। पल्लवन में किसी सूक्ति अथवा सारगर्भित कथन के मूल भाव को केन्द्रित कर क्रमबद्ध तथा प्रवाहपूर्ण ढंग से इस प्रकार प्रस्तुत करते हैं कि उसकी सभी बातें स्पष्ट हो जाएं।

पल्लवन के सामान्य गुण -

1. पल्लवन के लिए दिए गये वाक्य, गद्यांश आदि को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए जिससे लेखक का मंतव्य ठीक तरह से समझ में आ जाये। आवश्यक होने पर यह कार्य एक से अधिक बार भी किया जा सकता है।
2. सूक्ति या कथन के मूल भाव या विचार को ध्यान में रखकर उस पर मनन करना चाहिए और उससे संबंधित बातों को नोट कर लेना चाहिए।
3. महत्व के उक्त भावों या विचारों को क्रमबद्ध करके लिख लेना चाहिए। यह क्रम वह हो जिसके अनुसार आप पल्लवन करेंगे।
4. कथन, उक्ति या वाक्य के मूल भाव को पुष्ट करने के लिए आवश्यक उदाहरणों, उद्धरणों एवं दृष्टांतों को लिख लेना चाहिए। इस प्रकार पल्लवन या विस्तारण का प्रारूप तैयार हो जाता है।
5. पल्लवन की भाषा शैली सरल, स्पष्ट और प्रवाहपूर्ण होनी चाहिए। शैली व्यास प्रधान हो अर्थात हर बात की व्याख्या की जानी चाहिए। पल्लवन करते समय सूत्रात्मक या समास शैली से बचना चाहिए, अन्यथा उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।
6. पल्लवन या विस्तारण सदैव अन्य पुरुष में होना चाहिए। पल्लवन करते समय प्रथम पुरुष के सर्वनामों और प्रत्यक्ष कथन का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।
7. पल्लवन करते समय दिए गए अंश में जो भाव अथवा विचार निहित हों, उसको स्पष्ट या पुष्ट करने के लिए किसी कथा, कहानी अथवा संदर्भ का समावेश निःसंकोच किया जा सकता है।
8. पल्लवन के मध्य किसी अंश या कथन की आलोचना या प्रत्यालोचना के लिए स्थान नहीं होता है। ऐसे स्थलों पर किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी भी नहीं की जानी चाहिए।

कतिपय उदाहरण

1. आचरण सभ्यता की कसौटी है।

सद्गुणों का विकास और सद्व्यवहार सभ्यता की पहचान है। अतः स्पष्ट है कि सभ्यता की कसौटी अच्छा आचरण होता है। क्योंकि आचरण का निर्माण गुणों व सद्वृत्तियों द्वारा होता है। सद्गुणों एवं सद्वृत्तियों का बाह्यरूप अथवा व्यक्त रूप आचरण होता है - वही सभ्यता की कसौटी बनता है -

आचरण को धर्म, तप और ज्ञान की संज्ञा दी गई है।

आचारः परमोधर्मः आचारः परमं तपः।

आचारः परम् ज्ञानं आचारात् किम् न साध्यते।

सत् का आचरण करने वाला व्यक्ति ही सज्जन अथवा सभ्य हो सकता है।

2. 'कविता करना पुण्य का काम है'

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के मतानुसार 'जगत् के नाना रूपों' और व्यापारों के सामने जब कभी मनुष्य अपनी पृथक सत्ता की धारणा से छूटकर अनुभूति मात्र रह जाता है। तब वह मुक्त हृदय हो जाता है। अर्थात् कवि और श्रोता एवं पाठक सभी कविता में मग्न होने पर अपने-पराए की बात भूल जाते हैं।

कविता की इसी विशेषता को लक्ष्य करके गोस्वामी तुलसीदास जी ने लिखा है कि -

कीरति भनिति भूति भल सोई/सुरसरि सम सबकरि होई।

अतएव स्पष्ट है कि कविता करना पुण्य का काम है।

कवि अपनी रचना द्वारा लोक कल्याण करता है।

3. मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

मन का अर्थ होता है - मन का बल-मनोबल यानी आत्मविश्वास, मनोबल के सहारे ही व्यक्ति किसी काम में लगा रहता है और शक्ति-संचय करता रहता है। मनोबल के अभाव में उसका प्रेरणा स्रोत सुख जाता है और वह हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाता है। इसी को लक्ष्य करके मनुस्मृति में कहा गया है कि "मन एवं मनुष्याणां कारणं वन्ध-मोक्ष्यो" अर्थात् मन ही मनुष्य के बंधन एवं मोक्ष का कारण है।

जीत का अर्थ होता है - संघर्ष में विजयी होना और यह तभी सम्भव है जब मन में जीत के प्रति पूर्ण विश्वास हो। आत्मविश्वास द्वारा ही व्यक्ति संघर्ष में प्रवृत्त रहता है। ऐसे आत्मविश्वासी संघर्षशील व्यक्ति की हार कभी होती ही नहीं है। महात्मा गांधी ने भी कहा था - सत्याग्रही की हार कभी नहीं होती है।

4. बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।

हानि, पीड़ा, बाधा या अहित के कारण व्यक्ति के मन में जो प्रतिकारपूर्ण मनोविकार उत्पन्न होता है। उसे क्रोध कहा जाता है। क्रोध में प्रतिपक्षी की हानि करने का भाव रहता है। परन्तु कभी-कभी प्रतिपक्षी की शक्ति एवं सामर्थ्य को ध्यान में रखकर क्रोध को धारण करने वाला व्यक्ति प्रतिकार में तत्पर नहीं होता है और उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा करने लगता है। क्रोध का यह भाव धारणकर्ता के मन में बद्धमूल हो जाता है और कालान्तर में बैर का रूप धारण करता है। यह प्रक्रिया ठीक वैसी ही है जैसे - किसी पदार्थ का अचार या मुरब्बा बनाते समय होती है। पदार्थ (आम, सेव, आंवला) तो वही रहता है, परन्तु उसके रूप और गुण बदल जाते हैं। इसी से कहा जाता है कि "क्रोध का स्थायी रूप वैर है" और वैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है।

5. महत्वाकांक्षा का मोती संघर्षों की सीपी में पलता है।

निरन्तर प्रयत्न और मार्ग में आने वाली बाधाओं एवं कठिनाइयों में जूझते रहने का नाम संघर्ष है। जितना महान लक्ष्य होगा उसके मार्ग में आने वाली बाधाएं भी उतनी ही बड़ी और अधिक होंगी। स्पष्ट है कि संघर्षों के मध्य ही महत्वाकांक्षा परिपक्वता को प्राप्त होती है। ज्यों-ज्यों व्यक्ति संघर्षों पर विजय प्राप्त करता जाता है, त्यों-त्यों आकांक्षा अपने महान लक्ष्य को अपने निकट देखने लगती है।

विश्व में आज तक जितने भी महापुरुष हुए हैं। उन सबको संघर्षों से जूझना पड़ा था। चाणक्य, सिकन्दर तथा कालीदास से लेकर तुलसी, सूर, नेपोलियन, गांधी आदि। समस्त महापुरुषों का जीवन संघर्षमय रहा है। मोती सीप में पलता है। महत्वाकांक्षा संघर्षों के मध्य सिद्धि को प्राप्त होती है। जीवन का महानतम् लक्ष्य 'मुक्ति' माना जाता है। मुक्ता मोती का पर्याय है। अतः जीवन की महत्वाकांक्षा को मोती-रूप कहना सर्वथा सार्थक है। जो व्यक्ति जीवन में कुछ करना चाहता है। जीवन में आकांक्षा रूपी मोती को प्राप्त करना चाहता है। उसको संघर्षों के मध्य गुजरने के लिए तैयार रहना चाहिये।

6. धर्म की रसात्मक अनुभूति का नाम भक्ति है।

धर्म भावना हमें विश्व के कण-कण में ब्रह्म का साक्षात्कार करने की प्रेरणा करती है। इस भाव-भूमि पर हम विश्व के कण-कण में परमात्मा का दर्शन करते हैं और उसके प्रति आत्मीयता का अनुभव करते हैं।

इस आत्मीयता के मूल में दो प्रेरणाएं ठहरती हैं - प्रेम और श्रद्धा। आत्मरूप होने के कारण हम कण मात्र से प्रेम करते हैं और ब्रह्म या परमप्रभु की व्यक्त सत्ता के कारण हम उसके समक्ष लघुत्व का अनुभव करते हैं। अर्थात् उसके प्रति श्रद्धा रखते हैं। इस प्रकार प्रेम और श्रद्धा का योग हमें भक्ति भाव से भर देता है और हम एक विशेष प्रकार की आनन्दानुभूति करते हैं।

गोस्वामी तुलसीदास ने भी भक्ति का लक्षण सचराचर में ब्रह्म की सत्ता का आभास पाकर उसके प्रति सेवा भाव बताया है -

सो अनन्य गति जाके मति न टरइ हनुमंत।

मैं सेवक सचराचर रूप स्वामि भगवंत।।

इसी संदर्भ में यह भी दृष्टव्य है कि तुलसीदास ने परहित को धर्म माना है।

परहित सरिस धर्म नहि भाई।

पर पीड़ा सम नहि अधमाई।।

वह चेतन के प्रति प्रेम व श्रद्धा का योग वस्तुतः आनन्दानुभूति का हेतु बनता है। अतः यह कथन सर्वथा सार्थक है कि धर्म की रसात्मक अनुभूति का नाम भक्ति है।

7. परिवर्तन ही जीवन है।

उत्पत्ति, वृद्धि और मृत्यु - यही जीवन का क्रम है। स्पष्ट है कि जीवन में प्रत्येक क्षण परिवर्तन होता रहता है।

नदी निरंतर बहती रहती है। उसका जल प्रतिपल बदलता रहता है - इसी कारण उसका जल पवित्र और शुद्ध माना जाता है। तालाब और पोखर का पानी स्थिर रहता है, अतः अशुद्ध माना जाता है और पेय नहीं समझा जाता है।

परिवर्तन हमको नित्य नए अनुभव कराता है और हम सदैव नवीनता का अनुभव करते हुए जीवंत बने रहते हैं। यदि परिवर्तन न हो, तो हमारा जीवन ऊब से भर जाए।

सभ्यता एवं विकास परिवर्तन की ही देन है। उन्नति, प्रगति और विकास परिवर्तन की महत्ता को बताते हैं। प्रवाहता का नाम ही परिवर्तन है और जीवन वही सार्थक है जिसमें पानी की तरह प्रवाहता-परिवर्तनशीलता हो।

- **डॉ. राम मनोहर उपाध्याय**
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश - सामान्य ज्ञान

प्र. (1) मध्यप्रदेश का शुद्ध बोया गया कृषि क्षेत्रफल कितना है -
(A) 152 लाख हेक्टेयर
(B) 261 लाख हेक्टेयर
(C) 109 लाख हेक्टेयर
(D) 113 लाख हेक्टेयर
उत्तर - (A)
व्याख्या - मध्यप्रदेश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाला राज्य है। यहां कुल बोया गया क्षेत्रफल 261 लाख हेक्टेयर है जबकि शुद्ध बोया गया क्षेत्र 152 लाख हेक्टेयर है।
→ द्विफसली क्षेत्रफल = 109 लाख हेक्टेयर
→ शुद्ध सिंचित = 113.5 लाख हेक्टेयर
→ कुल सिंचित = 126.86 लाख हेक्टेयर

प्र. (2) मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई है (किमी) -
(A) 70900 (B) 67200
(C) 8858 (D) 2000
उत्तर - (C)
व्याख्या - भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का गठन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक्ट 1988 के तहत किया जाता है।
→ देश में राष्ट्रीय राजमार्ग - 132499 कि.मी.
→ मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग - 8858 किमी.
→ PWD द्वारा अनुरक्षित सड़कें - 70900 किमी. (म.प्र.)
→ मध्यप्रदेश में कच्ची सड़कें - 2000 कि.मी.
→ मध्यप्रदेश में पक्की सड़कें - 67200 कि.मी.

प्र. (3) मध्यप्रदेश में कुल कार्यशील जनसंख्या में कृषकों का प्रतिशत है -
(A) 31 (B) 19
(C) 38 (D) 17
उत्तर - (A)
व्याख्या - मध्यप्रदेश की कुल कार्यशील जनसंख्या 43.47% है जिसमें से 31.18 प्रतिशत कृषक हैं। प्रदेश की कुल स्त्री जनसंख्या में 32.64% कार्यशील स्त्रियां हैं जो देश में 25.51% हैं।

प्र. (4) मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय है -
(A) 59929 Rs.
(B) 95706 Rs.
(C) 134432 Rs.
(D) 80000 Rs.
उत्तर - (A)
व्याख्या - वर्ष 2019-20 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय स्थिर भाव पर रुपये 59929 तथा प्रचलित भाव पर 99763 रु. रही। जबकि देश में यह क्रमशः 95706 एवं 134432 रु. थी।

प्र. (5) मध्यप्रदेश की प्रशासनिक इकाईयों के संदर्भ में निम्न में से गलत जोड़ा है -
(A) नगर/शहर - 476
(B) तहसील - 376
(C) ग्राम - 54903
(D) नगर पालिका - 99
उत्तर - (B)
व्याख्या - मध्यप्रदेश की डायरी 2021 अनुसार प्रदेश की नवीनतम जानकारी निम्नवत है -
* तहसील - 424
* विकासखण्ड - 313
* नगर निगम - 16
* नगर पालिका - 99
* नगर परिषद - 293
* ग्राम पंचायत - 22812
* पुलिस जोन - 11
→ उपलब्ध विद्युत क्षमता - 20866 मेगावॉट
→ उचित मूल्य दुकानें - 25149
→ समेकित बाल विकास कार्यक्रम - 453 (ICDP)

प्र. (6) मध्यप्रदेश में राजधानी नगर से संबंधित नहीं है -
(A) ग्वालियर (B) इंदौर
(C) रीवा (D) जबलपुर
उत्तर - (D)
व्याख्या - मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना 1 नवंबर 1956 को निम्न राज्यों (रियासतों) से की गई -
1. मध्य प्रांत वरार - नागपुर
2. मध्यभारत - ग्वालियर, इंदौर
3. विन्ध्य प्रदेश - रीवा
4. भोपाल राज्य
उक्त राज्यों में से जबलपुर किसी भी राज्य की राजधानी नहीं रही।

प्र. (7) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 26वें मुख्य न्यायाधीश हैं -
(A) मो. रफीक
(B) ए.के. मित्तल
(C) एस.के. सेठ
(D) हेमंत गुप्ता
उत्तर - (A)
व्याख्या - संविधान के अनुच्छेद 214 में उच्च न्यायालय उल्लेखित है। म.प्र. उच्च न्यायालय के 26वें मुख्य न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफीक ने 03 जनवरी 2021 को पदभार ग्रहण किया। म.प्र. हाईकोर्ट में वर्तमान में 27 न्यायाधीश कार्यरत हैं।

प्र. (8) मध्यप्रदेश लोकायुक्त एक्ट कब पारित हुआ -
(A) 1985 (B) 1981
(C) 1975 (D) 1990
उत्तर - (B)
व्याख्या - मध्यप्रदेश में म.प्र. लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त एक्ट 1981 वर्ष 1981 में पारित किया गया। अक्टूबर 2017 से जस्टिस नरेश कुमार गुप्ता म.प्र. के लोकायुक्त पद पर आसीन हैं।
म.प्र. लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त (संशोधन) अधिनियम 2014 के तहत लोकायुक्त की कार्यअवधि 06 वर्ष निर्धारित है।

प्र. (9) मध्यप्रदेश के निम्न संस्थान व स्थापना वर्ष में गलत है -
(A) राज्य सतर्कता आयोग - 1964
(B) राज्य मानवाधिकार आयोग - 1993
(C) मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग - 1994
(D) मध्यप्रदेश विधानसभा - 1956
उत्तर - (B)
व्याख्या - मानव अधिकार संरक्षण एक्ट 1993 के तहत सितम्बर 1995 में मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया।

प्र. (10) मध्यप्रदेश में गरीबी रेखा का प्रतिशत है (लगभग) -
(A) 32% (B) 22%
(C) 37% (D) 40%
उत्तर - (A)
व्याख्या - तेन्दुलकर समिति के अनुसार वर्ष 2011-12 में मध्यप्रदेश की 31.6 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे थी, जिसमें ग्रामीण 35.7% तथा शहरी जनसंख्या का 21% गरीबी रेखा से नीचे था।
- ग्रामीण गरीबी रेखा - 771/- प्रति व्यक्ति मासिक
- शहरी गरीबी रेखा - 897/- प्रति व्यक्ति मासिक
2012 में रंगराजन समिति ने प्रदेश में 44.3% व्यक्तियों को गरीबी रेखा से नीचे माना।

प्र. (11) मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड द्वारा विद्युत उत्पादन की संस्थापित क्षमता कितनी है -
(A) 6315 MW
(B) 9820 MW
(C) 10960 MW
(D) 9000 MW
उत्तर - (A)
व्याख्या - पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा 5400 MW ताप विद्युत तथा 915 MW जल विद्युत उत्पादन क्षमता है। सिंगाजी ताप विद्युत खंडवा से सर्वाधिक 2520 MW का उत्पादन होता है।

प्र. (12) जोहिला नदी पर स्थापित जल विद्युत गृह कहां है -
(A) सिरमौर
(B) बिरसिंहपुर
(C) देवलोंद
(D) सिलपरा
उत्तर - (B)
व्याख्या - उमरिया जिला के बिरसिंहपुर में 20 मेगावॉट का जल विद्युत गृह जोहिला नदी पर स्थापित है।
→ सिरमौर जिला रीवा बीहर नदी 315 MW (बाणसागर)
→ देवलोंद, शहडोल, सोन नदी 60 MW (बाणसागर)
→ सिलपरा, रीवा, नहर 30 MW (बाणसागर)

प्र. (13) मध्यप्रदेश में पंचायत राज अधिनियम कब बना -
(A) 1962 (B) 1956
(C) 2000 (D) 2012
उत्तर - (A)
व्याख्या - मध्यप्रदेश में पंचायत राज व्यवस्था में एकरूपता लाने हेतु वर्ष 1962 में पंचायत राज एक्ट बना। 73वें संविधान संशोधन एक्ट 1992 के अनुरूप प्रदेश में पंचायत राज एक्ट 25 जनवरी 1994 को लागू किया गया, इसके तहत मई-जून 1994 में प्रथम निर्वाचन सम्पन्न कराये गये।

प्र. (14) राज्य पुनर्गठन के पूर्व लीलाधर जोशी किस प्रदेश के मुख्यमंत्री थे -
(A) मध्यभारत
(B) CP & Barar
(C) विंध्यप्रदेश
(D) भोपाल
उत्तर - (A)
व्याख्या - राज्य पुनर्गठन पूर्व म.प्र. के राज्य और राजधानियां निम्नवत थीं -
1. भोपाल - भोपाल
2. मध्यभारत - इंदौर, ग्वालियर
3. विंध्य - रीवा
4. मध्यप्रदेश (पुराना) - नागपुर
→ भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. शंकरदयाल शर्मा
→ विंध्य मुख्यमंत्री पं. शंभुनाथ शुक्ल
→ 1948 से 1956 के दौरान मध्यभारत में लीलाधर जोशी, गोपीकृष्ण विजयवर्गीय, तख्तमल जैन और मिश्रीलाल गंगवाल मुख्यमंत्री बने।
नोट - मध्यभारत में 22 रियासतों का विलीनीकरण किया गया था।

प्र. (15) 1956 में गठित म.प्र. में कितनी रियासतों का विलीनीकरण किया गया।
(A) 22 (B) 61
(C) 212 (D) 565
उत्तर - (B)
व्याख्या - 15 अगस्त 1947 को CP & Barar तथा 61 देशी रियासतें म.प्र. में थीं। राज्य में सर्वाधिक 09 देशी रियासतों को विलीन करने वाला जिला सतना है। भारत संघ में विलय के बाद तीन प्रकार के राज्य बने जिन्हें A, B व C श्रेणी में रखा गया। म.प्र. में श्रेणीकरण निम्नानुसार था -
1. मध्यप्रांत - पार्ट A (नागपुर)
2. मध्यभारत - पार्ट B
3. विंध्य एवं भोपाल - पार्ट C

प्र. (16) 1956 में गठित म.प्र. मंत्रिमंडल में प्रथम महिला कैबिनेट मंत्री थीं -
(A) पद्मावती देवी
(B) कमलापती
(C) राजमाता सिंधिया
(D) सुमित्रा महाजन
उत्तर - (A)
व्याख्या - 1956 में गठित रविशंकर शुक्ल मंत्रिमंडल में रानी पद्मावती देवी (राजनांदगांव छत्तीसगढ़) को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। (Minister of Public Health 1956-62)
→ म.प्र. की प्रथम विधानसभा में सदस्य संख्या 339 थी।
→ 1956 से 1966 तक म.प्र. विधानसभा मिण्टो हॉल में थी। 3 अगस्त 1996 को नवीन विधानसभा भवन बना जिसका नाम 'इंदिरा गांधी विधानसभा भवन' है।

प्र. (17) 1956 में म.प्र. में विरोधी दल के नेता थे -
(A) विष्णु विनायक सर्वटे
(B) कुंजीलाल दुबे
(C) विश्वनाथ तामस्कर
(D) तख्तमल जैन
उत्तर - (C)
व्याख्या - मध्यप्रदेश विधानसभा का प्रथम सत्र 17 दिसंबर 1956 से 17 जनवरी 1957 तक चला। प्रथम विधानसभा अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे थे। विरोधी दल के नेता श्री विश्वनाथ तामस्कर थे।

प्र. (18) राज्य पुनर्गठन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में म.प्र. की राजधानी किसे बनाने का सुझाव दिया -
(A) ग्वालियर (B) इंदौर
(C) भोपाल (D) जबलपुर
उत्तर - (D)
व्याख्या - 30 सितम्बर 1955 को राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष फज़ल अली ने भारत सरकार को रिपोर्ट सौंपी जिसमें जबलपुर को राजधानी बनाने का सुझाव दिया।

प्र. (19) पं. कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ कहां है -
(A) इंदौर (B) ग्वालियर
(C) भोपाल (D) उज्जैन
उत्तर - (C)
व्याख्या - मध्यप्रदेश में 1986 में संसदीय कार्यविभाग की स्थापना की गई, इसके तहत ही भोपाल में पं. कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ कार्यरत है, जो प्रशिक्षण प्रकाशन, प्रचार-प्रसार कार्यों से संबंधित हैं।

प्र. (20) विधानसभा सत्र का सत्रावसान संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है -
(A) 161 (B) 155
(C) 174 (D) 173
उत्तर - (C)
व्याख्या - अनुच्छेद 152 से 237 तक राज्यों से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख है।
→ अनुच्छेद 174 में विधानमंडल के सत्र, सत्रावसान एवं विघटन संबंधी प्रावधान वर्णित हैं।
नोट - आपात स्थिति (356(1)) में राज्यपाल की शक्तियां राष्ट्रपति के हाथों में पहुंच जाती हैं।

प्र. (21) मध्यप्रदेश में प्रति हजार पर जन्म दर कितनी है।
(A) 20 (B) 24.6
(C) 6.7 (D) 48
उत्तर - (D)
व्याख्या - मध्यप्रदेश में जीवनांक एवं स्वास्थ्य सेवाओं के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जन्मदर प्रति हजार 24.6, मृत्यु दर प्रति हजार 6.7 तथा शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 48 है।

प्र. (22) मध्यप्रदेश में नगरीय साक्षरता (2011) का प्रतिशत है -
(A) 82.8% (B) 63.9%
(C) 69.3% (D) 78.7%
उत्तर - (A)
व्याख्या - प्रदेश में कुल साक्षरता - 69.3%
पुरुष साक्षरता - 78.7%
स्त्री साक्षरता - 59.2%
ग्रामीण साक्षरता - 63.9%
नगरीय साक्षरता - 82.8%

प्र. (23) प्रदेश में प्रति व्यक्ति कुल बोया गया क्षेत्रफल है -
(A) 0.16 हेक्टेयर
(B) 0.32 हेक्टेयर
(C) 87.46 हेक्टेयर
(D) 1.6 हेक्टेयर
उत्तर - (B)
व्याख्या - मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति कुल बोया क्षेत्रफल 0.32 हेक्टेयर है।
→ प्रति व्यक्ति खाद्यान्न उत्पादन 683 किलोग्राम है।
→ प्रति हेक्टेयर उर्वरक उपयोग 87.46 Kg है।
→ प्रदेश में कृषक जोतों का औसत आकार 1.6 हेक्टेयर है।

प्र. (24) जनगणना 2011 अनुसार प्रदेश में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत है -
(A) 31.1% (B) 27.6%
(C) 15.6% (D) 34.7%
उत्तर - (B)
व्याख्या - प्रदेश की कुल जनसंख्या - 72626809
ग्रामीण जनसंख्या - 52557404
नगरीय जनसंख्या - 20069405
→ नगरीय जनसंख्या 27.6% है जो अखिल भारत स्तर पर 31.1% है।
→ सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला जिला इंदौर है जबकि सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या प्रतिशत वाला जिला भोपाल (80.9%) है।
→ न्यूनतम नगरीय प्रतिशत वाला जिला डिण्डोरी है। (4.6% नगरीय आबादी)
→ सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या जिला रीवा है।
→ सर्वाधिक ग्रामीण प्रतिशत जिला डिण्डोरी है।

प्र. (25) मध्यप्रदेश की कुल आबादी में अजजा की आबादी है -
(A) 8.6% (B) 15.6%
(C) 16.6% (D) 21.1%
उत्तर - (D)
व्याख्या - 2011 की जनगणना में प्रदेश में अनु. जनजाति की आबादी 1.53 करोड़ है जो कुल आबादी का 21.1% है।
→ सर्वाधिक अजजा आबादी जिला - धार
→ सर्वाधिक अजजा प्रतिशत जिला - अलीराजपुर (89%)
→ न्यूनतम अजजा प्रतिशत जिला भिण्ड (0.4%)
→ अनुसूचित जाति की आबादी 1.13 करोड़ है जो मध्यप्रदेश की कुल आबादी का 15.6 प्रतिशत है।

- जितेन्द्र सिंह भदौरिया
(लेखक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी लेखन करते हैं।)

हाशिमोतो बनीं टोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति की अध्यक्ष

टोक्यो, जापान की पूर्व खिलाड़ी सीको हाशिमोतो टोक्यो ओलिंपिक-2020 आयोजन समिति की अध्यक्ष बन गयी हैं। आयोजन समिति की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में हाशिमोतो को अध्यक्ष चुना गया। वे पूर्व अध्यक्ष योशिरो मोरी की जगह लेंगी, जिन्हें महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी को लेकर इस्तीफा देना पड़ा था। हाशिमोतो के नाम विंटर और समर ओलिंपिक में सबसे ज्यादा बार हिस्सा लेने का रिकॉर्ड है। हाशिमोतो स्केटिंग की खिलाड़ी हैं और वर्ष 1988, 1992 और 1996 के समर ओलिंपिक तथा वर्ष 1984, 1988, 1992 और 1994 के विंटर ओलिंपिक में हिस्सा ले चुकी हैं।

मिकाइला शिफरिन ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

रोम, अमेरिका की अल्पाइन स्कीइंग खिलाड़ी मिकाइला शिफरिन ने विश्व स्कीइंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अल्पाइन कंबाइंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। शिफरिन ने इस स्पर्धा में 2 मिनट 07.22 सेकेंड के साथ पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा शिफरिन ने जाइंट स्लालोम स्पर्धा में रजत पदक तथा सुपर जी और स्लालोम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते हैं। यह विश्व चैम्पियनशिप में मिकाइला शिफरिन का छठवां स्वर्ण पदक है। वे विश्व चैम्पियनशिप में सबसे ज्यादा 11 पदक जीतने वाली पहली अमेरिकी खिलाड़ी हैं।

रेडबुल ने नए सत्र के लिए प्रदर्शित की नई कार

लंदन, फॉर्मूला वन की दिग्गज टीम रेडबुल ने वर्ष 2021 के सत्र के लिए नई कार प्रदर्शित की है। रेडबुल ने इस कार को आरबी 16 बी नाम दिया है। रेडबुल की टीम पिछली फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी। रेडबुल के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन ड्राइवर चैम्पियनशिप में तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्स्टापेन ने 2020 सत्र की आखिरी रेस (आबुधाबी ग्रां प्री) जीती थी।

रेडबुल के लिए सबेस्टियन बेटल ने वर्ष 2010, 2011, 2012 और 2013 में लगातार फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती हैं। मैक्सिको के कार रेसर सर्जियो पेरेज वर्ष 2021 सत्र में वर्स्टापेन के साथ रेडबुल के लिए रेसिंग करेंगे।

फाफ डुप्लेसिस ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

जोहांसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी फाफ डुप्लेसिस ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। डुप्लेसिस ने सोशल मीडिया के जरिए संन्यास की घोषणा करते हुए कहा वक्त आ गया है कि मैं जीवन में नए अध्याय की शुरुआत करूं। डुप्लेसिस ने कहा कि देश के लिए तीनों फॉर्मेट खेलना गर्व की बात है, लेकिन अब मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का समय आ गया है। डुप्लेसिस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 69 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्होंने 10 शतक सहित 4 हजार 163 रन बनाए हैं। डुप्लेसिस ने 143 वन-डे और 50 ट्वेंटी-ट्वेंटी मैच भी खेले हैं। डुप्लेसिस तीनों फॉर्मेट में कुल 112 मैचों में दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान रहे हैं, इनमें 36 टेस्ट मैच भी शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

जोकोविच ने नौवीं बार जीता खिताब

मेलबर्न, सर्विया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में जोकोविच ने रूस के युवा खिलाड़ी डेनिल मेदवेदव को सीधे सेटों में 7-5, 6-2 और 6-2 से हराया। जोकोविच का यह नौवां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब है।

चुनौती नहीं दे पाए मेदवेदेव

फाइनल मुकाबले में जोकोविच को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन मेदवेदेव से भी कड़े मुकाबले की उम्मीद थी। इस मैच से पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच सात मैच खेले गए थे, जिसमें चार मैच जोकोविच ने जीते थे। लेकिन इस बार जोकोविच ने बढ़त मजबूत कर ली है। फाइनल मुकाबले के पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। जोकोविच ने काफी मशक्कत के बाद पहला सेट टाइब्रेकर में 7-5 से जीता। पहले सेट के बाद लय प्राप्त कर चुके जोकोविच ने दूसरे और तीसरे सेट में मेदवेदेव को टिकने नहीं दिया। जोकोविच ने इन दोनों सेटों को 6-2, 6-2 से जीतकर खिताब पर अपनी मुहर लगा दी।

महिला एकल वर्ग में ओसाका बनीं चैम्पियन

ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जापान की टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने जीता। ओसाका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की जेनिफर ब्रेडी को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल खेल रहीं जेनिफर ने ओसाका के खिलाफ अच्छा खेल दिखाया। पहले सेट में जेनिफर को हराने के लिए ओसाका को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि दूसरे सेट में ओसाका को ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। इससे पहले ओसाका ने सेमीफाइनल में अमेरिकी दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को हराया था। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब इवान डोडिग और फिलिप पोलासेक की जोड़ी ने जीता, वहीं महिला युगल वर्ग का खिताब एलिस मर्टेंस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने अपने नाम किया। टूर्नामेंट में राजीव राम और बारबोरा क्रेजचिकोवा की जोड़ी ने मैथ्यू एडन और समंथा स्टुसुर की जोड़ी को हराकर मिश्रित युगल वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

- **नोवाक जोकोविच अब तक 18 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम कर चुके हैं।**
- **जोकोविच ने 9 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन, 5 बार विम्बलडन, 3 बार यूएस ओपन तथा एक बार फ्रेंच ओपन जीता है।**
- **जोकोविच के नाम ओपन एरा में सबसे ज्यादा बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने का रिकॉर्ड है।**
- **पुरुष एकल वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में जोकोविच तीसरे स्थान पर हैं। जोकोविच से आगे रोज़र फेडरर (20) और राफेल नडाल (20) हैं।**
- **नाओमी ओसाका ने अब तक 4 ग्रैंड स्लैम फाइनल खेले हैं और सभी में जीत दर्ज की है।**
- **ओसाका ने दो बार यूएस ओपन (2018 और 2020) तथा दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन (वर्ष 2019 और 2021) जीता है।**

आईपीएल की तर्ज पर शुरू होगी चेस लीग

नई दिल्ली, भारत में आईपीएल की तर्ज पर एक वैश्विक चेस लीग आयोजित की जायेगी। इस लीग का पहला संस्करण इसी वर्ष आयोजित किए जाने की संभावना है। भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को इस लीग का सलाहकार और मेंटर बनाया गया है। आनंद ने बताया कि ग्लोबल चेस लीग का आयोजन डिज़िटल फॉर्मेट में होगा। इस लीग में प्रत्येक टीम में पुरुष, महिला और जूनियर खिलाड़ी शामिल होंगे। आनंद ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद विश्व में बदली हुई परिस्थितियों में इस लीग का आइडिया सामने आया है। उल्लेखनीय है कि विश्वनाथन आनंद पांच बार शतरंज के विश्व चैंपियन रह चुके हैं।

विजेंदर सिंह मार्च में करेंगे रिंग में वापसी

मुंबई, भारत के पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह अगले महीने रिंग में वापसी करेंगे। विजेंदर सिंह के प्रमोटर्स आईओएस बॉक्सिंग प्रमोशन ने एक बयान में कहा कि कोरोना महामारी के कारण विजेंदर एक साल के बाद रिंग में वापसी करेंगे। उनकी अगली फाइट भारत में होगी। हालांकि अभी उनके प्रतिद्वंद्वी, स्थान तथा तिथि की घोषणा नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि विजेंदर सिंह ने अब तक 12 प्रोफेशनल फाइट लड़ी हैं और सभी में जीत दर्ज की है। यह विजेंदर सिंह की भारत में पांचवीं फाइट होगी। विजेंदर सिंह के पास अभी डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल और डब्ल्यूबीओ एशिया पैसिफिक सुपर मिडिलवेट खिताब हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित

मुंबई, इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। इस वर्ष के अंत में आयोजित होने वाले ट्वेंटी-20 विश्वकप को देखते हुए टीम में युवाओं को तरजीह दी गई है।

टीम में चार नए चेहरे शामिल

भारतीय टीम में चार नए चेहरे शामिल किए गए हैं। इनमें इशान किशन, सूर्य कुमार यादव, राहुल तेवतिया और वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं। टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर रहे अक्षर पटेल ट्वेंटी-20 टीम में भी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ट्वेंटी-20 सीरीज से आराम दिया है। बुमराह के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव को भी आराम दिया गया है। वहीं कुणाल पंड्या तथा राहुल चाहर टीम में जगह नहीं बना पाए हैं।

भारतीय टीम

विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उपकप्तान), के.एल. राहुल, शिखर धवन, श्रेयस अय्यर, सूर्य कुमार यादव, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, इशान किशन, युजवेंद्र चहल, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, टी. नटराजन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, नवदीप सैनी और शार्दुल ठाकुर।

लुईस हैमिल्टन लॉरियस अवॉर्ड्स के लिए हुए नामांकित

बर्लिन, खेल जगत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक लॉरियर्स स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स के स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर कैटेगरी के लिए दिग्गज फॉर्मूला-वन रेसर लुईस हैमिल्टन सहित 6 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। इस अवॉर्ड के लिए हैमिल्टन को राफेल नडाल, रॉबर्ट लेवानडोवस्की, जोशुआ चेपतेगेई, अर्माड डुप्लेंटिस और लेब्रॉन जेम्स जैसे खिलाड़ियों से चुनौती मिलेगी। लॉरियर्स वूमेन प्लेयर ऑफ द ईयर कैटेगरी के लिए नाओमी ओसाका, वेंडी रेनार्ड, ब्रेना स्टीवर्ट, ऐना वेनडर ब्रेगन, फ्रेड्रिका ब्रिग्नन और ब्रिगिड कोसगेई को नामांकित किया गया है।

लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख, लिवरपुल, एनवीए चैम्पियन लॉस एंजिलिस लेकर्स, फॉर्मूला-वन चैम्पियन मर्सिडीज, अर्जेंटीना की पुरुष रग्बी टीम तथा अमेरिकी फुटबॉल क्लब कैन्सास सिटी चीफ्स को नामांकित किया गया है।

लॉरियस वर्ल्ड ब्रेक थ्रू ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए स्लोवेनिया के साइक्लिस्ट ताडेज पोगाकार, स्पेन के फुटबॉलर एन्सु फैटी, जुआन मीर और पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वितेक को नामांकित किया गया है। यह अवॉर्ड विश्व के युवा खिलाड़ियों को दिया जाता है।

भारत ने दस विकेट से जीता तीसरा टेस्ट

अहमदाबाद, भारत ने स्पिनरों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर अहमदाबाद में खेले गये तीसरे टेस्ट मैच को 10 विकेट से अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही भारत ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है।

मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन इशांत शर्मा ने तीसरे ओवर में डोम सिब्ले को शून्य पर आउट कर इस निर्णय को गलत साबित किया। इसके बाद गेंदबाजी का मोर्चा अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन जोड़ी ने संभाला। इन दोनों ने अंग्रेज बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया और महज 112 रनों पर इंग्लिश टीम को समेट दिया। अक्षर ने 6 तथा अश्विन ने 3 विकेट लिए। पहली पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने संभलकर शुरुआत की। रोहित शर्मा (66) और विराट कोहली (27) ने तीसरे विकेट के लिए, 64 रन जोड़े। विराट के आउट होते ही भारतीय टीम की पारी बिखर गई। भारतीय टीम 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए जो रूट ने 5 तथा जैक लीच ने 4 विकेट लिए।

- **भारत ने दूसरी बार कोई टेस्ट मैच दो दिन में जीता है। इससे पहले भारत ने अफगानिस्तान को दो दिन के अंदर हराया था।**
- **अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।**
- **अश्विन से पहले कपिल देव, अनिल कुंबले और हरभजन सिंह 400 विकेट ले चुके हैं।**
- **इशांत शर्मा 100 टेस्ट मैच खेलने वाले ग्यारहवें भारतीय खिलाड़ी तथा कपिल देव के बाद दूसरे भारतीय तेज गेंदबाज हैं।**

पहली पारी में 33 रन से पिछड़ने के बावजूद इंग्लिश बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में मैदान में टिकने का जज्बा नहीं दिखाया। अक्षर ने पहले ओवर में इंग्लैंड को दो झटके देकर मुश्किल खड़ी कर दी। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 81 रन ही बना सकी। अक्षर ने 5 तथा अश्विन ने 4 विकेट लिए। भारत को दूसरी पारी में जीत के लिए 49 रनों का लक्ष्य मिला। रोहित शर्मा (25) और शुभमन गिल (15) की जोड़ी ने 7.4 ओवरों में बिना विकेट गंवाए भारत को जीत दिलाई।

वास ने गेंदबाजी कोच पद से दिया इस्तीफा

कोलंबो, हाल ही में श्रीलंका की क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच नियुक्त किए गए पूर्व क्रिकेटर चामिंडा वास ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने वास के इस्तीफा को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह निराशाजनक है कि विश्वभर में जिस तरह का आर्थिक माहौल है, उसे देखते हुए वास ने निजी फायदे के लिए टीम का साथ छोड़ा है। वास को वेस्टइंडीज दौरे पर तीन ट्वेंटी-20, तीन वन-डे तथा दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए रवाना होना था, लेकिन वास ने टीम की रवानगी से एक दिन पहले इस्तीफा दिया है। इसके साथ ही वास ने श्रीलंका के हाई परफॉरमेंस सेंटर के कोच पद से भी इस्तीफा दिया है। उल्लेखनीय है कि चामिंडा वास विश्व के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार किए जाते हैं। उन्होंने श्रीलंका के लिए 111 टेस्ट मैचों में 355 विकेट, 322 वन-डे मैचों में 400 तथा 6 ट्वेंटी-20 मैचों में 6 विकेट लिए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

अर्थशास्त्री लिगिया यूएनईपी के लिए नामित

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटरेस ने भारतीय अर्थशास्त्री लिगिया नोरोन्हा को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के न्यूयार्क कार्यालय में सहायक महासचिव एवं प्रमुख नियुक्त किया है। नोरोन्हा अपने भारतीय सहयोगी और अर्थशास्त्री सत्या त्रिपाठी की जगह लेंगी। नोरोन्हा एक अर्थशास्त्री हैं और उन्हें धारणीय विकास के क्षेत्र में 30 साल का अंतर्राष्ट्रीय अनुभव है।

आईआईटी खड़गपुर का 66वां दीक्षांत समारोह

प्रधानमंत्री ने सेल्फ अवेयरनेस, सेल्फ कॉन्फिडेंस और सेल्फलेसनेस का दिया मंत्र

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आई.आई.टी खड़गपुर के 66वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से स्टार्टअप स्थापित करने तथा देश में करोड़ों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने वाले नवाचारों की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने आज जो डिग्री प्राप्त की है वह लाखों लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जिसे उन्हें पूरा करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं का अनुमान लगाते हुए और कल के लिए नवाचार प्रारंभ करने की

वात सोचते हुए काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक इंजीनियर में चीजों को विस्तार से देखने की क्षमता होती है और यह समझदारी नई खोज और भविष्य की खोज का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से लाखों लोगों की जिंदगी सुधारने और बचाने तथा देश के संसाधन को बचाने के समाधान तलाश करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों से सेल्फ 3 (सेल्फ अवेयरनेस यानी स्व-जागरूकता, सेल्फ कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास और सेल्फलेसनेस यानी निःस्वार्थ) मंत्र अपनाने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी क्षमता को पहचानने, विश्वास तथा निःस्वार्थ भाव के साथ बढ़ने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में जल्दबाजी के लिए कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आईआईटी को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से आगे बढ़कर स्वदेशी टेक्नोलॉजी संस्थान बनने की जरूरत है ताकि न्यू इंडिया की बदलती मांगें और आकांक्षाएं पूरी की जा सकें। श्री मोदी ने कहा कि जब विश्व जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समना कर रहा है तो भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सौर एलायंस (आईएसए) का विचार दिया है। आज भारत उन देशों में है जहां प्रति यूनिट सौर विद्युत की कीमत काफी कम है। लेकिन अभी घर-घर सौर विद्युत पहुंचाने में अनेक चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसी टेक्नोलॉजी की जरूरत है जो पर्यावरण क्षति को कम करे, टिकाऊ हो तथा यूजर अनुकूल हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन एक ऐसा विषय है जिसके बारे में विश्व ने प्रमुख आपदाओं के दौरान भारत की ओर देखा है। उन्होंने कहा कि बड़ी आपदाओं को ध्यान में रखते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कॉलिसन फॉर डिजास्टर रिसिलियंट इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने की पहल की। प्रधानमंत्री ने उद्योग 4.0 के लिए महत्वपूर्ण नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एआई से संबंधित अकादमिक अनुसंधान को औद्योगिक स्तर में बदलने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा आधुनिक निर्माण टेक्नोलॉजी में आईआईटी खड़गपुर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना से लड़ाई में आईआईटी खड़गपुर के सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन उपयोगी रहे। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में संस्थान से भविष्य के सॉल्यूशन पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्सनल हेल्थकेयर उपकरण का बड़ा बाजार उभरा है। स्वास्थ्य तथा फिटनेस से संबंधित उपकरणों का बाजार भी बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि किफायती और सटीक पर्सनल हेल्थकेयर उपकरण भारत में उपलब्ध कराने के लिए टेक्नोलॉजी विकसित करनी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में बड़ी वैश्विक भूमिका में आ गया है।

नासा का

परसिवरेंस रोवर मंगल पर पहुंचा

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का परसिवरेंस रोवर मंगल पर सफलतापूर्वक पहुंच गया है। रोवर ने ग्रह की सतह पर लैंडिंग की। यह मंगल के जेज़ेरो क्रेटर की जांच पड़ताल करेगा।

दस दिन में तीसरा मंगल मिशन कामयाब हुआ है। पहले यूएई फिर चीन और अब अमेरिका का रोवर मंगल पर उतर गया है। नासा के रोवर ने 30 जुलाई को उड़ान भरने से लेकर लैंडिंग तक 203 दिन में 47.2 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की है। परसिवरेंस रोवर और इंजीन्यूटी हेलीकॉप्टर मंगल पर जमीन के नीचे जीवन संकेतों के अलावा पानी की खोज और उनसे

- रोवर ने 203 दिन में लगभग 47.2 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की थी।

जुड़ी चीजों के बारे में जांच करेगा। इसका मार्स एनवायर्नमेंटल डायनामिक्स ऐनलाइजर मंगल के मौसम और जलवायु का अध्ययन भी करेगा। ये चट्टानों के नमूने लेकर साल 2031 में धरती पर लाया जाएगा। रोवर के साथ दुनियाभर से कई लोगों के नाम सिलिकॉन चिप्स पर लिख कर भेजे गए हैं।

क्वाड देश

भ्रामक सूचनाओं को रोकेंगे

भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्री स्तर की वार्ता में तय किया गया है कि भ्रामक सूचनाओं को रोकने के नए तरीके ईजाद किए जाएं।

- **हिंसा बढ़ाने वाली गतिविधियों पर अंकुश के लिए साझा तंत्र काम करेगा।**

इन देशों ने एकमत सहमति बनाते हुए माना कि साइबर अपराध तेजी से फैलने और पकड़ाई में न आने वाला संगठित अपराध है।

इन देशों ने माना कि बड़े पैमाने पर हिंसा फैलाने के लिए भ्रामक सूचनाएं जिम्मेदार हैं और ये लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। इन देशों ने साइबर माध्यम का दुरुपयोग आतंकी

गुटों द्वारा किए जाने पर चिंता जताई। इस दौरान यह भी तय हुआ कि भ्रामक सूचनाओं का स्रोत पता करना और उसका विश्लेषण करके दोषियों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ने के लिए संबंधित देशों की एजेंसियां मिल कर कार्य करेंगी।

संसद में पेश हुआ अमेरिकी नागरिकता बिल

अमेरिका में नागरिकता बिल को संसद में पेश कर दिया गया है। माना जा

- **विधेयक में एच-1 बी वीजा धारकों के आश्रितों को देश में काम करने की अनुमति देने का भी प्रावधान किया गया है।**
- **1.1 करोड़ अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलना संभव होगा।**

रहा है कि नए नियम से भारतीयों खासकर आईटी पेशेवरों को लाभ मिल सकेगा। अमेरिकी नागरिकता विधेयक 2021 में पूर्ववर्ती ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को पलटने का प्रावधान है, जिसके तहत रोज़गार आधारित ग्रीन कार्ड जारी करने को हर देश के प्रवासियों की संख्या सीमित कर

दी गई थी। दोनों सदनों, प्रतिनिधि सभा और सीनेट की मंजूरी के बाद विधेयक जो बाइडेन के पास भेजा जाएगा। बाइडेन के दस्तखत से अमल में आने वाले आव्रजन कानून के तहत देश में बिना दस्तावेज के और वैध ढंग से रह रहे प्रवासियों को नागरिकता मिलने का रास्ता साफ होगा। सीनेटर बॉब मेनेडेज और प्रतिनिधि सभा की सदस्य लिंडा सांचेज ने कहा कि अमेरिकी नागरिकता कानून 2021 में आव्रजन सुधार का प्रावधान किया गया है।

अमेरिका ने दी

मैक्सिको में ठहरे शरणार्थियों को आने की अनुमति

अमेरिका में जो बाइडेन सरकार ने मैक्सिको में ठहरे शरणार्थियों के एक

- **ज्यादा संख्या में प्रवासियों के आने की संभावना के कारण अमेरिकी अधिकारियों ने लोगों को सीमा पर नहीं आने और उन्हें सबसे पहले शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायोग की वेबसाइट पर पंजीकृत करने को कहा है।**

जत्थे को अमेरिका आने की अनुमति प्रदान कर दी है। ज्ञात रहे कि 25 लोगों के जत्थे को अदालत में अपने लंबित मामलों की सुनवाई में हिस्सा लेने के लिए देश में आने की इजाजत दी गई है।

थाईलैंड

प्रधानमंत्री प्रयुत चान ने जीता विश्वास मत

थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान ओचा ने संसद में विश्वास मत जीत लिया है। प्रयुत को 272 सांसदों का मत प्राप्त

- **विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार अर्थव्यवस्था को सही तरीके से संभाल नहीं पाई।**
- **कोरोना टीकाकरण में गड़बड़ी, मानवाधिकारों के उल्लंघन और भ्रष्टाचार के मामले बढ़े।**

हुआ जबकि 206 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के समर्थ में मतदान किया और 3 सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रधानमंत्री के अलावा 9 अन्य मंत्री भी विश्वास मत जीतने में कामयाब रहे।

जुलाई 2019 में सत्ता में आने के बाद यह दूसरी बार है जब प्रयुत के नेतृत्व वाली



सरकार को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा।

बीते वर्ष फरवरी में प्रयुत और पाँच अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने निचले सदन में आसानी से विश्वास मत जीत लिया था।

नेपाल में

सुप्रीम कोर्ट ने बहाल की संसद

नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने संसद को बहाल करते हुए संसद को भंग करने के आदेश के खिलाफ निर्णय दिया है।

शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा को भंग करने के सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए

- **यह निर्णय कार्यवाहक प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।**

संसद को बहाल किया। साथ ही 13 दिन के भीतर संसद का सत्र आहूत करने का आदेश भी दिया।

ज्ञात रहे कि नेपाल में ओली सरकार की सिफारिश पर 20 दिसंबर को राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने संसद भंग कर 30 अप्रैल और 10 मई को दो चरणों में चुनाव कराने की घोषणा कर दी थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अपने पर भरोसा करने से असंभव भी संभव हो जाता है – नीतिवचन

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन

सुमन

suman.nhp.gov.in

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार | मध्यप्रदेश शासन

आदर सम्मान के साथ
मुफ्त उपचार
सुमन के साथ
मिलेंगी खुशियाँ अपार

- ऐम्बुलेंस सेवा - 108
- कम से कम 4 प्रसवपूर्ण जाँच सेवा यूएसजी सहित
- डिलीवरी नार्मल या ऑपरेशन (सी-सेक्शन) से
- माँ के लिए लैब टेस्ट, दवाएं (गर्भावस्था के दौरान और प्रसव के 6 महीने बाद तक) और शिशु के लिए (1 साल तक)
- आदर सम्मान के साथ देखभाल
- शिकायत निवारण सुविधा (टोल-फ्री नंबर 104)

सुरक्षित मातृत्व आश्वासन "सुमन" अभियान

के अंतर्गत निःशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाएं।

अगर कोई असुविधा हो, तो कॉल करें - **104**

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2021

M.P. Madhyam/100050/R-45259/2021

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।